धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
30.06.2023

* नगर संस्करण | पेज : 12 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, द्वादशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 10 | अंक : 344 | khabarmantra.net





## न्यूज डायरी

### अब बेंगलुरु में होगी विपक्षी दलों ने बैठक

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों की बैठक अब शिमला की बजाय बेंगलुरु में होगी। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि बैठक की जगह बदल दी गयी है। अब यह बेंगलुरु में 13 और 14 जुलाई को होगी।

### राज्यपाल ने दी ईद उल अजहा की मुबारकबाद

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने ईद-उल-अजहा के अवसर पर राज्य वासियों को दिली मुबारकबाद दी है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि त्याग और बलिदान का प्रतीक यह त्योहार सभी को मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करता है।

### मुख्यमंत्री ने दी ईद उल अजहा की मुबारकबाद

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईद-उल-अजहा के अवसर पर सभी को दिली मुबारकबाद दी है। उन्होंने कहा कि त्याग, समर्पण और बलिदान का यह त्योहार आप सभी के जीवन में समृद्धि लाये। सभी स्वस्थ-सुखी रहें, यही दुआ है।

### सीएम ने किया गुरु लाको बोदरा को नमन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को आदिवासी हो भाषा वारंग क्षिति लिपि के निमार्ता ओत् गुरु कोल लाको बोदरा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि झारखंड की समृद्ध जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा संवर्धित रहेगी, तो राज्य सतत विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा।

### झामुमो अध्यक्ष गुरुजी ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन ने गुरुवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। उन्होंने रेल मंत्री से आग्रह किया है कि झारखंड सरकार से परामर्श लेकर बांग्ला भाषा निवासी स्थानों को चिह्नित कर अविलंब जनजातीय भाषाओं के साथ बांग्ला भाषा का भी प्रयोग अनिवार्य किया जाये।

### गुमला : आपसी विवाद में पत्नी को मार डाला

**गुमला।** जिले में आपसी विवाद में पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच में जुटी है। चैनपुर के बजारटांड़ के समीप बुधवार की रात अमित टोप्पो ने पत्नी मंजुला टोप्पो की धारदार चापड़ से गर्दन पर वार कर हत्या कर दी।

### जूता दुकानदार की चाकू मारकर हत्या

**धनबाद।** पुटकी चौक के पास रहने वाले जूता दुकानदार संतोष शर्मा की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी है। उनका शव घर से कुछ दूरी पर स्थित उमेश साव की चाय दुकान के पास पड़ा हुआ मिला है।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 55,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 71,000 रु./प्रति किलो |

# भगवान जगन्नाथ लौटे अपने धाम

## घुरती रथ यात्रा में उमड़ी भीड़, रथ छूने के आतुर थे श्रद्धालु

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जगन्नाथपुर में मौसीबाड़ी से नौ दिनों के प्रवास के बाद भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ गुरुवार को भक्तों को आशीष लुटाते अपने धाम मुख्य मंदिर लौट गये। घुरती रथ यात्रा के नाम से चर्चित इस समारोह में हजारों की भीड़ उमड़ी। रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ के जयघोष से पूरा मेला परिसर गूंज उठा। हजारों की संख्या में जुटे श्रद्धालु रथ की रस्सी छूने को आतुर दिखे। रथ पर सवार होनों से पहले भगवान के विग्रहों का एक घंटा तक मंत्रोच्चारण व विधिवत पूजा अर्चना की गयी। घुरती रथ यात्रा के कारण गुरुवार को मेला में अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक भीड़ थी।



भगवान के अपने धाम पहुंचने के साथ ही नौ दिन तक चलनेवाला रथ मेला का समापन हो गया। मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ के रथ की रस्सी खींचने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। रांची में रथयात्रा की परंपरा 323 सालों से चली आ रही है।

# ईद-उल-अजहा की नमाज में अमन-चैन की दुआ

## हरमू को छोड़ सभी ईदगाहों में पढ़ी गयी नमाज, दी मुबारकवाद

**रांची।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर गुरुवार की सुबह रांची और आसपास क्षेत्रों के विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में बकरीद की नमाज अदा की गयी। लोगों ने इस दौरान अमन-चैन की खुदा से दुआ मांगी। लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। इस दौरान रांची पुलिस भी बेहद सतर्क थी। संवेदनशील स्थानों पर सुबह पांच बजे से ही पुलिस के जवान मुस्तैद थे। ड्रोन कैमरे से नजर रखी जा रही थी। तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश की वजह से थोड़ी खलल जरूर पड़ी। बारिश कारण हरमू रोड ईदगाह में कई वर्षों के बाद नमाज अदा नहीं की गयी। अंजुमन इस्लामिया ने भारी बारिश की वजह से यह फैसला



लिया। रांची के मेन रोड, डोरंडा, हिंदपीढ़ी, बरियातू, कांके, पिठोरिया, अरगोड़ा सहित तमाम मस्जिदों में हल्की बूंदाबांदी के बीच ईद उल अजहा की नमाज अदा की गयी। पूरे राज्य में काफी उत्साह देखने को मिला।

## हादसा या साजिश : जांच जारी, एक घंटे के भीतर दो बार अगलगी

# खादगढ़ा बस स्टैंड में छह बसें जलकर राख

- पहले पांच, फिर चार और बसों में लगी भीषण आग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी के कांटाटोली स्थित खादगढ़ा बस स्टैंड में गुरुवार की दोपहर बसों में लगी भीषण आग में छह बसें पूरी तरह जल कर खाक हो गयीं। तीन बसों को पूरी तरह जलने से बचा लिया गया, पर इन बसों को भी काफी क्षति पहुंची है।



एक घंटे के अंतराल में आग लगने की दो बार घटना हुई। पहले पांच बसों में आग लगी फिर लगभग एक घंटे की अंतराल के बाद चार और बसों में आग लगी। कुल नौ बसों में भीषण आग लगी। (शेष पेज 11 पर)

### हादसा या साजिश जांच के बाद ही पता चलेगा

स्थानीय थाना प्रभारी दायानंद कुमार ने कहा कि प्रथम दृष्टया लगता है कि बसों में आग स्वतः नहीं लगी है। किसी साजिश के तहत बसों में आग लगायी गयी है। पुलिस जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। जांच के बाद ही पता चल पायेगा कि आग स्वतः लगी है या लगायी गयी है।

## नीतीश कुमार, कांग्रेस पर जम कर बरसे केंद्रीय गृह मंत्री

# जरा तो शर्म करो पलटूबाबू... : अमित शाह

- जंगलराज नहीं चाहिए फिर मोदी ही बनेंगे पीएम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पटना।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को बिहार के सीएम नीतीश कुमार और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने नीतीश कुमार को पलटूराम बताते हुए मोदी सरकार के 9 साल के कार्यकाल में किये गये कामों को गिनाया। साथ ही कहा कि जिनके कारण आप सीएम बने, जिनके साथ इतने साल तक बैठे उनका कुछ तो लिहाज करो। बाबू आप सुनना चाहते हो तो मैं पूरा हिसाब देने आया हूं। श्री शाह ने लखीसराय में पार्टी की एक रैली को संबोधित करते हुए लालू यादव को भी लपेटे में लिया। जेडीयू अध्यक्ष ललन सिंह के 'घर' से अमित शाह ने कांग्रेस पर तंज करते हुए कहा कि एक पार्टी एक नेता को 20 साल से लॉन्च कर रही है, लेकिन उसे सफलता नहीं मिल रही है। अमित शाह ने कहा एक समय था जब आतंकी हमलों पर मनमोहन-सोनिया मौनी बाबा बन जाते थे। अब वो समय नहीं रहा। (शेष पेज 11 पर)

### ये सत्ता के लिए कुछ भी करेंगे, भरोसा न करें



अमित शाह ने कहा कि जो लोग सत्ता के लिए लालू यादव और कांग्रेस के साथ जा रहे हैं, उन्हीं के कारण गुंडाराज, बालू माफिया और सड़क माफिया सामने आते हैं। यही लोग बिहार में कानून व्यवस्था खराब कर रहे हैं। श्री शाह ने कहा- कुछ लोग सत्ता के लिए सारे सिद्धांतों को छोड़ दे रहे हैं। ऐसे लोगों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। आज लालू यादव और अरविंद केजरीवाल सत्ता के लिए साथ आने को तैयार हैं। नीतीश कुमार ने अपना सियासी करियर कांग्रेस के खिलाफ शुरू की थी। आज वे कांग्रेस के साथ हैं। लालू के भ्रष्टाचार और जंगलराज के खिलाफ लड़ने वाले नीतीश उन्हीं के साथ खड़े हैं।

# हूल दिवस पर आज भोगनाडीह में शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे सीएम

## 177 करोड़ की योजनाओं का करेंगे उदघाटन-शिलान्यास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन संताल हूल की 167वीं वर्षगांठ पर वीर शहीद सिदो-कान्हू की जन्मस्थली साहिबगंज जिले के बरहेट प्रखंड स्थित भोगनाडीह में आयोजित समारोह में हिस्सा लेने रांची से वनांचल एक्सप्रेस से साहिबगंज के लिए रवाना हो गये। उनके आगमन को लेकर भोगनाडीह में तैयारी जोरों पर है। मुख्यमंत्री हूल दिवस के अवसर पर शहीद के गांव भोगनाडीह जायेंगे और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। वहां वे कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जिला प्रशासन ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। साथ ही मुख्यमंत्री शुक्रवार को साहिबगंज में 177 करोड़ राशि के योजानओं का उदघाटन और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री के रांची स्टेशन पहुंचने पर रांची रेल मंडल के सीनियर डीसीएम निशांत कुमार एवं डीसीएम देवराज बनर्जी ने उनका स्वागत किया। भोगनाडीह से सीएम लोकसभा चुनाव की शंखनाद भी कर सकते हैं।



### वनांचल ट्रेन से सीएम हेमंत सोरेन रवाना

मुख्यमंत्री गुरुवार की शाम 7:20 बजे रांची रेलवे स्टेशन से रांची-भागलपुर वनांचल एक्सप्रेस से बरहरवा के लिये रवाना हुए। 30 जून की सुबह 5:50 बजे बरहरवा रेलवे स्टेशन पर उतरेंगे। वहां से पतना प्रखंड के धरमपुर स्थित आवास पर जायेंगे। फिर लगभग 12:10 बजे शहीद स्थल पंचकठिया पहुंचेंगे, जहां सिदो-कान्हू की पूजा-अर्चना करने के बाद 12:55 बजे भोगनाडीह जायेंगे। भोगनाडीह में शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे और शहीद के वंशजों से मुलाकात करने के बाद विभिन्न सरकारी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद शाम करीब चार बजे तक पतना धरमपुर आवास पहुंच जायेंगे।

### चाईबासा में दो अइइइडी व 17 स्पाईक होल बरामद

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम के टोंटो थाना के तुमाहाका से पटातारोला जाने वाले जंगल के रास्ते के समीप से दो आइइडी और 17 पीस स्पाईक होल बरामद किया है। बरामद आईईडी में एक पांच किलो और एक तीन किलो का बताया गया है। एसपी आशुतोष शेखर ने गुरुवार को बताया कि नक्सलियों ने सुरक्षाबलो को निशाना बनाने के लिए आइइडी और स्पाईक होल लगाया था। सुरक्षाबलों के सर्तकता से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसमें नक्सलियों के खिलाफ सफलताएं मिल रही है।

### वारंट तो दूर समन तक नहीं मिला : सरयू राय

**रांची।** विधायक सरयू राय ने कहा कि व्हाट्सएप ग्रुप पर यह अफवाह उड़ायी जा रही है कि एमपी-एमएलए कोर्ट चाईबासा ने मेरे विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। उन्होंने कहा कि इस बारे में मैंने बिष्टुपुर थाना प्रभारी को फोन किया तो उन्होंने ाताया कि गिरफ्तारी वारंट तो दूर थाना में अभी तक कोर्ट से इसबारे में कोई समन तक नहीं आया है। सरयू राय गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सरयू ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने 6 मई, 2022 को कोरोना प्रोत्साहन राशि के वितरण में अनियमितता सांधी मेरे वक्तव्य पर एमपी-एमएलए कोर्ट चाईासा में मानहानि का मुकदमा दायर किया था।

# शहरी क्षेत्रों में एक अगस्त से 10 फीसदी तक महंगी हो जायेगी जमीन

- सभी डीसी को तैयारी का निर्देश, रजिस्ट्री कराने उमड़ने लगी है भीड़

**सुधीर**

**रांची।** राज्य के शहरी क्षेत्रों में एक अगस्त से जमीन और मकान की कीमत में इजाफा होगा। बताया जा रहा है कि इस बार जमीन और मकान की कीमत में 10 फीसदी तक बढ़ोत्तरी हो सकती है। इसके लिए निबंधन विभाग ने राज्य के सभी जिलों के डीसी (जिला निबंधक) को तैयारी करने को कहा है। इसी के आलोक में राज्य के सभी जिला अवर निबंधन कार्यालयों में जमीन और फ्लैट की कीमत में बढ़ोत्तरी की तैयारी शुरू कर दी गयी है।

बताते चलें कि निबंधन नियमावली के अनुसार राज्य के शहरी क्षेत्रों में हरेक दो साल पर और ग्रामीण क्षेत्रों में भी हरेक दो साल पर जमीन और मकान की कीमत में वृद्धि की जाती है। इस साल शहरी क्षेत्र की बारी बारी है। (शेष पेज 11 पर)

### चडरी (रांची) और बैंक मोड़ (धनबाद) में सबसे महंगी



रांची में चडरी मौजा, धनबाद का बैंक मोड़ और खूंटी का खूंटी और तोरपा की जमीन सबसे महंगी होगी। यहां की जमीन और मकान की कीमत वर्तमान कीमत से 10 फीसदी महंगी हो जायेगी। इसी तरह जमशेदपुर, बोकारो, पलामू, गढ़वा, दुमका और देवघर समेत राज्य के अन्य शहरों में भी जमीन और फ्लैट की कीमत एक अगस्त से 10 फीसदी तक महंगी हो जायेगी। यही कारण है कि जून के आखिरी हफ्ते से ही राज्य के निबंधन कार्यालयों पर दवाब बढ़ने लगा है। प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने को निबंधन कार्यालयों में भीड़ लगने लगी है।

> एक अगस्त से शहरी क्षेत्र में जमीन व मकान की सरकारी कीमत बढ़ेगी। मूल्यांकन कार्य चल रहा है। हर दो साल पर जमीन व मकान का मूल्यांकन किया जाता है। पिछले साल ग्रामीण क्षेत्र की जमीन व मकान की कीमत बढ़ी थी। इस बार सिर्फ शहरी क्षेत्र में जमीन व मकान की कीमत बढ़ेगी। **-बाल्मिकी साहू, जिला अवर निबंधक, खूंटी।**




# झारखंड के रेलवे पट्टिकाओं पर जनजातीय और बांग्ला भाषा का भी उपयोग करे रेल मंत्रालय : शिबू सोरेन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झामुमो सुप्रीमो सह राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन ने गुरुवार को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर झारखंड में बांग्ला भाषा निवासी स्थानों को चि?त करने का आग्रह किया है। रेलमंत्री को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि मंत्रालय झारखण्ड सरकार से परामर्श कर बांग्ला भाषा निवासी स्थानों को चिन्हित करने का काम करें। वहीं झारखंड के बांग्ला बहुल क्षेत्रों में रेलवे स्टेशनों के नामों में जनजातीय भाषाओं के साथ-साथ बांग्ला भाषा का भी प्रयोग अनिवार्य रूप से करने का अनुरोध किया है। उन्होंने



अपने पत्र में आग्रह करते हुए लिखा है कि झारखण्ड के संथाल परगना, मानभूम, सिंहभूम, घालभूम एवं पंचपरगना क्षेत्रों में बंग्लाभाषी लोगों की एक विशाल आबादी है। बांग्ला भाषा राज्य के एक बड़े हिस्से में बोल-चाल की सामान्य भाषा है।

## पुराने रेलवे स्टेशनों के नामों में उल्लेखित था बांग्ला

शिबू सोरेन के अनुसार राज्य के पाकुड़, बड़हवा, जामताड़ा, मिहिजाम, मधुपुर, जसीडीह, मैथन, कुमारधुबी, चिरकुण्डा, कालुबधान धनबाद, गोमो पारसनाथ, हजारीबाग रोड, मूरी रांची, हटिया, चाकुलिया गालूडीह, राखा माईन्स, टाटानगर, चाण्डील, कान्द्रा, चक्रधरपुर चाईबासा, बरकाकाना, रांची रोड, जैसे कई पुराने रेलवे स्टेशनों के नाम पट्टिकाओं में बांग्ला भाषा उल्लेखित रहा है लेकिन विगत कई वर्षों से यह देखा जा रहा है कि इस क्षेत्र से बांग्ला भाषा में लिखे नाम को मिटा दिया गया, जो अत्यन्त अव्यवहारिक एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने पत्र के माध्यम से कहा है कि इस इलाके के बांग्लाभाषी लोगों की नागरिकता मूलरूप से स्थायी हैं और वे झारखण्ड के मूलवासी हैं। ऐसे में मूलवासियों की जनभावना के अनुरूप उस क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों के पट्टिकाओं पर उनकी भाषा में भी नाम लिखा होना चाहिए।

**1912 तक बंगाल प्रेसीडेंसी का रहा है हिस्सा**

रेलमंत्री को लिखे पत्र में सांसद शिबू सोरेन ने कहा है कि झारखण्ड का भू-भाग 1912 ई. तक बंगाल प्रेसिडेन्सीका हिस्सा रहा था। इसके बाद यह भू-भाग बिहार का हिस्सा बना। 1908 ई. से ही भारतीय रेल अस्तित्व में आया। भारत के भू-खण्ड में रेलवे लाईन बिछनी शुरू हुई एवं सुगम परिचालन के लिए स्टेशन तथा हॉल्टों का स्थापना शुरू हो गया। दक्षिण बिहार का वर्तमान भू-खण्ड झारखण्ड के सभी रेल स्टेशन एवं हॉल्टों में नाम पट्टिकाओं में अंग्रेजी, हिन्दी, बांग्ला एवं कई विशेष स्थानों पर उड़िया शब्दों में स्थान का नाम अंकित होता था। संविधान में लोकभाषाओं की महत्ता को स्वीकार करते हुए तथा आठवीं अनुसूची में संथाल भाषा के मान्यता के प?ात संथाली भाषा में भी नामाकरण किया जाने लगा था।

# राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अपूर्ण, कैसे होगी ट्रिपल टेस्ट : भाजपा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ट्रिपल टेस्ट को लेकर हेमंत सरकार की मंशा साफ नही

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने ट्रिपल टेस्ट को लेकर राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अभी तक पूर्ण गठन नही हुआ। आयोग अध्यक्ष विहीन है और दूसरी ओर राज्य सरकार कैबिनेट की बैठक में पिछड़ा वर्ग आयोग से ट्रिपल टेस्ट कराने का निर्णय लेती है। उन्होंने कहा कि यह सरकार पहले नामांकन फिर बाद में स्कूल खोलने पर विचार करती है। उन्होंने कहा कि ट्रिपल टेस्ट को लेकर राज्य सरकार की मंशा साफ नही है। हेमंत सरकार की नीति और नियत में ही खोट है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा साफ रहती तो पंचायत चुनाव में पिछड़ों के हक को सरकार नही मारती। पंचायतों में भी पिछड़े समाज को उचित प्रतिनिधित्व मिलता। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब नगर निकाय चुनाव में भी राज्य सरकार पिछड़ा समाज को धोखा देने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि आखिर यह सरकार अध्यक्ष विहीन पिछड़ा वर्ग आयोग से कैसा ट्रिपल टेस्ट कराना चाहती है?

उन्होंने कहा कि आयोग की भी अपनी प्रक्रिया होती है। आयोग ट्रिपल टेस्ट का निर्णय तभी कर पायेगा जब वह पूरी तरह फंक्शन में आयेगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार को नगर निकाय चुनाव में हार का भय सता रहा है। दलीय आधार पर चुनाव नही होने के बावजूद जिस प्रकार से पंचायत चुनाव में ग्रामीण जनता ने भाजपा के कार्यकताओं को बढ़चढकर जीताया। नगर निकाय चुनाव में भी इसी को दोहराया जायेगा। राज्य की जनता भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण में डूबी विकास विरोधी गठबंधन सरकार से ऊब चुकी है।

# आय से अधिक संपत्ति मामले में बंधु तिर्की की अपील पर बहस 3 अगस्त को

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आय से अधिक संपत्ति मामले में सजायाफ्ता पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की ओर से सीबीआई कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा के खिलाफ दायर क्रिमिनल अपील की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमुर्ति नवनीत कुमार की कोर्ट ने लोअर कोर्ट रिकॉर्ड (एलसीआर) की फोटो कॉपी की प्रति प्रार्थी एवं सीबीआई को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इससे पहले मामले में सीबीआई की ओर से समय की मांग की गई थी।

कोर्ट ने मामले में बहस के लिए 3 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता निलेश कुमार ने पैरवी की। वहीं सीबीआई की ओर से व अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में मामले में निचली अदालत से लोअर कोर्ट रिकॉर्ड आ चुका है। दरअसल, सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने 28 मार्च 2022 को बंधु तिर्की को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनाई थी। साथ ही उन पर 3 लाख रुपये जुमार्ना भी लगाया था। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर उन्हें 6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतने का निर्देश दिया था। सीबीआई की विशेष अदालत ने 6 लाख 28 हजार आय से अधिक रुपये अर्जित करने के मामले में बंधु तिर्की को सजा सुनाई थी।

सीबीआइ ने बंधु तिर्की के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा कांड में 11 अगस्त 2010 को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आरसी 5/ 2010 दर्ज की थी। 16 जनवरी 2019 को आरोप गठित किया गया था। मामले में सीबीआई की ओर से सीबीआई के तत्कालीन एसपी सह मामले के जांच अधिकारी पीके पाणिग्रही एवं रांची के तत्कालीन डीसी राजीव अरुण एक्का समेत 21 गवाही दर्ज कराई गई है, जबकि बचाव पक्ष की ओर से पांच गवाही दर्ज कराई गई थी।

## विधायक समरीलाल की पत्नी का मामला

# अनुसूचित जाति आयोग ने रांची डीसी से कहा- 15 दिनों में कांके थाना प्रभारी पर करें एफआइआर नहीं तो हों पेश

### 14 मई को पत्र भेजकर शिकायत की थी

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। विधायक समरी लाल की पत्नी अनिता देवी मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने रांची डीसी से मामले पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मामले पर संज्ञान लेते हुए आयोग ने रांची डीसी को पत्र लिखकर प्राथमिकी दर्ज करने को कहा है। साथ ही कार्रवाई कर 15 दिनों के अंदर रिपोर्ट आयोग को भेजने को कहा है। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग दिल्ली के अनुसंधान अधिकारी अनिल प्रकाश गौतम की ओर से रांची डीसी को लिखे पत्र में विधायक समरी लाल की पत्नी की शिकायत का हवाला दिया गया है। पत्र में यह कहा गया है कि अनिता देवी की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए आयोग ने जांच का निर्णय लिया गया है। आयोग ने अपनी चिठ्ठी में लिखा है कि अगर 15 दिनों के अंदर जवाब नहीं मिला, तो संविधान के अनुच्छेद-338 के तहत प्रदत्त सिविल न्यायालयों की शक्तियों का प्रयोग किया जाएगा और व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए सम्मन जारी किया जाएगा।

**अनिता देवी ने थाना प्रभारी के खिलाफ की थी शिकायत**

कांके विधायक समरी लाल की पत्नी अनिता देवी ने कांके थाना प्रभारी आभास कुमार के विरुद्ध राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) को 14 मई को पत्र भेजकर शिकायत की थी। भेजे पत्र में अनिता ने बताया कि वह अनुसूचित जाति से आती हैं। राजस्थान के झूंझुनू के बकतारपुरा उप स्वास्थ्य केंद्र में सफाईकर्मी हैं। 10 मई को वह स्वास्थ्य केंद्र पर ही थीं, तभी कांके थाना प्रभारी आभास कुमार वहां पहुंचे। पूछताछ के नाम पर उन्होंने जाति सूचक शब्दों का सार्वजनिक प्रयोग कर न सिर्फ अपमानित किया, बल्कि दबाव बनाया कि मैं यह स्वीकार करूं कि समरीलाल राजस्थान से आते हैं। पत्र में उन्होंने कहा, कांके थाना प्रभारी सादे कागज पर जबरन हस्ताक्षर करवाना चाहते थे। विधायक की पत्नी ने आयोग को बताया कि पूछताछ के दौरान एक भी महिला कांस्टेबल नहीं थी। जबरन उनका आधार कार्ड ले लिया गया। थाना प्रभारी ने फोन पर धमकी दी कि अगर मैं सच नहीं बताऊंगी तो वो मुझे गिरफ्तार कर लेंगे। बता दें कि कांके पुलिस विधायक के जाति प्रमाण पत्र की जांच कर रही है।

## जेएसएससी ने जारी किया टीजीटी का रिजल्ट

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा-2016 का अर्थशास्त्र विषय का परिणाम जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आयोग द्वारा रिजल्ट जारी किया गया है। इसमें 47 अतिरिक्त अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इनमें अनारक्षित श्रेणी के 44, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के एक तथा पिछड़ा वर्ग के दो अभ्यर्थी सम्मिलित हैं। आयोग की ओर से उम्मीदवारों के चयन के साथ नियुक्ति की अनुशंसा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को की जा रही है। अगले माह जुलाई महीने में नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।मालूम हो कि अभी कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खेलगांव में इतिहास व भूगोल आदि विषयों के नव नियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया था।

## बर्खास्त मेयर के जाति प्रमाण पत्र रद्द मामले में 6 जुलाई को सुनवाई

अनुसूचित जाति के फर्जी प्रमाण पत्र पर चुनाव लड़ने का है आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गिरिडीह के बर्खास्त मेयर सुनील कुमार पासवान की ओर से उनके जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए रद्द करने के आदेश के खिलाफ दायर अपील याचिका मामले अब विस्तृत सुनवाई 6 जुलाई को होगी। मामले में सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से फिजिकल कोर्ट में सुनवाई करने का आग्रह करते हुए कोर्ट से समय की मांग की गई, जिसपर कोर्ट ने छह जुलाई की तारीख निर्धारित की। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में वर्चुअल रूप से हुई थी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने बहस की।

पिछली सुनवाई में मामले में प्रार्थी एवं राज्य सरकार के द्वारा सुप्रीम कोर्ट के कई जजमेंट को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। दरअसल, एकल पीठ ने इस संबंध में प्रार्थी सुनील कुमार पासवान की रिट याचिका को खारिज कर दिया था, जिसके पास बाद उनकी ओर से खंडपीठ में अपील दायर की गई है। बता दें कि अनुसूचित जाति के फर्जी प्रमाण पत्र पर चुनाव लड़ने का आरोप सही पाए जाने के बाद सुनील पासवान को मेयर पद के अयोग्य घोषित किया गया था।

## देवघर में नवंबर से मिलने लगेगी पाइप लाइन से रसोई गैस

# गृहणियों को मिलेगी सिलेंडर के झंझट में मुक्ति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** दिल्ली में बुधवार को केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के कार्यालय में गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने पेट्रोलियम मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में आइओसीएल व एचपीसीएल के अधिकारी भी शामिल हुए। इस दौरान बैठक में निर्णय लिया गया कि देवघर व मधुपुर में घर-घर पाइप के जरिये घरेलू गैस की आपूर्ति का काम नवंबर तक पूरा कर लिया जायेगा। सांसद डॉ दुबे ने कहा कि प्रत्येक महीने काम की मॉनिटरिंग होगी। अधिक से अधिक गैस कनेक्शन का फार्म कलेक्शन का काम पूरा करना है। नवंबर में देवघर शहर में पाइप से घर-घर गैस आपूर्ति योजना का उदघाटन करने केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी देवघर आयेंगे।

### कहां-कहां होगी पाइप से गैस आपूति

सांसद ने कहा कि सारठ, गोड्डा, महागामा, हंसडीहा व बासुकिनाथ को भी गृहिणियों के लिए पाइप से खाना बनाने के लिए घरेलू गैस आपूर्ति योजना से जोड़ा जायेगा। अगस्त तक टेंडर प्रक्रिया पूरी कर सितंबर से इन क्षेत्रों में भी पाइप बिछाने का काम शुरू कर दिया जायेगा। इन ग्रामीण क्षेत्रों में भी गैस कनेक्शन का फॉर्म कलेक्शन का काम कंपनी जल्द शुरू करेगी। पाकुड़, जामताड़ा व दुमका भी जुड़ेगा योजना से इसके साथ ही दुमका, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज व मिहिजाम शहर को भी घर-घर पाइप गैस आपूर्ति योजना से जोड़ा जायेगा। इन शहरों के लिए रूट भी फाइनल हो चुका है। इन शहरों में सीएनजी स्टेशन भी जल्द खोले जायेंगे। मधुपुर शहर में सीएनजी स्टेशन तैयार हो चुका है। सीएनजी स्टेशन से गैस प्राप्त कर गाड़ियां चला सकते हैं। बैठक में पेट्रोलियम मंत्रालय के डायरेक्टर, संयुक्त सचिव सहित आइओसीएल व एचपीसीएल के कार्यकारी निदेशक व जीएम उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना देश भर में सफल : संजय सेठ

**रांची।** आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर गुरूवार को बिजली उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद संजय सेठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गयी जनकल्याणकारी प्रधानमंत्री सहज बिजली योजना के अंतर्गत देश के हर कोने तक विद्युत संरचना को स्थापित करने की उपलब्धि को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अंतर्गत भारत के हर कोने तक बिजली पहुंच गई है। गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले नागरिकों को निः शुल्क बिजली का कनेक्शन दिया गया है। सौभाग्य योजना से 11 लाख 41 हजार लोग और गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले 2 लाख 48 हजार परिवार लाभान्वित हो चुके हैं।

## अब पत्रकारों को भी मिलेगी पेंशन, सीएम हेमंत सोरेन गंभीर

**रांची।** अब रिटायर्ड पत्रकारों को राज्य सरकार पेंशन देगी। इसके लिये सीएम हेमंत सोरेन गंभीर हैं।दरअसल, राज्य में कार्यरत वैसे पत्रकार, जो रिटायर हो गये हैं या रिटायर होनेवाले हैं, उनके लिए सरकार पेंशन की योजना लाने जा रही है। उन्होंने सभी राज्यों की योजनाओं को मंगा कर एक बेहतरीन योजना बनाने का निर्देश दिया है। ताकि सेवानिवृत्ति के बाद भी पत्रकारों को जीवनयापन के लिए पेंशन मिल सके। विभागीय अधिकारी इस दिशा में काम भी कर रहे हैं। बताया गया कि पूर्व की नीतियां भी लागू हैं। लेकिन इनमें कुछ त्रुटियां थीं। जिस कारण यह पूर्णतः लागू नहीं हो सकीं । मालूम हो कि हरियाणा, तमिलनाडु, तेलंगाना, बंगाल, केरल और छत्तीसगढ़ ने भी हाल ही में पत्रकार पेंशन योजना लागू करने की घोषणा की है।

### सिर्फ 169 पत्रकारों के आवेदन आये

पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में केवल 169 पत्रकारों ने ही आवेदन दिया। कम संख्या होने कारण बीमा कंपनी नेशनल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ने बीमा देने से इनकार कर दिया था। कंपनी का कहना था कि कम से कम 700 पत्रकारों का आवेदन मिलेगा। तभी बीमा कवर करेंगे। कंपनी के इस रवैये से आइपीआरडी ने नाराजगी जतायी है। कंपनी से कई दौर की बातचीत की गयी। पर कंपनी ने बीमा कवर करने से इनकार दिया। इसके बाद आइपीआरडी ने एनआइसी को दिये गये काम को रद्द कर दिया।

## खलारी प्रखंड के झामुमो-भाजपा नेता झापा में शामिल



**रांची।** झारखंड पार्टी के केंद्रीय कार्यालय हरमू में गुरुवार को खलारी प्रखंड के कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। इनमें कई नेता लंबे समय तक भाजपा और झामुमो में शामिल रहे हैं। इस अवसर पर प्रधान महासचिव सह पूर्व राज्यमंत्री अशोक भगत ने कहा कि झारखंड पार्टी ना जात की ना पात की है यह तो सिर्फ विकास की है। खदानों में लूट- खसोट बदस्तूर जारी है। राज्य में झारखंड पार्टी ही जल जंगल जमीन संरक्षण को लेकर लोगों तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की सबसे पुरानी पार्टी झापा है, जो यहां के आदिवासी, मूलवासी, दलित, शोषित पिछड़े, अल्पसंख्यक के हक की आवाज थी और हमेशा रहेगी। महिला नेता अंशु लकड़ा ने कहा कि झारखंड पार्टी हमेशा की तरह महिलाओं के सम्मान, रोजगार और राजनीति में बराबरी का दर्जा देने के लिए वचनबद्ध है। झापा में अनिल कुमार पासवान के नेतृत्व में प्रकाश प्रजापति, सुनील कुमार पासवान, रूपेश महतो, अरूण कुमार सिंह, नारायण सोरेन और नगीना देवी ने सदस्यता ग्रहण की।

## राज्य में पहली बार होगी 500 लैब असिस्टेंट की नियुक्ति, अगले माह होगी परीक्षा

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) लैब असिस्टेंट की परीक्षा जुलाई के अंतिम सप्ताह में आयोजित करेगा। जेएसएससी ने इसकी घोषणा कर दी है। परीक्षा की तिथि फिलहाल घोषित नहीं की गई है। इस परीक्षा के लिए राज्य के छह शहरों में परीक्षा केंद्र होंगे। ये शहर रांची, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो, धनबाद तथा देवघर हैं। पहली बार राज्य में पांच सौ से अधिक हाईस्कूलों में लैब असिस्टेंट की नियुक्ति की जा रही है।

**हाईस्कूलों में नियुक्त किये जायेंगे चयनित उम्मीदवार**

इस परीक्षा में चयनीत उम्मीदवारों को राज्य के हाईस्कूलों में नियुक्त किया जाएगा। कुल पदों की संख्या 690 है। यह नियुक्तियां भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान विषय में की जाएगी। सभी विषयों में रिक्तियों की संख्या 230 है। अब तक संबंधित विषय में प्रैक्टिकल क्लासेस के लिए विषय के शिक्षक ही जिम्मेवार थे। लैब असिस्टेंट की नियुक्ति होने के बाद स्कूलों में प्रैक्टिकल क्लासेस बढ़ जाएंगे।

# राज्य के सभी 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में आज मनेगा फ्रेशर्स डे, कल से पढ़ाई

## कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ अभिभावक भी होंगे शामिल

### प्रवेशोत्सव में विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावक भी होंगे शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड के सभी 80 उत्कृष्ट स्कूलों में शुक्रवार को फ्रेशर्स डे का आयोजन किया जायेगा और दोजुलाई से कक्षाएं कर दी जायेंगी। इसे लेकर झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् की निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को पत्र लिखा है। पत्र के जरिये उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन को लेकर विस्तार से जानकारी दी है। निदेशक ने कहा है कि राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन की प्रक्रिया शुरू है। इसे 30 जून, 23 तक पूर्ण कर लेना है। नामांकन की प्रक्रिया की खत्म होने के साथ ही सत्र 2023-24 के लिए पवन पाठन का कार्य विधिवत रूप से प्रारम्भ कर दिया जाएगा।

**सभी उत्कृष्ट विद्यालयों में चूंकि नामांकित बच्चे संभवतः** पहली बार पठन-पाठन के लिए आएंगे। ऐसे में आवश्यक है कि उनके प्रवेश को हर्षाल्लास के साथ उत्सव के रूप में मनाया जाये। नये नामांकित बच्चों का स्वागत किया जाये। इसलिए एक जुलाई, 2023 को सभी उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेशोत्सव समारोह का आयोजन किया जाये। प्रवेशोत्सव समारोह की सूचना सभी विद्यार्थियों को दी जाये। साथ ही इसमें अभिभावकों को भी शामिल किया जाये। निदेशक ने कहा है कि सभी उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेशोत्सव समारोह का आयोजन करने के लिए अपने स्तर से सभी विद्यालयों के निर्देशित करेंगे। समारोह के आयोजन के बाद इसका प्रतिवेदन राज्य कार्यालय को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

**ये होंगी गतिविधियां**

प्रवेशोत्सव के लिए विद्यालय में एक समारोह आयोजित किया जाये, जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक और विद्यालय के प्रबंध समिति के सदस्य भी उपस्थित रहें। नव प्रवेश करने वाले छात्र-छात्रओं का विद्यालय परिसर में बाल संसद के सदस्यों द्वारा तिलक और पुष्प के साथ स्वागत किया जाये। विद्यालय में प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम विद्यालय में आयोजित प्रार्थना सभा को विस्तारित करते हुए किया जा सकता है। इस अवसर पर नये नामांकित बच्चों के स्वागत में गीत एवं अन्य सास्कृतिक कार्यक्रम विद्यालय में पर्व से अध्ययनरत बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जा सकते हैं। विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा नवनामांकित छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का उत्कृष्ट विद्यालय परिवार से जुड़ने और बच्चों को उज्वल भविष्य के लिए संकल्पित होने के लिए विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया जायेगा। विद्यालय के प्रधान शिक्षक उत्कृष्ट विद्यालय के स्वरूप एवं अवधारण के बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे। विद्यालय में बच्चों के पठन-पाठन के लिए उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधा के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए सभी अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा के लिए उनकी भूमिका पर भी चर्चा करेंगे। विद्यालय के शिक्षकों से भी परिचय कराया जाएगा। विद्यार्थी एक-एक करके अपने सभी शिक्षक-शिक्षिका से अवगत होंगे। विद्यालय के पुराने विद्यार्थियों के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया जाये, जिसमें स्वागत गीत, कविता, गीत आदि का आयोजन किया जा सकता है।

## वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी, आज से मौसम साफ होने की संभावना



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मौसम केंद्र रांची ने झारखंड के सात जिलों में वज्रपात की तत्कालिक चेतावनी की है। देवघर, दुमका, गढ़वा, गिरिडीह, जामताड़ा, पलामू और पाकुड़ जिले में मेघगर्जन और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान वर्षा होने की प्रबल संभावना जताई गयी है।

**लोगों को सतर्क रहने की सलाह**

रांची मौसम केंद्र ने वज्रपात की संभावना वाले सात जिले के लोगों से सजग और सावधान रहने की अपील की है। मौसम विभाग ने वज्रपात और मेघगर्जन के समय पेड़ की नीचे नहीं रहने, बिजली के खंभे से दूर रहने की सलाह दी है। वज्रपात की संभावना वाले जिले के किसानों से मौसम साफ होने तक खेत में नहीं जाने की सलाह दी है।

**पिछले 24 घंटे में गढ़वा में हुई सबसे अधिक वर्षा**

मौसम केंद्र रांची के अनुसार पिछले 24 घंटे में राज्य भर में गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा रिकॉर्ड की गई है। मौसम केंद्र के अनुसार पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक वर्षा 56.8 मिलीमीटर गढ़वा के नगर उंटारी में रिकॉर्ड किया गया है। इस बीच राज्य में अधिकतम तापमान गोड्डा जिले में 34.5 डिग्री सेल्सियस रहा है जबकि न्यूनतम तापमान रांची में 23.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड दर्ज हुआ है।

**आज से मौसम होगा साफ- अभिषेक आनंद**

मौसम केंद्र रांची के प्रभारी निदेशक ने बताया कि लगातार बारिश की वजह से उच्चतम तापमान सामान्य से पांच से सात डिग्री सेल्सियस नीचे चल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अनुसार 30 जून से झारखंड में मौसम साफ होगा और बारिश कम होगी।



# रांची में अदा की गई ईद उल अजहा की नमाज



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गयी। बारिश की वजह से राजधानी रांची के अधिकांश स्थानों पर नमाज मस्जिदों में अदा की गयी। कुछ जगहों पर मस्जिद के बाहर भी नमाज अदा की गयी। बकरीद में विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए रांची पुलिस मुस्तैद दिखी। रांची के तमाम संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात थी।

**डोरंडा ईदगाह में अदा की गयी नमाज :** डोरंडा ईदगाह में बकरीद की नमाज अदा की गयी। नमाज मौलाना सैयद शाह अलकमा सिबली कादरी ने पढ़ायी। उन्होंने अपने तकरीर में राज्य और मुल्क के तरक्की की दुआ किया। और आपसी भाईचारगी के संदेश दिये। रांची के मेन रोड, डोरंडा, हिंदपीढ़ी, बरियातू, कांके, पिठोरिया, अरगोड़ा सहित तमाम मस्जिदों में हल्की बूंदाबांदी के बीच ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई।





## मौसीबाड़ी से 9 दिन बाद मुख्य मंदिर लौटे भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा

**रांची।** रांची के जगन्नाथपुर में मौसीबाड़ी से 9 दिनों के प्रवास के बाद भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ मुख्य मंदिर लौटे। घुरती रथ यात्रा में हजारों की भीड़ उमड़ी। मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ के रथ की रस्सी खींचने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ के जयघोष से पूरा मेला परिसर गूंज उठा। हजारों की संख्या में जुटे श्रद्धालु रथ की रस्सी छूने को आतुर दिखे। घुरती रथ यात्रा से पहले 1 घंटा तक मंत्रोच्चारण के साथ उनकी विधिवत पूजा-अर्चना की गई। देर शाम को भगवान मुख्य मंदिर पहुंचे। वहीं रथ मेला में अन्य दिनों की अपेक्षा गुरुवार को अधिक भीड़ दिखी। इसके साथ ही नौ दिन तक चलनेवाला रथ मेला का भी समापन हो गया।

### बड़कागढ में 323 सालों से रथयात्रा की परंपरा

रांची में रथयात्रा की परंपरा 323 सालों से चली आ रही है। रांची में जगन्नाथपुर मंदिर का निर्माण बड़कागढ़ के महाराजा ठाकुर रामशाही के चौथे बेटे ठाकुर ऐनीनाथ शाहदेव ने 25 दिसंबर 1691 में कराया था। मंदिर का जो वर्तमान स्वरूप दिखता है, वह 1991 में बना। वर्तमान मंदिर पुरी के जगन्नाथ मंदिर के तर्ज पर बनाया गया है। गर्भ गृह के आगे भोग गृह है। भोग गृह के पहले गरुड़ मंदिर है, जहां बीच में गरुड़जी विराजमान हैं। गरुड़ मंदिर के आगे चौकीदार मंदिर है। ये चारों मंदिर एक साथ बनाए गए थे। ओड़िशा शैली में निर्मित इस मंदिर में पूजा से लेकर भोग चढ़ाने का विधि-विधान भी पुरी के जगन्नाथ मंदिर जैसा ही है।

## हरमू ईदगाह में इस बार नहीं हुई नमाज अदा

राजधानी रांची में ईद उल अजहा को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। हालांकि 3 दिनों से हो रही लगातार बारिश की वजह से उत्साह में थोड़ी खलल जरूर पड़ी। बारिश की वजह से ही रांची के हरमू रोड ईदगाह में काफी सालों के बाद नमाज अदा नहीं की गयी। अंजुमन इस्लामिया के द्वारा यह तय किया गया था कि ईदगाह में इस बार नमाज अदा नहीं की जाएगी। भारी बारिश की वजह से यह फैसला लिया गया।





# अनियमितता को लेकर झारखंड आवास बोर्ड ने तीन सौ लोगों को जारी किया नोटिस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य आवास बोर्ड का गठन होते ही अनियमितताओं को लेकर बोर्ड सक्रिय हो गया है। इसको लेकर पिछले दो सप्ताह में उसने करीब 300 लोगों को नोटिस भेजा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बोर्ड के सदस्य अभिलाष साहू ने बताया है कि हरमू, अरगोड़ा में रहने वाले कई ऐसे लोगों को नोटिस दिया गया है, जिन्होंने बोर्ड से ली गयी जमीन का समुचित उपयोग नहीं किया है। घर बनाने की बजाये दुकान, मॉल बना लिया है या उसका व्यावसायिक उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि कई ऐसे लोग भी हैं जिन्होंने करीब दो दशकों से जमीन ले रखी है पर उस पर आवास निर्माण नहीं किया है। आवास बोर्ड ने अब ऐसे लोगों को नोटिस देते जुर्माने के साथ रसीद थमानी शुरू कर दी है।



गौरतलब है कि आवास बोर्ड में करीब दो सप्ताह पहले संजय लाल पासवान ने अध्यक्ष के तौर पर बोर्ड के सदस्यों के साथ पदभार ग्रहण किया था। इसके बाद से वे लगातार विभागीय पदाधिकारियों, इंजीनियरों के साथ समीक्षा कर रहे हैं। इस संबंध में संजय लाल पासवान ने बताया है कि उनके योगदान से पूर्व ही बोर्ड अपने स्तर से अपना काम कर रहा था। उन्होंने समीक्षा के बाद पदाधिकारियों से कहा है कि बोर्ड को और प्रभावी बनाना है। इसके लिए बोर्ड से ली गयी जमीन का समुचित उपयोग ना करने वालों के खिलाफ एक्शन हर हाल में लें। साथ ही बोर्ड ने प्लान बनाया है कि आनेवाले समय में बोर्ड की ओर से बनाए गये ऐसे आवास जिनकी स्थिति अब अच्छी नहीं है, उसे बेहतर रुप दिया जाये। उसकी मरम्मति, रंग रोगन और अन्य जरूरी काम भी कराए जाएं।

# राज्य के कॉलेजों में पूर्व की भांति होती रहेगी इंटर की पढ़ाई

- मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद अंगीभूत एवं डिग्री संबद्ध महाविद्यालयों में इंटर की पढ़ाई रहेगी जारी, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने लिया निर्णय
- छात्र हित को ध्यान में रखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव एवं झारखंड अधिविध परिषद के अध्यक्ष और सचिव की बैठक में निर्णय

**खबर मंत्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने राज्य के अंगीभूत एवं डिग्री संबद्ध महाविद्यालयों में सत्र 2023- 25 में इंटरमीडिएट की पढ़ाई जारी रखने का निर्णय लिया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव की अध्यक्षता में झारखंड अधिविध परिषद के अध्यक्ष और सचिव की हुई बैठक में निर्देश दिया गया कि यदि किसी जिला या क्षेत्र में माध्यमिक परीक्षा -2023 में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को इंटरमीडिएट कक्षा में नामांकन लेने में कठिनाई हो तो पूर्व के वर्षों की भांति अंगीभूत एवं डिग्री संबद्ध महाविद्यालय में इंटरमीडिएट कक्षा में नामांकन ले सकते हैं ।

**माध्यमिक परीक्षा -2023 में चार लाख से ज्यादा विद्यार्थी रहे हैं सफल**

इस वर्ष जैक की मैट्रिक परीक्षा में चार लाख से ज्यादा परीक्षार्थी सफल रहे हैं । इन विद्यार्थियों को इंटरमीडिएट में नामांकन लेने में समस्या आ रही है। इसी वजह से स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने छात्र हित को ध्यान में रखते हुए अंगीभूत एवं डिग्री संबद्ध महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट में विद्यार्थियों का नामांकन और पढ़ाई जारी रखने का फैसला किया है।

**क्या है मामला**

राज्य में अंगीभूत एवं संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट शिक्षा को पृथक्क करने की प्रक्रियाधीन है। इसी वजह से इस वर्ष माध्यमिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं उनके अभिभावकों और कतिपय संबद्ध डिग्री महाविद्यालय के बीच इंटरमीडिएट में नामांकन को लेकर भ्रम की स्थिति है। ऐसे में विद्यार्थियों को नामांकन के सिलसिले में परेशानी उठानी पड़ रही है। इससे शैक्षणिक सत्र भी प्रभावित हो सकता है । इसी वजह से सरकार ने अंगीभूत महाविद्यालयों एवं संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट में नामांकन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।







# श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में श्री हरि के शयन विग्रह को विधि विधान से सुलाया गया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में गुरुवार को श्रीहरिशयनी एकादशी व्रत अनुष्ठान किया गया। भगवान श्रीमन्नारायण का प्रातः काल ब्रह्म मुहूर्त में सुप्रभातम, मंगला शासनम, वेंकटेश स्तोत्र एवं षोडशोपचार पूर्वक दैनिक पूजा करके दूध, दही, मधु, घी लावा आदि से नहलाया गया। फिर उत्तम चंदन का लेप करके धूप दिखाकर मनोहर पुष्प और तुलसी दल से पंचोपचार सेवा हुई। श्रीभगवान दंपति को दंत धावन, आचमनीय, पुनराचमनीय के पश्चात उपचार पूर्वक छत्र, चंवर, दर्पण, व्यंजन, पादुका आदि समर्पण किया गया। फिर सत्ताइस दीपों से युक्त नक्षत्र आरती की गयी। उपर्युक्त पूजाक्रम के बाद प्रातः 7:00 बजे आम श्रद्धालु भक्तों के लिए मंदिर के मुख्य कपाट को खोल दिया गया। इस प्रकार प्रार्थना पूर्वक भगवान के शयन विग्रह को सुलाया गया। दिनभरका भोग आशीष, अश्विका अग्रवाल ने किया। अर्चक-सत्यनारायण गौतम और नारायणरामानुजदास ने दिनभर के अनुष्ठान को विधिवत संपन्न कराया। रामअवतार नारसरिया, अनूप अग्रवाल, प्रदीप नारसरिया, रंजन सिंह, घनश्याम दास शर्मा, गौरीशंकर साबू के अतिरिक्त सैकड़ों भक्तों ने हिस्सा लिया।

**हरिशयन एकादशी**

# श्री श्याम मंदिर अग्रसेन पथ में प्रातः से ही उमड़ पड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची के अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में गुरुवार को आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को हरिशयनी एकादशी उत्सव अत्यंत भक्ति भाव व श्रद्धा के साथ मनाया गया। सनातन धर्म में हरिशयनी एकादशी का अत्यधिक महत्व होने के कारण प्रातः काल से ही श्याम प्रभु के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रातः आरती के पश्चात श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर कर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न प्रकार के फूलों से श्याम प्रभु का मनभावन श्रृंगार किया गया। साथ ही मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी इस अवसर पर विषेश श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे पावन ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम मंडल के सदस्यों ने गणेश वंदना के साथ संगीतमय संकीर्तन का शुभारंभ किया। साथ ही, भक्तों ने पावन ज्योत में आहुति प्रदान कर मनवांछित फल की कामना की।

इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के फल, मिठाई, मेवा, मगही पान व केसरिया दूध का भोग लगाया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# राम मंदिर का निर्माण पीएम मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम : संजय सेठ

## पंडरा के बजरा में रांची के सांसद ने चलाया महाजनसंपर्क अभियान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को हटिया विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न जगहों पर जनसंपर्क अभियान चलाया। रांची सांसद श्री सेठ ने हटिया विधानसभा के अंतर्गत पंडरा मंडल के बजरा की बूथ संख्या 245 से 252 तक कुल 16 बूथों पर जनसंपर्क अभियान चलाकर स्थानीय लोगों के साथ संवाद किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल के उपलब्धियों के बारे में लोगों को जानकारी दी।

श्री सेठ ने जनसंघ काल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मिलकर उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मेजर कोठी बजरा निवासी सुनील सिंह, अजय सिंह, हरजीत जग्गी को सांसद ने अंग वस्त्र प्रदान किया। बजरा स्थित जसलोक अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ जितेंद्र कुमार सिन्हा का स्वागत किया गया। इसके अलावा, पारा मेडिकल स्टाफ को पत्रक देकर मोदी जी के 9 साल के कार्यों से अवगत कराया गया। साथ ही, पंडरा बाजार समिति के पूर्व निदेशक भूपेंद्र ग्राम तथा डॉ मनीषा उरांव को सम्मानित किया गया।

सांसद संजय सेठ ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 को हटाया गया। प्रधानमंत्री किसान निधि योजना के तहत किसानों को 6000 रुपये दिये जा रहे हैं। अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन अमृत के तहत जलापूर्ति, सीवरेज, शहरी परिवहन, पार्क जैसी बुनियादी नागरिक सुविधाएं मुहैया कराकर लोगों का जीवन स्तर बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है।

# डीटीओ ने चलाया जांच अभियान, 19 वाहनों के नहीं मिले सही कागजात

## वसूला गया जुर्माना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** बीते दिन देर रात रांची डीटीओ प्रवीण प्रकाश ने खेलगांव क्षेत्र में बड़े व छोटे वाहनों के खिलाफ जांच अभियान चलाया। इस दौरान बगैर कागजातों के परिचालन करने वाले वाहनों, सवारी वाहन में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने वाले वाहनों के अलावा बिना हेल्मेट के दो पहिया वाहन चलाने वालों की जांच की गयी। लगभग 137 वाहनों के कागजातों की जांच की गई। इनमें 19 वाहनों के कागजात सही नहीं पाये गये। सही कागजात नहीं रहने के कारण कुल 19 वाहनों (मालवाहक वाहनों, हाइवा, सवारी वाहन, दो पहिया) से 126750 रुपये जुमार्ने के तौर पर वसूला गया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी ने सभी वाहन स्वामियों/चालकों को वाहन संबंधी सभी कागजात अद्यतन रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जांच अभियान लगातार जारी रहेगा।

# संत जेवियर में आपदा प्रबंधन में जीआइएस की भूमिका पर कार्यशाला का हुआ समापन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** संत जेवियर कॉलेज भूगोल विभाग ने आइक्यूएसी के सहयोग से 26 से 28 जून तक आपदा प्रबंधन में जीआइएस की भूमिका पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला के लिए विशेषज्ञ के रूप में डॉ अनुजा तिग्गा, प्रोफेसर, भूगोल विभाग, आंध्र विश्वविद्यालय, विशाखापत्तनम और रांची मौसम विज्ञान केंद्र हिनू के प्रमुख अभिषेक आनंद थे। कार्यशाला में 65 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें कॉलेज के शिक्षक, पीएचडी शोधार्थी और स्नातकोत्तर छात्र शामिल थे।

डॉ अनुजा ने विभिन्न प्रकार के खतरों और आपदा प्रबंधन में उपयोग की जाने वाली संबंधित शब्दावली, जैसे खतरे, आपदा,भेद्यता, शमन, जोखिम आदि के बीच अंतर के बारे में बताया। उन्होंने प्रतिभागियों को भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआइएस) और आपदा प्रबंधन में इसकी भूमिका के बारे में समझाया। आजकल लोग और कई विषयों के विशेषज्ञ स्थानिक डाटा प्रविष्टि और विश्लेषण के लिए जीआइएस प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं।

अभिषेक आनंद ने बताया कि चक्रवात, तूफान, बिजली आदि जैसे आपदा प्रबंधन में लोगों, समुदायों और विभिन्न संस्थाओं तक पहुंचने के लिए जीआइएस का उपयोग कैसे किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोगों को मौसम संबंधी अलर्ट के लिए सचेत, दामिनी और मौसम जैसे मोबाइल एप का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि जीआइएस प्लेटफॉर्म का चक्रवात के मार्ग के अनुमान में कैसे उपयोग किया जा रहा है।

कार्यशाला का संचालन डॉ राजीव रंजन श्रीवास्तव एवं विभागाध्यक्ष अनिमेष रॉय ने किया। कार्यक्रम का सह संचालन डॉ शिव कुमार, डॉ संदीप चंद्रा, एंजेलिन टोप्पो और डॉ मधुमिता मिंज द्वारा किया गया। कॉलेज प्रबंधन में शामिल प्राचार्य डॉ फादर नबोर लकड़ा और अन्य अधिकारी छात्रों और शिक्षकों को ऐसे आयोजनों को आयोजित करने और उनमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

### विभाश्री माताजी ने कहा

# संसार में दो ही वस्तुएं दुर्लभ हैं, संत संगति व प्रभु भजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** इस संसार में दो ही दुर्लभ वस्तुएं हैं- एक तो संत की संगति, संतो की सेवा और दूसरा प्रभु का भजन या भगवान की पूजा। लक्ष्मी, गृह लक्ष्मी एवं संतान की प्राप्ति तो पाप करने वाले व्यक्तियों को भी प्राप्त हो जाया करती है। ये बातें विभाश्री माताजी ने गुरुवार को श्री दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित प्रवचन के दौरान कही।



विभाश्री माताजी (फाइल फोटो)

माताजी ने कहा कि बच्चों को सब कुछ स्कूल में नहीं सिखाया जाता है ,सब कुछ किताबों से नहीं सिखाया जाता है, बच्चा जो अपनी आंखों से देखता है उससे ही सीखता है बच्चा अपने माता-पिता एवं दादा दादी के संस्कारों को देख कर ही सिखता है। यदि माता-पिता प्रतिदिन देव दर्शन करेंगे ,रात्रि में भोजन नहीं करेंगे तो हमारे बच्चे में भी वही संस्कार आएंगे।

# लीगल ओपेरा का विधिक जागरूकता अभियान 2 को

**रांची।** लीगल ओपेरा की ओर से दो जुलाई को रांची के ब्राम्बे पंचायत में विधिक जागरूकता अभियान का आयोजन किया जायेगा। इस अभियान में विशेष रूप से घरेलू हिंसा अधिनियम, बाल विवाह रोकथाम, लोगों को निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम की विस्तृत रूप से जानकारी के साथ अन्य कानूनी संबंधित जानकारी दी जायेगी। इसकी जानकारी संस्था के अध्यक्ष निरंजन कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि यह संस्था जरूरतमंदों को हमेशा कानूनी सहायता प्रदान करेगी। संस्था की महासचिव श्रुति कुमारी ने बताया कि इस अभियान में लीगल ओपेरा टीम के कानून के ज्ञाता एवं शिक्षाविद मौजूद रहेंगे।

# रांची विवि के नवनियुक्त क्रिकेट कोच चंचल भट्टाचार्य सम्मानित



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के नव नियुक्त क्रिकेट कोच चंचल भट्टाचार्य को सामाजिक संस्था विवेकानंद यूथ क्वैक फाउंडेशन एवं रिलेशंस ने संयुक्त रूप से गुरुवार को अंगवस्त्र एव उपहार देकर सम्मानित किया। मालूम हो कि 12 सालों के बाद रांची विश्वविद्यालय को क्रिकेट कोच मिला है। चंचल भट्टाचार्य भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी के मेंटर रह चुके रहें है। चंचल भट्टाचार्य के क्रिकेट कोच बनने से रांची विश्व विधालय के क्रिकेट खिलाड़ियों को काफी कुछ सीखने को मिलेगा। साथ ही, आने वाले दिनों में यहां के खिलाड़ी राज्यस्तरीय से देशस्थरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर रांची विश्वविद्यालय का नाम पूरे देश में रोशन करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से विवेकानंद यूथ क्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, रिलेशनस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, यशवंत वर्मा समेत कई खेलप्रेमी उपस्थित थे। यह जानकारी अमन ने दी।

# भारत यूरिया में आत्मनिर्भर बनने की राह पर : दीपक प्रकाश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार ने किसानों को करों और नीम कोटिंग शुल्कों को छोड़कर 242 रुपये प्रति 45 किलोग्राम की बोरी की समान कीमत पर यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सब्सिडी योजना को जारी रखने की मंजूरी दे दी है। इस पैकेज में तीन वर्षों 2022-23 से 2024-25 के लिए यूरिया सब्सिडी को लेकर लगभग 3.70 लाख करोड़ रुपये आवंटित करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। यह पैकेज हाल ही में अनुमोदित 2023-24 के खरीफ मौसम के लिए 38,000 करोड़ रुपये की पोषक तत्व आधारित सब्सिडी के अतिरिक्त है। मोदी सरकार का यह निर्णय स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के इस निर्णय से किसानों को यूरिया की खरीद के लिए अतिरिक्त खर्च करने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे उनकी इनपुट लागत को कम करने में मदद मिलेगी। वर्तमान में, नीम कोटिंग शुल्क और लागू करों को छोड़कर यूरिया की एमआरपी 242 रुपये प्रति 45 किलोग्राम यूरिया की बोरी है। जबकि बैग की वास्तविक कीमत लगभग 2200 रुपये है। उन्होंने कहा कि नैनो यूरिया संयंत्र के साथ मिलकर ये यूनिट यूरिया में हमारी वर्तमान आयात पर निर्भरता को कम करेंगे और 2025-26 तक हम आत्मनिर्भर बन जायेंगे।

# त्याग की प्रेरणा देता है बकरीद : आलोक दूबे

**रांची।** छह वर्षों के लिए कांग्रेस पार्टी से निलंबित प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने समस्त देशवासियों एवं झारखण्ड वासियों को कुर्बानी, त्याग, बलिदान, तपस्या व सहयोग का प्रतीक पाक पर्व ईद-उल-अजहा की बधाई एवं मुबारकबाद दी है। कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे ने कहा बकरीद का त्योहार हमें जीवन में त्याग, बलिदान और जरूरतमंदों की सहायता की प्रेरणा देता है।

# स्वामी सदानंद महाराज ने दो निर्धन बालिकाओं की पढ़ाई का लिया जिम्मा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के सयुंक्त तत्वाधान मे संस्था के संस्थापक स्वामी सदानंद जी महाराज गुरूवार को सत्संग भवन शिवगंज हरमू रोड स्थित विधा देवी अग्रवाल के निवास स्थान पहुंचे।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, प्रमोद सारस्वत की उपस्थिति में दो निर्धन जरूरतमंद कन्याओ की पढ़ाई का खर्चा उठाया गया। कांके रोड स्थित गांधीनगर डीएवी स्कूल में संस्कृति पाठक का एडमिशन कराने के लिए इकतालिस हजार आठ सौ अड़तिस रुपये एवं कुमारी संभवी पाठक 6 क्लास मे एडमिशन कराने के लिए अठहत्तर हजार दो सौ अठाइस रुपये के दो चेक प्रदान किये गये। इससे उनका पढाई सुचारु रूप से हो सके। निर्धन बालिका कुमारी संस्कृति पाठक और कुमारी शांभवी पाठक पिता स्व. इन्द्रेश कुमार पाठक माता पल्लवी पाठक शांती नगर, गांधी नगर के निवासी है। कुमारी संस्कृति एव कुमारी सम्भवी की माता पल्लवी पाठक ने मंगलवार 27 जुन 23 को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु महाराज से सत्संग भवन में मुलाकात कर अपनी आर्थिक तंगहाली के बारे में बतायी थी। उसकी दर्द भरी बाते सुनकर गुरु महाराज ने उसके बच्चों की पढ़ाई कराने मे सहायता करने का आश्वासन दिया। इसी के बाद स्वामी जी महाराज ने उन निर्धन बालिकाओं की माता को सत्संग भवन बुलाकर चेक प्रदान किया।

इस मौके पर डूंगरमल अग्रवाल के अलावा निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, प्रमोद सारस्वत, निर्मल छावनिका, नवल अग्रवाल, गोविन्द अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी, बेंकट गाडोदिया, पुर्णमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, विष्णु सोनी, मनीष सोनी, सुरेश अग्रवाल, राजू अग्रवाल, मनीष जालान, किशोर चौधरी, विशाल जालान, सिताराम चौधरी आदि उपस्थित थे।

# अपना बाजार एक्जिबिशन शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** अपना बाजार एक्जिबिशन की शुरुआत गुरुवार को बसंत बिहार, कांके रोड में हुई। इस एक्जिबिशन का थीम अपना काम, अपनों के लिए और अपनों के द्वारा रखा गया है। एक्जिबिशन में कुल 15 स्टॉल लगाये गये हैं। एक उत्पाद का केवल एक ही स्टॉल लगाया गया है, ताकि खरीदीरी करनेवालों के साथ ही स्टॉलधारकों को भी परेशानी नहीं हो। एक्जिबिशन में हैंडमेड थैला, खाद्य सामग्री, मिलेट्स, भगवान के वस्त्र, राखी, खिलौने-स्टेशनरी, हैंडमेड स्नैक्स, बेडशीट, कुर्ती, हैंडमेड पेंटिंग, नाईटशूट, नाईटवेयर, साडी, फैब्रिक्स सहित महिलाओं को पसंद आनेवाले अन्य कई तरह के आकर्षक उत्पादों के स्टॉल महिलाओं के द्वारा ही लगाये गये हैं। आयोजनकर्ता राधा ड्रोलिया ने अवगत कराया कि एक्जिबिशन में गो-ग्रीन एनजीओ को एक स्टॉल निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है। एक्जिबिशन में रखे गये उत्पादों को लोगों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है।

एक्जिबिशन का उद्घाटन झारखंड चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने किया। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने आयोजनकताओं की सराहना की और कहा कि महिला उद्यमियों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में यह सराहनीय प्रयास है। इस प्रकार के आयोजनों से महिलाओं को अपने उत्पाद की बिक्री के लिए एक बेहतर बाजार उपलब्ध होता है। मौके पर चैंबर के उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, अमित शर्मा, सह सचिव रोहित पोद्दार, शैलेष अग्रवाल के अलावा मुख्य आयोजनकर्ता राधा ड्रोलिया, शिल्पा राज, सुनिता सिंघल, मीना ताइवाला, अल्का कटारूका, अनिता भंडारी, नेहा धरनीधरका, नेहा अग्रवाल, बबीता मोदी, रेणु पोद्दार, रजनी सेन, कविता मोदी, श्वेता अग्रवाल, संगीता अग्रवाल उपस्थित थीं।

# अकीदत से मनी बकरीद, राज्य में अमन-चैन की मांगी गयी दुआ

## पुलिस मुस्तैद, लोगों ने दीं शुभकामनाएं

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड में गुरुवार को ईद उल अजहा अकीदत के साथ मनायी गयी। इलाके के मस्जिदों में नमाज अदा की गयी। नमाजियों ने देश में अमन-चैन की दुआ मांगी। क्षेत्र में पुलिस मुस्तैद रही। लोगों ने इस्लाम धर्मावलंबियों को बकरीद की शुभकामनाएं दी। इसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत, राजकुमारी माधुरी मंजरी, कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव, सीओ प्रदीप कुमार, बीडीओ एचएस बारिक, डीएसपी प्रवीण सिंह, थानेदार सपन महथा, झामुमो नेता पृथ्वीनाथ शाहदेव, तैलिक साहू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो, कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे, विनय सिन्हा दीपू, सुनील सहाय, सीपीआई एम के सुभाष मुंडा, प्रमुख संगीता तिर्की, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के सचिव डॉ एल उरांव, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, आजसू नेता भरत कांसी, भाजपा के कामेश्वर महतो, कृषक सेवा सहयोग समिति के चेयरमैन संजीव तिवारी व सांसद प्रतिनिधि परमेश्वर गोप आदि शामिल हैं।



### अनगड़ा : भाईचारे के साथ मनी बकरीद

**अनगड़ा।** बकरीद का त्यौहार गुरुवार को अनगड़ा के विभिन्न मुस्लिम बहुल गांवों में शान्ति और सदभावपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। मौके पर विभिन्न मस्जिदों में ईद .उल.अजहा की नमाज अदा की गयी तथा देश दुनिया में अमन चैन की दुआ मांगी गयी। साथ हीं गले मिलकर और मुसाफा कर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी गयी।

### कमेटी ने जताया आभार

त्योहार के दौरान इलाके में शांति बनी रही। प्रखंड अंजुमन कमेटी ने इस पर संतोष व्यक्त किया है। अध्यक्ष कमरुल हक ने पुलिस-प्रशासन और विभिन्न समुदाय के प्रबुद्ध जनों के प्रति आभार जताया है। उन्होंने पर्व-त्योहार को मिलजुल कर मनाने और एक-दूसरे के धर्म का सम्मान किये जाने की बात कही है। ताकि सद्भाव की नींव मजबूत हो सके।

## मौसीबाड़ी से मुख्य मंदिर लौटे जगन्नाथ स्वामी

### घुरती रथ यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** राजकिले में घुरती रथयात्रा गुरुवार की शाम समाप्त हो गया। रथ में सवार होकर भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा संग मौसीबाड़ी से मुख्य मंदिर लौट आये। राजपुरोहित भोला शंकर मिश्र ने पूजा अनुष्ठान कराया। दर्शन.पूजन के लिये भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। भगवान अज्ञातवास में चले गये। घुरती रथ यात्रा मेले में मेलार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी। यहां सभी तरह की दुकानें सजी थी। लोगों ने मिठाईए श्रृंगार प्रसाधन समेत घरेलू चीजों की खरीदारी की। मेले में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई थी।

### राज परिवार ने दी बधाई

ऐतिहासिक रथयात्रा और मेले के शांतिपूर्ण समापन में श्री साईं स्वयंसेवी संस्था, पुलिस प्रशासन, सामाजिक कार्यकर्त्ता व क्षेत्र के आमजनों का विशेष योगदान रहा। राजपरिवार ने सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।



### इटकी : भगवान पहुंचे अपने धाम

**इटकी।** इटकी में गुरुवार को घूरती रथयात्रा मेला शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। मौके पर मौसीबाड़ी मंदिर से मुख्य जगन्नाथ मंदिर तक रथ यात्रा निकाली गयी व मेला लगा। अपराह्न करीब छह बजे मौसीबाड़ी मंदिर से भगवान जगन्नाथ सहित अन्य विग्रहों को बाहर निकाला गया व लकड़ी के बने रथ पर सवार किया गया। पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने रथ को रस्सी के सहारे खींचते हुए मौसीबाड़ी मंदिर से गुलजार रोड, बाजार टांड़ होते हुए मुख्य मंदिर पहुंचाया।

### चनकोपी और ईटाचिल्दरी में घुरती रथ यात्रा

बेड़ो/ लापुंग। बेड़ो प्रखंड के प्रसिद्ध चनकोपी और ईटाचिल्दरी सहित लापुंग प्रखंड के लेटे घुरती रथयात्रा भगवान के विग्रहों के मौसी बाड़ी से मुख्य मंदिर पहुंचते ही घुरती रथयात्रा सम्पन्न हो गया। पूर्व जमींदारों के वंशजों ने वैदिक मंत्रोचार के साथ महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी सहित बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के विग्रहों की विधिवत पूजा अर्चना की। भगवान को भोग प्रसाद निवेदित किया और महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया। जगन्नाथ स्वामी मंदिर चनकोपी के मुख्य पूजारी नर्मदेश्वर मिश्रा के वैदिक पूजा अर्चना के बाद पूर्व जमींदार के वंशज लाल सुजीत शाहदेव तथा लाल संजय नाथ शाहदेव की अगुवाई में भगवान जगन्नाथ स्वामी के रथ को श्रद्धालुओं ने मौसी बाड़ी से प्रस्थान कर रथ को खींचते हुए मुख्य मंदिर तक पहुंचाया।

## स्पीड न्यूज

### राहे : भालू के हमले से वृद्ध घायल



**राहे।** प्रखंड के दोकाद पंचायत अंतर्गत खोपड़ीकोचा.पहाड़टोली गांव के 75 वर्षीय हलधर महतो को भालू ने हमला कर घायल कर दिया है। घटना गुरुवार शाम 8 बजे के आसपास की है। हलधर महतो घर के सामने सड़क पर टहल रहा था एझाड़ी से अचानक एक भालू हमला कर दिया। भालू के हमले से सड़क पर गिर कर चिल्ला कर लोगो को बुलाया। तत्काल लोगों ने घायल को उठा कर घर लाये। इधर सूचना मिलते ही आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो ओर पंचायत समिति सदस्य सुभाष महतो ने एम्बुलेंस की व्यवस्था कर इलाज के लिये रिम्स भेज दिया है।

### बेड़ो : करंट से एक गाय, चार बकरी मरी

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के तुको टेंगरिया गांव में बुधवार की अपराह्न लगभग चार बजे खेत जाने वाली कच्ची रास्ते पर करंट की चपेट में आने से एक दुधारू गाय व चार बकरी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पांचों मवेशी टेंगरिया गांव निवासी रंजीत कुजुर की है। इस संदर्भ में भुक्तभोगी रंजीत ने बताया कि पांचों पशुओं को बुधवार की अपराह्न लगभग चार बजे चराने के लिए वे कच्ची रास्ते से खेत की ओर ले जा रहे थे। इसी दौरान पांचों मवेशी करंट की चपेट में आ गए। जिससे घटनास्थल पर ही पांचों की मौत हो गई। इन्ही पशुओं से ही हमारा जीविकोपार्जन चलता था। वहीं भुक्तभोगी ने स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक पदाधिकारियों से अपने गाय व बकरी की हुई मौत को लेकर मुआवजे की मांग की है।

### कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन स्थगित

**सोनाहातू।** प्रखंड कांग्रेस कमिटी सोनाहातू के द्वारा 1 जुलाई शनिवार को माही बैंक्वेट हॉल में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया थाएलेकिन जिला कमेटी व्यस्तता के कारण कार्यक्रम को स्थगित किया गया है। कार्यकर्ता सम्मेलन को 10 जुलाई सोमवार को आयोजित किया गया है। इसकी जानकारी प्रखंड अध्यक्ष अजगुत महतो के द्वारा दिया गया है।

### श्राद्धकर्म में शामिल हुए जिप सदस्य

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के पालना गांव निवासी आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र महतो के पूजनीय पिताजी का दसकर्म श्राद्ध में तमाड़ पश्चिमी जीप सदस्य विजय सिंह मानकी, आजसू पार्टी तमाड़ पश्चिमी प्रखंड अध्यक्ष जगदीश कुमार गुप्ताए आजसू पार्टी के रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष हीरालाल दास शामिल होकर उनके फोटो पर पुष्पंजली अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किए।

### बिजली मिस्त्री को लगा करंट, पोल से गिरा कमर की हड्डी टूटी

**सिकिदिरी।** टाटी और सुरसू पंचायत में हेल्पर के रूप में काम करने वाला टाटी निवासी बिजली मिस्त्री चरण बेदिया 11000 वोल्ट लाईन के झटके से पोल से नीचे गिर गया। पोल से गिरने से चरण बेदिया के कमर की हड्डी टूट गई है। घटना गुरुवार की दोपहर करीब तीन बजे की है। घटना की सूचना मिलते ही आजसू के प्रखंड उपाध्यक्ष अमर सिंह मुंडाए श्यामसुंदर बेदियाए शंकर बेदिया घटनास्थल पर पहुंच कर गंभीर हालत में उसे अस्पताल भेजा। बताया जाता है कि सुरसू के हरजालुम गांव में शट डाउन लेकर विभाग के अन्य बिजली मिस्त्री के साथ चरण बेदिया 11 हजार वोल्ट की लाईन को ठीक कर रहा था। अचानक तार में करंट प्रवाहित होने से उसके झटके से वह पोल के नीचे गिर गया, जिससे उसकी कमर की हड्डी टूट गई। गनीमत थी कि बिजली मिस्त्री की जान बच गई। ग्रामीणों ने इसे बिजली विभाग की लापरवाही का नतीजा बताया है।

## समस्याओं को लेकर राकोमयू ने एनके महाप्रबंधक से की वार्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर युनीयन का 11 सुत्री मांग पत्र के आलोक में संजय कुमार महाप्रबंधक की अध्यक्षता में वार्ता किया गया। बैठक में मोहननगरए धमधमियाए सुभाष नगर कोलोनी में पानी आपूर्ति हेतु शीघ्र कारवाई करनेए कालोनियों में नाला की सफाई, आवास मरम्मत, स्कूल बस की व्यवस्था में सुधारए सी एम पी एफ का अपडेट करनेए पदोन्नति समय पर एस एल पी सहित अन्य कार्य को तय समय के अंदर करने पर सहमति बनायी जाय। बैठक मे ललन प्रसाद सिंहए फूलेशवर यादयए सुनील कुमार सिंहए जेड एच खानए प्रदिप कुमार धीरज कुमार हलीम खान जगन्नाथ महतो देवपाल मुडा सुरेंद्र चौहान, प्रमिला देवी धनंजय चौहान चन्द्रदिप पासवान तिला महतो दिपनारायण महतो मिना देवी चंदा महतोए वीर बहादूर इंदल कुमार अभिमन्यु विदेशी गंझू संतोष उरांव महेन्द्र यादव राघव चौबे प्रबंधन की ओर सेण जोयती कुमार नवनीत शेखरए ए नरेश सिंह जे के सिंह अनील कुमार सिंह राहूल कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## इटकी जामा मस्जिद में पढ़ी गयी बकरीद की नमाज



**इटकी।** त्याग व बलिदान का त्योहार बकरीद गुरुवार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो गया। सुबह से ही इस्लाम धर्मावलंबियों ने बकरीद की विशेष नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों में पहुंचने लगे। इटकी जामा मस्जिद में प्रातः 8 बजे मौलाना ताल्हा नदवी के इमामत में सैकड़ो लोगों ने बकरीद की विशेष नमाज अदा की। खुतबा के अलावा देश की एकता, अखंडता, भाईचारे, तरक्कीए बुराई की खात्मे व विश्व शान्ति की सामुहिक दुआ की गई। इसके बाद एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की बधाई दी गई।

## एक नजर में

### पद्मश्री सिमोन उरांव का बना आयुष्मान कार्ड



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के जामटोली रोड़ स्थित पद्मश्री सिमोन उरांव के आवास में गुरूवार को अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की के उपस्थिति में आयुष्मान कार्ड के लिए निबंधन किया गया।गज्ञात हो कि पद्मश्री सिमोन लगभग एक साल से पैरालाइसिस से पीड़ित हैं। मौके पर अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की ने कहा कि सिमोन बाबा लम्बे समय से बीमार हैं। जिन्हें देखकर ईलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। जिस कार्ड से पांच लाख तक की चिकित्सा सुविधा मुफ्त मिलेगा। उन्होने आगे कहा कि इनकी बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किया जायगा। हमलोग बीडीओ डा प्रवीण कुमार के साथ बैठक कर सिविल सर्जन को भी आवेदन लिखेंगे। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्कीए प्रज्ञा संचालक शाहिद अंसारी साथ में थे।

### अनगड़ा : वृक्षों को बांधा रक्षा सूत्र



**अनगड़ा।** प्रखंड क्षेत्र अर्न्तगत नवागढ़ पंचायत के ग्राम बड़कीगोड़ाग में गुरुवार को प्राकृतिक खेती सह वृक्ष रोपण एवं वृक्ष का बंधन सूत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों द्वारा श्रमदान से सड़क निर्माण कार्य भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निशा उरांव पंचायती राज सचिव निशा उरांव एवं विशिष्ट अतिथि स्वामी भावेशानंद जी महाराज रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची उपस्थित थे। कार्यक्रम में अनगड़ा प्रखंड प्रमुख दीपा उरांव जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा नवागढ़ मुखिया भुनेश्वर बेदिया समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### नगड़ी में भाईचारे के साथ मनी बकरीद

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड सहित आसपास के क्षेत्र में गुरुवार को त्याग व बलिदान का त्यौहार ईद-उल-अजहा सौहार्दपूर्ण व परंपरागत ढंग से मनाया गया। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने त्याग और समर्पण के प्रतीक स्वरूप पैगम्बर हजरत इब्राहीम के बताए मार्ग में कुर्बानियां दी गई। नगड़ी जामा मस्जिदएदेवरी मस्जिदे बेलाल के अलावा न्यासराय मस्जिदए पुनदाग मस्जिद सपरोम मस्जिद सहित विभिन्न गांवों के मस्जिदों में भी ईद उल अजहा की विशेष नमाज अदा की गई। नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने देश की एकता अखंडताए अमन शांति एवं खुशहाली की दुआएं मांगी। नगड़ी जामा मस्जिद में मौलानां अब ओबेदाए मदीना मस्जिद में कारी शमशाद द्वारा ईद की विशेष नमाज पढ़ाई गई। खुतबे के बाद एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दिया। नमाज के बाद लोगों ने बकरे की कुबार्नी की। नगड़ी पुलिस प्रशासन ने बकरीद पर्व को लेकर पूरी तरह से मुस्तैद दिखी।

### जिप सदस्यों ने जिला अभियंता के खिलाफ उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**अनगड़ा।** रांची जिला परिषद के जिला अभियंता मिथिलेश कुमार पांडे के विरुद्ध जिला परिषद के सदस्यों ने मोर्चा खोल दिया है टेंडर बेचने एवं अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए जिला परिषद अध्यक्ष के नेतृत्व में जिला परिषद के सदस्यों ने उपायुक्त रांची राहुल कुमार को एक ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है सदस्यों का आरोप है कि जिला परिषद के जिला अभियन्ता ने एक को उगाही के लिए कार्यालय में नियुक्त कर ठेकेदारों से सीएस के पैसे की वसूली की जाती है और टेंडर को गलत तरीके से मैनेज कर ठेकेदारों को दिया जाता है। जिला परिषद के सदस्यों ने इसकी उचित जांच कर भ्रष्ट अभियंता के विरुद्ध जांच कर दंडित करने की मांग की है। सदस्यों ने जिला अभियंता एवं सभी सहायक अभियंताओं के जिला परिषद के कार्यकाल की जांच कर इनके आय एवं संपत्ति की जांच की मांग की है।

## मैक्लुस्कीगंज के पर्यटन क्षेत्र का निरीक्षण

### मुख्य सचिव और पर्यटन सचिव मैक्लुस्कीगंज पहुंचे

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** मिनी लंदन के नाम से प्रसिद्ध मैकलुस्कीगंज गांव को झारखंड सरकार की ओर से पर्यटन क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाने के लिए सरकार के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह और पर्यटन विभाग के सचिव मनोज कुमार मैकलुस्कीगंज पहुंचे। सरकार के दोनों सचिवों ने मैकलुस्कीगंज में पर्यटक को बढ़ावा देने के लिए टूरिज्म प्लेस का निरीक्षण किया, जिसमें मुख्य सचिव ने मैकलुस्कीगंज के पर्यटक स्थल का निरक्षण में ड्रीम डेस्टिनेशन, डेगाडेगी नदी राणा कॉटेज नकटा पहाड़ शंकर निकेतन और सर्वधर्म स्थल दुल्ली का भी निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि मैकलुस्कीगंज की जनता पर्यटन को बढ़ावा व रोजगार सृजन के लिए कई बार सरकार से गुहार लगा चुकी है। निरक्षण के दौरान खलारी सीओ शिशुपाल आर्या, खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी, खलारी इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी फरीद आलम, मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह सहित अन्य सुरक्षा कर्मी मौके पर तैनात थे।

## सिमलिया रिंग रोड पर सड़क हादसे में एसी मिस्त्री की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** सिमलिया रिंग रोड स्थित हीरामणि फ्यूल्स के समीप गुरुवार की सुबह साढ़े नौ बजे अज्ञात पिकअप वेन की चपेट में आने से 35 वर्षीय बुलबुल शेख की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वह पश्चिम बंगाल के दक्षिण गौणपुर साउथ, 24 परगना निवासी सिराजुल शेख का पुत्र था। पुलिस ने शव का पंचनामा कर रिम्स में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। उसकी अंत्येष्ठि कोलकाता में की जायेगी। रातू थाने में अज्ञात चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जानकारी के मुताबिकए बुलबुल शेख काठीटांड़ स्थित शिमला कॉलोनी में किरायेदार था। पेशे से एसी मिस्त्री सुबह ईद उल अजहा की नमाज पढ़ने के बाद नयांटोली गया था। पेट्रोल पंप के पास सड़क पार करने के दौरान दलादिली की ओर से आ रही पिकअप ने उसे रौंद डालाए जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। मृतक के पॉकेट से मोबाइल और आधार कार्ड मिला। इसके जरिये उसकी शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी गयी। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। छोटा भाई चड्डा गांव में रहता है। उसकी दो बहनें हैं। एसना तारा की शादी हो चुकी है। छोटी बहन तन्नू अविवाहित हैं।

## अमित दत्ता जिलाध्यक्ष, कमलेश दुबे बनाये गये जिला महासचिव

**तमाड़।** ऑल इंडिया स्मॉल मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा गुरुवार को जिला कमेटियों का चयन किया गया। जिसमें रांची जिला ग्रामीण कमेटी का भी चयन किया गया जिसमें बुंडू प्रखंड क्षेत्र के अमित दत्ता को ग्रामीण जिला अध्यक्ष तथा सिल्ली प्रखंड के कमलेश दुबे को महासचिव मनोनीत किया गया है। इन दोनों के रांची जिला कमेटी में अध्यक्ष तथा महासचिव बनाए जाने पर ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के झारखंड बिहार बंगाल प्रभारी प्रीतम सिंह भाटिया ने उन्हें शुभकामनाएं दी है। संगठन के समरूप कार्य कर पत्रकारों के हित में सदैव खड़े रहने के लिए कहा गया है। इस मौके पर मनोनीत हुए अध्यक्ष अमित दत्ता तथा महासचिव कमलेश दुबे ने नए दायित्व मिलने पर संगठन के वरीय पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि संगठन के मजबूती के लिए सभी कार्य करेंगे।

### इन्होंने दी बधाई

मनोनयन पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र जायसवाल बंटी, प्रदेश महासचिव प्रविन्द पांडेय, प्रदेश प्रवक्ता अरुण मांझी, प्रमंडल अध्यक्ष दिनेश बनर्जी सहित कई पदाधिकारियों ने शुभकामनायें दी है।

## कंचनजंगा स्कूल का मना वार्षिकोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** मैकलुस्कीगंज के कंचनजंगा इन्टरनेशनल स्कूल में गुरुवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि विद्यालय के निदेशक कमल मुंडा के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्राओं ने पुष्प गुच्छ देकर एवं बैच लगाकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में छात्र.छात्राओं ने सरस्वती वंदनाए स्वागत गीतए देश भक्ति गीतए सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि की बेहतरीन प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों को मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा विद्यालय का उद्देश्य कम खर्च में अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराना है। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मौजूदा दौर कड़ी प्रतिस्पर्धा का हैए लिहाजा लक्ष्य हासिल करने व जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत व अनुशासन बहुत जरूरी है। ईमानदारी व निष्ठा से की जाने वाली मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। कहा कि गुरुजनों का आदर व सम्मान के बिना मंजिल नहीं मिलती। इसका भी विशेष ध्यान रखें। विद्यालय के प्राचार्य सुशांत कुमार पाठक ने विद्यालय का लेखाजोखा प्रस्तुत किया। संचालन व धन्यवाद विद्यालय के प्राचार्य ने किया।

## पंचायत की मजबूती से देश होगा मजबूत : मुखिया

### मुखिया रमेश बेदिया भाजपा में हुए शामिल सांसद ने किया स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



मुखिया रमेश बेदिया का स्वागत करते सांसद संजय सेठ।

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र सुदूरवर्ती पंचायत टुंडाहुली के मुखिया रमेश बेदिया भाजपा में शामिल हो गये हैं। गुरुवार को सांसद संजय सेठ ने अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल की कार्यकाल के बेमिसाल उपलब्धियों से प्रभावित देशभर से पंचायत जनप्रतिनिधि भाजपा में शामिल हो रहे हैं। देश की जनता में खुशहाली का माहौल है और गांव पंचायत में भी भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में महौल बन रहा है। उन्होने मोदी सरकार के नौ वर्ष के विकास व सफलतम कार्यकाल और जन कल्याणकारी नीतियों पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्याणकारी योजना से देश का कोई भी समाज व व्यक्ति अछूत नहीं है। अब देश के नागरिक जागरूक हो गए हैं। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर देश की जनता काफी उत्सुक हैं। अब देश की जनता देशहित में नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री के रूप में देखने का मन बना चुकी है। वर्ष 2024 के चुनाव में एक बार फिर नरेंद्र मोदी की सरकार बनेगी।

### अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

मौके पर सांसद संजय सेठ ने सदमा पंचायत के मुखिया सुनील उरांव व ओरमांझी के उप मुखिया संतोष गुप्ता को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

# परेशान पुतिन

सवा साल से अधिक समय से यूक्रेन युद्ध में कामयाबी न मिल पाने से मुश्किलों में घिरे रूसी राष्ट्रपति पुतिन को वैग्नर लड़ाकों की चुनौती बताती है कि रूस में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं है। पुतिन की प्राइवेट आर्मी कहे जाने वाले वैग्नर ग्रुप के विद्रोही तेवरों ने पूरी दुनिया को चौंकाया है। मामले का तब पटाक्षेप हो गया जब वैग्नर आर्मी के प्रमुख येवेनी प्रोगोझिन और पुतिन के मित्र व बेलारूस के राष्ट्रपति लूकाशेंको के बीच समझौता हो गया। यह भी कहा गया कि यह कुख्यात प्राइवेट आर्मी मास्को पहुंचने की कोशिश कर रही है। बहरहाल हकीकत कुछ भी हो इस घटनाक्रम से रूसी राष्ट्रपति पुतिन की प्रतिष्ठा पर आंच तो आई ही है। वहीं पुतिन ने वैग्नर के विद्रोह को विश्वासघात बताते हुए सख्त कार्रवाई की बात कही। लेकिन दुनिया अभी समझने की कोशिश कर रही है कि पुतिन की सोच से उपजी यह कुख्यात प्राइवेट आर्मी अचानक पुतिन के खिलाफ कैसे हो गई। सवाल उठाया जा रहा है कि पुतिन के इशारे पर पूरी दुनिया के अशांत इलाकों में कोहराम मचाने वाले वैग्नर समूह ने अचानक विद्रोही तेवर क्यों अपना लिये? अब तो यह समूह रूसी सेना के साथ यूक्रेन में कंधा से कंधा मिलाकर लड़ रहा था? यूक्रेन ही नहीं, दुनिया के कई अशांत इलाकों मसलन सीरिया व लीबिया में भी वैग्नर ग्रुप के लड़ाके रूस के हितों की पूर्ति के लिये कहर बरपाते रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस प्राइवेट आर्मी में जहां कुछ रूसी भूतपूर्व सैनिक हैं तो एक बड़ी संख्या सजायाफ्ता कुख्यात अपराधियों की है, जिन्हें मुक्ति का आश्वासन दिया जाता है। जिनका एकमात्र मकसद पैसा कमाना ही होता है। ऐसे में इस असामान्य बुनियाद वाले संगठन द्वारा यदि विद्रोह का बिगुल बजाया जाता है तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए। यह भी कयास लगाये जा रहे हैं कि सारे घटनाक्रम के कुछ परोक्ष लक्ष्य हों। ऐसे चौंकाने वाले फैसलों

# फंसते स्टार्टअप

भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम, जिसे अगली ग्लोबल ग्रोथ स्टोरी के रूप में जाना जाता है, वर्तमान में महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रहा है। भारत के सबसे वैल्यूएबल स्टार्टअप, बैयजू के हालिया संकट ने स्टार्टअप ईकोसिस्टम को प्रभावित करने वाली अंदर चल रही समस्याओं पर प्रकाश डाला है। 15 महीने से ज्यादा समय से चली आ रही फंडिंग मंदी ने कई नई कंपनियों को असुरक्षित बना दिया है और उन्हें अतिरिक्त नुकसान होने का खतरा है। बैयजू स्वयं उथल-पुथल में है, वह वित्तीय विवरण की समय सीमा चूक गई है, 1.2 बिलियन डॉलर के ऋण को डिफॉल्ट कर दिया, और प्रमुख बोर्ड सदस्यों और अपने ऑडिटर को खो दिया। बैयजू की स्थिति भारतीय उद्यमियों के सामने आने वाली कुछ अनोखी चुनौतियों को बताती है और वैश्विक निवेशकों के बीच चिंता बढ़ा सकती है। एक अरब से अधिक लोगों वाले भारतीय उपभोक्ता बाजार की विशेषता यह है कि यह तेजी से बढ़ रहा है, फिर भी इसकी खर्च करने की क्षमता अपेक्षाकृत सीमित है। जिसकी वजह से प्राइस कौन कम करके बेचेगा, इसको लेकर तगड़ा कंपटीशन होता है, जिससे स्टार्टअप के लिए फायदा हासिल करना कठिन हो जाता है। इसके अलावा, देश में निवेशक ढूंढना उतना आसान नहीं है, जिससे फाउंडर को उन विदेशी निवेशकों पर निर्भर होना पड़ता है जो इस तरह के बाजार में जोखिम लेने के इच्छुक हों। बैयजू का संकट कॉर्पोरेट गवर्नेंस में कमियों को भी उजागर करता है, विशेष रूप से स्टार्टअप बूम के दौरान जिसने 2022 की शुरूआत में गति खो दी थी। जैसे-जैसे वेंचर फंडिंग देश में खूब आई, भारत में यूनिकॉर्न स्टार्टअप में वृद्धि देखी गई, बैयजू जैसी कंपनियों को अधिग्रहण और विस्तार के लिए पूंजी का आसान एक्सेस मिला, वेंचर समर्थकों ने मुख्य रूप से कमाई की बजाय विकास पर ध्यान केंद्रित किया।

# कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों में दांव पेंच





-विकास सक्सेना

> ठीक इसके उलट कर्नाटक के चुनावी नतीजे आते ही तमाम क्षेत्रीय दलों के नेताओं के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई देने लगी हैं। वे पहले के मुकाबले ज्यादा आक्रामक तरीके से कांग्रेस पर हमलावर हैं। दरअसल लगभग सभी क्षेत्रीय दलों की राजनीति जिस मुस्लिम वोट बैंक पर टिकी हुई है उसमें कांग्रेस की सेंधमारी से ये दल घबराए हुए हैं। बीते 30 साल में जिन राज्यों में भी क्षेत्रीय दलों का विकास हुआ उसकी कीमत कांग्रेस को ही चुकानी पड़ी है।

**आगामी** लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बेदखल करने की रणनीति बनाने के लिए कुछ राजनीतिक दलों की पटना में महाबैठक हो चुकी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बुलावे पर जुटे 15 दलों के नेताओं ने इस बैठक में विपक्षी एकता के लिए बड़ी से बड़ी कुबार्नी देने की बात कही है। मगर भाजपा विरोधी दलों के ये दावे बैठक खत्म होने से पहले ही हवा हो गए। दिल्ली में अधिकारियों की नियुक्ति और स्थानांतरण को लेकर लाए गए केंद्र सरकार के अध्यादेश के विरोध का कांग्रेस की ओर से ठोस आश्वासन न मिलने से खफा आम आदमी पार्टी बैठक के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता से नदारद रही। बैठक के चंद घंटे बाद ही पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने ममता बनर्जी पर तीखे हमले किए तो ममता बनर्जी ने भी एक बार फिर कांग्रेस और माकपा पर भाजपा से मिलीभगत का आरोप मढ़ा।

बैठक के बाद से हो रही बयानबाजी से स्पष्ट है कि भले ही कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों के नेता विपक्षी एकता की बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हों लेकिन उनका असल मकसद एक-दूसरे को विपक्षी एकता में बाधक साबित करके भाजपा का मददगार दिखाना ज्यादा लग रहा है। ताकि भाजपा विरोधी मुस्लिम मतदाताओं पर पकड़ ज्यादा मजबूत की जा सके। लगातार दो आम चुनाव में भाजपा की प्रचंड विजय ने विरोधियों की नींद हराम कर दी है। राजनीतिक विश्लेषकों के साथ-साथ अब तमाम नेता भी सार्वजनिक तौर पर यह स्वीकार करने लगे हैं कि भाजपा के विजय रथ को अकेले रोक पाने के क्षमता किसी भी विपक्षी दल में नहीं है। इसीलिए भाजपा के खिलाफ हर सीट पर विपक्ष का संयुक्त उम्मीदवार उतारने की बात की जा रही है। लेकिन इस विपक्षी मोर्चे की कमान किसके हाथ में होगी इसको लेकर मोदी विरोधियों में गहरे मतभेद हैं। गैर भाजपा दलों में कांग्रेस ही एक मात्र पार्टी है जिसका पूरे भारत में संगठन मौजूद है। इसलिए कांग्रेसियों का मानना है कि विपक्षी एकता की कमान स्वाभाविक तौर पर कांग्रेस को मिलनी चाहिए।

कर्नाटक विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के बाद से कांग्रेस के नेताओं और कार्यकताओं का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है। उन्हें लगता है कि हिमाचल प्रदेश के बाद कर्नाटक में भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के बाद मोदी विरोधी गठबंधन के नेतृत्व को लेकर उसकी दावेदारी मजबूत हुई है। ठीक इसके उलट कर्नाटक के चुनावी नतीजे आते ही तमाम क्षेत्रीय दलों के नेताओं के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई देने लगी हैं। वे पहले के मुकाबले ज्यादा आक्रामक तरीके से कांग्रेस पर हमलावर हैं। दरअसल लगभग सभी क्षेत्रीय दलों की राजनीति जिस मुस्लिम वोट बैंक पर टिकी हुई है उसमें कांग्रेस की सेंधमारी से ये दल घबराए हुए हैं। बीते 30 साल में जिन राज्यों में भी क्षेत्रीय दलों का विकास हुआ उसकी कीमत कांग्रेस को ही चुकानी पड़ी है। इन दलों ने किसी एक जाति के वोट बैंक को आधार बनाकर उसके साथ मुस्लिम वोटों को जोड़कर सफलता हासिल की है। इस बार खास यह है कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने पहली बार क्षेत्रीय पार्टी जनता दल सेक्युलर के मुस्लिम वोट बैंक में सेंधमारी करने में सफलता हासिल कर ली। धोखे से धर्मांतरण के खिलाफ भाजपा सरकार ने जो सख्त कानून बनाया है उसे खत्म कर दिया जाएगा और मुस्लिमों का आरक्षण फिर से बहाल कर दिया जाएगा। भारत को मुस्लिम राष्ट्र बनाने की योजना पर काम कर रहे कट्टरपंथी संगठन पीएफआई पर केंद्र सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के एवज में बजरंग दल जैसे संगठनों पर प्रतिबंध का भरोसा दिया गया। इस तरह के वायदों के बाद मुस्लिमों का बड़ा वर्ग कांग्रेस के पाले में आ गया। इसका नतीजा निकला कि वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में 18.36 प्रतिशत मत हासिल करके कर्नाटक विधानसभा की कुल 224 सीटों में से 37 सीटों पर जीत दर्ज कराने वाली जेडीएस 13.29 प्रतिशत मतों के साथ 19 सीटों पर सिमट कर रह गई। इसका सीधा लाभ कांग्रेस को हुआ। उसका मत प्रतिशत 38.04 से बढ़कर 42.88 हो गया। उसकी सीटें भी 78 से बढ़कर 135 हो गईं। हालांकि विधानसभा चुनाव 2018 में 36.22 प्रतिशत वोट लेकर 104 सीटों पर जीत हासिल करने वाली भाजपा 2023 में हुए विधानसभा चुनावों में भी लगभग 36 प्रतिशत वोट लेने में कामयाब रही लेकिन मुस्लिम वोटों का जेडीएस के खेमे से निकलकर कांग्रेस के पाले में ध्रुवीकरण होने से उसकी सीटें घटकर महज 66 रह गईं।

पश्चिम बंगाल के सागरदिघी विधानसभा उपचुनाव ने भी क्षेत्रीय दलों को सकते में डाल दिया था। दरअसल 60 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम आबादी वाला सागरदिघी विधानसभा क्षेत्र पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में आता है। कांग्रेस के पश्चिम बंगाल प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी का यह गृह जिला है। इस क्षेत्र में ममता बनर्जी का खासा प्रभाव भी है। इसीलिए वर्ष 2011 के बाद से लगातार यहां से तृणमूल कांग्रेस का प्रत्याशी विजयी होता रहा है। विधानसभा चुनाव 2021 में भी सुब्रत साहा ने इस सीट पर 50 हजार से अधिक मतों से जीत हासिल की थी। उन्हें प्रदेश सरकार में मंत्री भी बनाया गया था। लेकिन उनका निधन हो जाने के कारण इस साल फरवरी के अंत में इस सीट पर उपचुनाव कराया गया। इसमें कांग्रेस उम्मीदवार वायरन विश्वास ने तृणमूल कांग्रेस के देवाशीष बंदोपाध्याय को लगभग 23 हजार वोटों से पराजित कर दिया। मुस्लिम बहुल सीट पर मिली करारी हार से ममता बनर्जी को गहरा झटका लगा। इस हार का बदला लेने के लिए टीएमसी ने कांग्रेस के इकलौते विधायक वायरन विश्वास को तीन महीने के भीतर ही तोड़कर टीएमसी में शामिल कर लिया है। अयोध्या में विवादित ढांचा गिराए जाने के बाद से कांग्रेस से छिटके मुस्लिम मतदाता पश्चिम बंगाल के सागरदिघी उपचुनाव और कर्नाटक विधानसभा चुनावों में फिर से कांग्रेस की ओर झुकते दिखाई दे रहे हैं। मुस्लिम मतदाताओं की सोच में आए इस बदलाव से क्षेत्रीय दलों के नेताओं में घबराहट है। विपक्षी एकता के नाम पर वे कांग्रेस को अपने राज्यों में चुनाव लड़ने से रोकना चाहते हैं।

## खास बात

### स्टॉर्ट अप भारत पे पर संकट

**भारत** पे नाम की एक फिनटेक कंपनी ने अपने सह-संस्थापकों में से एक और उसकी पत्नी पर मुकदमा दायर किया क्योंकि उन पर कंपनी से पैसे चुराने और उसे गलत तरीके से इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया था। गोमैकेनिक नाम की एक अन्य कंपनी, जो कार सेवाएं प्रदान करती है, उस पर वास्तव में जितना पैसा कमाया था, उससे अधिक पैसा कमाने का दिखावा करने का आरोप लगाया गया था। इन घोटालों के कारण, सिकोइया कैपिटल नाम की एक बड़ी निवेश कंपनी ने अपने स्टार्टअप निवेशों की अधिक सावधानी से जाँच करना शुरू कर दिया। इससे पता चलता है कि कंपनियों के लिए बेहतर नियम होना और पैसे के मामले में अधिक सावधान रहना महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को टेक्नॉलजी के क्षेत्र में एक मजबूत प्लेयर बनाने के लिए काम कर रहे हैं। यह वैश्विक कंपनियों को भारत में निर्माण कराने और इंटरनेट के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंचने से हो रहा है। हालांकि, भारत में स्टार्टअप्स पर अभी सकारात्मक प्रभाव देखने को नहीं मिल रहा है।

टेक्नॉलजी कंपनियों का वैल्यूएशन अचानक कम हो गया है, और ब्याज दरें बढ़ गई हैं जबकि दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाएं धीमी हो रही हैं। इस वजह से, निवेशक अपने पैसे को लेकर सावधानी बरत रहे हैं और नए स्टार्टअप को उतनी फंडिंग नहीं दे रहे हैं, जिससे भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए मुश्किल हो रही है।

भारत में कुछ बड़े स्टार्टअप सार्वजनिक होने पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए, जिसका मतलब है कि उन्होंने जनता को शेयर बेचना शुरू कर दिया। इसका एक उदाहरण पेटीएम है, जो डिजिटल भुगतान में मदद करती है। उनकी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश अच्छी नहीं रही और कंपनी अभी भी मुश्किल दौर से गुजर रही है। अन्य उदाहरण जोमोटो और पॉलिसी बाजार हैं। उनके आईपीओ भी उम्मीद के मुताबिक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और उनके शेयरों की कीमतें गिर गईं। ये कंपनियां अभी भी मुनाफे में पहुंचने के लिए पर्याप्त पैसा कमाने की कोशिश कर रही हैं।

# विद्यापति का बोध

## विचार-प्रवाह

-अशोक प्रवृद्ध

**कृतज्ञ** महाकवि ने भी अपने गीतों द्वारा अपने अभिन्न मित्र एवं आश्रयदाता राजा शिवसिंह एवं उनकी सुल पत्नी रानी लखिमा देवी (ललिमादेई) को अमर कर दिया। सबसे अधिक लगभग 250 गीतों में शिवसिंह की भणिता मिलती है।

महाकवि विद्यापति ठाकुर के पारिवारिक जीवन का कोई स्वलिखित प्रमाण नहीं है, किन्तु मिथिला के उतेढ़पोथी से ज्ञात होता है कि इनके दो विवाह हुए थे। प्रथम पत्नी से नरपति और हरपति नामक दो पुत्र हुए थे और दूसरी पत्नी से एक पुत्र वाचस्पति ठाकुर तथा एक पुत्री का जन्म हुआ था। संभवतः महाकवि की यही पुत्री दुल्लहिनाम की थी जिसे मृत्युकाल में रचित एक गीत में महाकवि अमर कर गये हैं। कालान्तर में विद्यापति के वंशज किसी कारणवश विसपी को त्यागकर सदा के लिए सौराठ गाँव (मधुबनी ज़िला में स्थित समागाछी के लिए प्रसिद्ध गांव) आकर बस गए। वर्तमान समय में महाकवि के सभी वंशज इसी गांव में निवास करते हैं। जन्मतिथि की तरह महाकवि विद्यापति ठाकुर की मृत्यु के सम्बन्ध में भी विद्वानों में मतभेद है। कुछ विद्वान1440 ईस्वी तो कुछ विद्यापति का मृत्युकाल 1447 मानते है।

लेकिन स्पष्ट तौर पर जनश्रुतियां बताती है कि आधुनिक बेगूसराय ज़िला के मउबाजिदपुर (विद्यापतिनगर) के पास गंगातट पर महाकवि ने प्राण त्याग किया था। उनकी मृत्यु के सम्बन्ध में यह पद जनसाधारण में आज भी प्रचलित है, जिससे स्पष्ट होता है कि उनकी मृत्यु कार्तिक मास की शुक्ल त्रयोदशी को हुआ था-

विद्यापतिक आयु अवसान
कातिक धवल त्रयोदसि जान।

## कार्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### अनुचित आरोप

**वायु** प्रदूषण को लेकर पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत को कोसा। वह अमेरिका में प्रदूषण न होना बता कर हर बार जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर भारत, चीन और रूस पर आरोप लगाते आये हैं। वायु प्रदूषण के अलावा अमेरिका में ध्वनि प्रदूषण भी ज्यादा है। वायु प्रदूषण को रोकने के लिए सभी देशों की समान जिम्मेदारी है। यह किसी एक देश के लिए चुनौती नहीं है।

**– विवेक सिन्हा, बरही**

### जल संकट की त्रासदी

**झारखंड** की राजधानी रांची की भी कुछ ऐसी ही अवस्था है। ाजधानी के कई लोगों ने ट्विटर पर अपनी चिंता भी जताई । हम त्योहार बढ़ी धूम- धाम से मनाते हैं , मगर उस प्रक्रिया में नदियों और तालाबों को नजरंदाज करते हैं, जिस कारण जल प्रदूषण बढ़ते जा रहा है। ऐसे हालातों में साहसिक नियमों का लागू करना आवश्यक है। आने वाले दिन संकट के होंगे।

**-अनुष्का चौधरी, रांची**

**कोई** तो है मेरे अंदर
मुझे संभाले हुए,
बेकरार सा रह कर भी
बरकरार हूं।

**– अनुपम खेर, अभिनेता**

## आपके ट्वीट

**राजशुल्क,** उपकर आदि जैसे सरकारी राजस्व का हिसाब सभी अनुबंधों में एक समान आधार पर किया जाता रहेगानिर्यात पर रोक जारी रहेगी

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**





**टांगीनाथ** व अंजन धाम के विकास पर यदि झारखंड सरकार ध्यान केंद्रित करती तो ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ ये धार्मिक पर्यटन केंद्र तेजी से विकसित होते। ऐसी विरासतें हाशिए पर क्यों?

**–महेश पोद्दार, सांसद**

# हूल: 20 हजार आदिवासी योद्धाओं ने रक्त से लिखा स्वतंत्रता का इतिहास

अशोक बड़ाईक

**भारतीय** स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास अनेक बड़े और महत्वपूर्ण आंदोलनों से भरा है। इसमे से एक है संथाल आदिवासियो का आंदोलन हूल क्रांति। हूल संथाली भाषा का शब्द है, जिसका मतलब होता है विद्रोह। 30 जून, 1855 को संथाल आदिवासियों ने अंग्रेजी शासन के दमन एवं अत्याचार के खिलाफ पहली बार विद्रोह का बिगुल फूंका। इस दिन 400 से अधिक गांवों के 50000 से अधिक लोगों ने साहिबगंज के भोगनाडीह गांव पहुंचकर अंग्रेजों से जंग करने का एलान कर दिया। आदिवासी भाई.बहनों सिद्धो-कान्हो, चांद-भैरव और फूलों-झानो के नेतृत्व में संथालों ने मालगुजारी नहीं देने और करो या मरो, अंग्रेजो हमारी माटी छोड़ो, अबुवा दिशुम, अबुवा राज के नारों के साथ अंग्रेजो के खिलाफ युद्ध करने का एलान किया। संथाल विद्रोहियों के आक्रामक रवैये से घबराकर अंग्रेजो ने उनका दमन प्रारंभ करना शुरू कर दिया। जब अंग्रेजो का दमन बढ़ने लगा तो इसकी प्रतिक्रिया में आदिवासियों ने अंग्रेजी सरकार की ओर से आये जमींदारों और सिपाहियों को मौत के घाट उतार दिया। तब विद्रोहियों को सबक सिखाने के लिए अंग्रेजों ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं। चांद और भैरव को अंग्रेजों ने मार डाला।

एक अंग्रेज इतिहासकार हंटर ने अपनी पुस्तक में लिखा है कि इस महान क्रांति में लगभग 20000 से अधिक आदिवासियों को अंग्रेजो ने गोलियों की तड़तड़ाहट से मौत के घाट उतार दिया।

## सामयिक



इसके बाद सिद्धो और कान्हो को साहिबगंज के भोगनाडीह में ही पेड़ से लटकाकर 26 जुलाई 1855 को फांसी दे दी गई। हूल क्रांति एक राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर आधारित आंदोलन थी।

आदिवासियों की जल, जंगल और जमीन पर अंग्रेजों द्वारा जबरन किये जाने वाले कब्जे के खिलाफ आंदोलन था। आदिवासी समुदायों के पास सदियों से जीविका के लिए जंगलों का अधिकार था, जो उनकी सांस्कृतिक और आर्थिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा था। लेकिन अंग्रेज सरकार ने उनकी जमीनों को जबरन कब्जा करके उनकी संस्कृति और जीविका को प्रभावित किया। इस प्रशासनिक उत्पीड़न के खिलाफ उनकी आदिवासी अस्मिता के सवाल पर प्रतिक्रिया के रूप में हूल क्रांति की नींव रखी गई थी।

हूल क्रांति एक संगठित रूप में तैयार की गई थी और इसमें अनेक आदिवासी समुदायों का समर्थन मिला था। यह भारत की स्वतंत्रता एवं स्वाधीनता की लड़ाई के लिए ऐतिहासिक पल थाए जब पहली बार भारतीय आदिवासियों ने संगठनबद्ध रूप से अपने अधिकारों की रक्षा करने के लिए अंग्रेजो के खिलाफ आंदोलन चलाया।

यह आंदोलन न केवल उनके आर्थिक और सामाजिक हकों की मांग कर रहा थाए बल्कि उनके स्वतंत्रता और अस्मिता के मुद्दे पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा था। संथाल की माटी के हजारों हजार इन्हीं आदिवासी शहीदों की याद में हर साल 30 जून को हूल दिवस मनाया जाता है।

**(प्रदेश मीडिया प्रभारी, भाजपा झारखंड )**

# 5 जी: अहम बैंड पर सबकी नजर

सुरजीत दास गुप्ता

## आइटी

**दूरसंचार** कंपनियां आगामी स्पेक्ट्रम नीलामी में प्रत्येक स्थानीय सेवा क्षेत्र में दमदार बोली के साथ शीर्ष रैंक वाले बोलीदाता का दर्जा हासिल करने तैयारी कर रही हैं ताकि 3.5 गीगाहट्र्ज 5जी बैंड में उसे बेहतरीन भार रहित स्पेक्ट्रम हासिल हो सके। इससे बाजार में उन्हें अपने प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले बेहतर स्थिति हासिल करने में मदद मिलेगी।

शीर्ष रैंक एक जटिल प्रक्रिया द्वारा तय की जाती है जो अनिवार्य रूप से प्रत्येक बोली दौर में बोली मूल्य को बढ़ाने वाली दूरसंचार कंपनियों की भूमिका पर आधारित होती है। इसलिए आसान शब्दों में कहें तो यदि कोई दूरसंचार कंपनी बोली मूल्य को बढ़ाती है तो उसे शीर्ष रैंक दिया जाता है।

उदाहरण के लिए, यदि कोई दूरसंचार कंपनी शुरूआती दौर में बोली को 250 से बढ़ाकर 270 रुपये कर देती है जबकि अन्य कंपनियां ऐसा नहीं करती हैं तो उसे शीर्ष रैंकिंग दी जाती है। यदि दो कंपनियों के बीच टाई हो जाता है तो शीर्ष रैंकिंग इस आधार पर निर्धारित होती है कि कितने क्लॉक राउंड में कौन आगे रहा था।

आवेदन आमंत्रित करने वाले नोटिस (एनआईए) के अनुसार, यदि 3,300 से 3,630 आवृत्ति बैंड में केवल 300 मेगाहट्र्ज या उससे कम की बिक्री होती है तो सफल बोलीदाताओं को स्पेक्ट्रम 3,600 से आवंटन शुरू होगा। साथ ही यह पहले रैंक वाले बोलीदाता से शुरू होकर 3,300 तक पीछे की ओर जाएगा। मान लेते हैं कि तीनों दूरसंचार कंपनियों में से प्रत्येक ने 100 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम के लिए बोली लगाई है तो पहले रैंक वाले बोलीदाता को 3,500 से 3,600 मेगाहट्र्ज के बीच स्पेक्ट्रम आवंटित किया जाएगा।

इस बैंड के पास कोई अन्य उपयोगकर्ता नहीं है जो इसके उपयोग को बाधित करेगा। साथ ही इस बैंड में वैश्विक स्तर पर काफी उपकरणों और रेडियो उपलब्ध हैं।

दूसरे रैंक वाले बोलीदाता के लिए एक समस्या है जिसका उल्लेख भारती एयरटेल ने दूरसंचार नियामक को लिखे अपने पत्र में कर चुकी है। 3.4 गीगाहट्र्ज से 25 मेगाहट्र्ज के बीच स्पेक्ट्रम का उपयोग एनएवीआईसी प्रणाली के लिए किया जाता है। इसरो द्वारा संचालित 8 उपग्रहों के जरिये नेविगेशन एवं समय संबंधी सेवाएं प्रदान की जाती हैं। अंतरिक्ष विभाग ने संकेत दिया है कि इस प्रणाली के आसपास 350 से 1,400 किलोमीटर के दायरे में एक बफर जोन होना चाहिए।

भारती एयरटेल ने 130 किलोमीटर बफर जोन रखने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए कहा है कि ऐसे में इस बैंड का उपयोग करने वाले ऑपरेटर इसके दायरे में आने वाले 600 शहरों और 60,000 से अधिक गांवों में रहने वाले देश की 7 करोड़ से अधिक आबादी को सेवाएं प्रदान नहीं कर पाएंगे।

इससे उन्हें बोली बढ़ाकर रैंक हासिल करने के मुकाबले कहीं अधिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। तीसरे रैंक वाले बोलीदाता के लिए चुनौती कहीं अधिक गंभीर है। सेना और नौसेना तटीय क्षेत्रों में 3,300 से 3,400 आवृत्ति बैंड का उपयोग करते हैं। भारत की विशाल तटवर्ती क्षेत्र को देखते हुए दूरसंचार कंपनियां 100 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम का उपयोग पूरी तरह नहीं कर पाएंगी क्योंकि उसे बिना हस्तक्षेप वाले 100 किलोमीटर का बफर जोन बनाना होगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### झामुमो का मिलन समारोह कल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सयाल उत्तरी पंचायत में गुरुवार को स्थानीय मुखिया आशा देवी की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में मुखिया आशा देवी और पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र यादव ने बताया कि एक जुलाई को सयाल अंबेडकर भवन में आयोजित झामुमो के मिलन सह सम्मान समारोह में हम सभी जनप्रतिनिधि अपने दर्जनों समर्थकों के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामेंगे। साथ ही पार्टी को और मजबूत बनाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा की सयाल उत्तरी पंचायत में विकास के लिए हर सार्थक कदम उठाया जाएगा। पंचायत में इस बार मूल समस्या पानी की रही है जिसे 2024 में दुरुस्त करा दिया जायेगा। मुखिया आशा देवी ने कहा की हर हाल में पानी की किल्लत दूर होगी। मौके पर पूर्व मुखिया सत्येंद्र यादव, मुखिया आशा देवी, उप मुखिया बिमलेश कुमार, वार्ड सदस्य मंजूलता कुमारी, सीता देवी, गीता कुमारी, विशाल कुमार, ज्ञानती देवी, कुलदीप उरांव, कांति कुमारी, पूनम देवी, अंशी देवी, संगीता देवी, बुलबुल कुमारी, सुनीता देवी अमित कुमार सिन्हा,अविनाश कुमार वर्मा, कुमार संजय श्रीवास्तव मौजूद थें।

### भाजपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान




**कुजू।** भाजपा मांडू उपाध्यक्ष रतन प्रसाद साहू व भाजयुमो मांडू मंडल अध्यक्ष रवि साहु के संयुक्त नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी के 9 साल बेमिसाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण अभियान के गुरूवार को क्षेत्र में जन संपर्क अभियान चलाया। अभियान के तहत कार्यकताओं ने कुजू पश्चिमी पंचायत के कुजू चौक, नया बाजार टांड़ आदि स्थानों में जाकर डोर टू डोर जन संपर्क अभियान चलाकर नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों की जानकारी दिया। इधर मांडू मंडल महामंत्री अशोक कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कुजू कोलियरी, न्यू कॉलोनी आदि स्थानों में डोर टू डोर जन संपर्क अभियान चलाया। जन संपर्क अभियान में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, रंजीत सिन्हा, उपाध्यक्ष रतन प्रसाद साहू, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रवि साहू, महामंत्री अशोक कुमार, राजेश साहू, उमेशचंद्र पटेल, अशीष कुमार, पंचीत महतो, श्रवण साह,अमित केशरी, शुभम कुमार, राजेन्द्र केशरी, मोहित अग्रवाल, राहुल पटेल, सोनू कुमार, शंकर प्रसाद सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

### 39 कुपोषित बच्चों को मिला आहार

रामगढ़। रामगढ़ जिला अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के पोषण स्थिति में सुधार के मद्देनजर जिला प्रशासन रामगढ़ की पहल के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत गुरुवार को ब्लॉक मोड़ पतरातू के समीप स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में शिविर के नौवें दिन आसपास के क्षेत्रों के चिन्हित सभी 39 कुपोषित बच्चों को तीन समय का पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया गया वही ग्रामीणों को टेलीमेडिसिन सेवा भी उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना को और भी प्रभावी बनाने एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाने के मद्देनजर टीम के द्वारा आसपास के घरों का भ्रमण कर लोगों टेलीमेडिसिन सहित सरकार की अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई।

### पत्रकार के खिलाफ मामला निरस्त

**रामगढ़।** रामगढ़ के पत्रकार बीरु कुमार पर दर्ज मामले को न्यायालय ने सुनवाई के दौरान निरस्त कर दिया। जिसपर पत्रकारों ने खुशी का इजहार किया है। इसको लेकर पत्रकारों की बैठक हुई। बैठक में शामिल पत्रकारों ने न्यायालय के फैसले का स्वागत किया गया। साथ ही पत्रकारों ने मामले में पीड़ित पत्रकार बीरु कुमार के सात वर्षों की लंबी लड़ाई पर विस्तार पूर्वक चर्चा की । बैठक में कहा गया की बीरू कुमार ने अपने साहस से पत्रकारिता के क्षेत्र में विशेष पहचान बनाई है। इस दौरान कहा गया की पत्रकार एकजुट होकर कार्य करें। कहा गया की यदि वे एकजुट होंगे तो अपने अधिकारों की रक्षा कर सकेंगे।

### महायज्ञ के समापन पर जागरण



**कुजू।** कुंदरिया बांध कुजू स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर में श्री श्री 1008 हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय महायज्ञ के समापन को लेकर बुधवार की रात्रि भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जागरण का शुभारंभ देवी-देवताओ के चित्र के समक्ष ज्योत जलाकर व जागरण में आये गायक द्वारा गणेश वंदना के साथ किया गया। जागरण में मुख्य अतिथि के रूप में मांडू थाना प्रभारी अवधेश कुमार शामिल हुए। इस दौरान समिति सदस्यों ने उनका स्वागत अंग वस्त्र देकर किया गया। जागरण में देवघर से आये कुमकुम बिहारी जागरण ग्रुप के गायिका कुमकुम बिहारी व गायक जितेंद्र बाबूवा ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झुमने पर विवश कर दिया। जबकि संजय झांकी ग्रुप के द्वारा जीवंत झांकी प्रस्तुत कर लोगों को भाव-विभोर कर दिया। जागरण को सफल बनाने में मुखिया सह संरक्षक जयकुमार ओझा, कामेश्वर साव अध्यक्ष विनोद कुमार मेहता, सचिव आशीष मुखर्जी, कोषाध्यक्ष पप्पू गुप्ता, अरविंद साहू, शिवा प्रसाद मेहता, धर्मराज राम, राकेश कुमार उर्फ रॉक, विकास साहू, रवि साहू, अमित केशरी, सुभाष कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# बरही में हर्षोल्लास के साथ मना बकरीद

## शांति, अमन व भाईचारा की मांगी दुआ

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** प्रखंड व आस-पास के क्षेत्रों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने बकरीद पर्व शांतिपूर्वक व हर्षोल्लास के साथ मनाया। प्रखंड के जामा मस्जिद, मदीना मस्जिद, मक्का मस्जिद, ईदगाह सहित प्रखण्ड के दर्जनों अन्य मस्जिदों में आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इन मस्जिदों में सुबह में मुस्लिम भाइयों ने नमाज अदा की। मौके पर हर जगहों पर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस और दंडाधिकारी मौजूद रहे। इमाम ने बताया कि मस्जिद में हम सभी ने देश में शांति, अमन एवं भाईचारा को लेकर दुआ मांगी। नमाज अदा के बाद कई मुस्लिम भाइयों के आंगन में कुबार्नी दी गई एवं हिंदू मुस्लिम एक दूसरे के गले मिलते नजर आए। बकरीद के मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्या मुनेजा खातून, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान ने लोगों को बधाई दी। वहीं पूर्व जीप प्रतिनिधि मो क्यूम विभिन्न गांवों में जाकर मुस्लिम भाइयों से मिलजुल कर बकरीद की बधाई दी। कांग्रेस पार्टी प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, कांग्रेस युवा नेता मो तौकीर रजा, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, दुलमाहा के पूर्व मुखिया मो बेलाल, कोनरा मुखिया प्रतिनिधि मो ताजुद्दीन ने भी मस्जिदों एवं मुस्लिम भाइयों के गांव में जाकर गले मिलकर बधाई दिया।

### मलकोको में भी मना पर्व

अमन शांति व भाईचारगी को लेकर मुस्लिम आबादी के क्षेत्र मलकोको पंचायत में बकरीद पर्व मनाया गया। पंचायत के सभी मुस्लमान भाई नमाज के दौरान देश के अमन शांति तरक्की और भाईचारगी की दुआ मांगी। इस बाबत लोगों ने बताया कि मुसलमानो के लिए बकरीद त्याग के त्योहार के रूप में मनाया जाता है। इस दिन मुस्लमान कुराबी देकर हजरते इब्राहिम अलेहिस्लाम के तरीके को जिंदा करते हैं। कहा कि कुरबानी सिर्फ अल्लाह की खुशनुदी के लिए किया जाता है और इस दिन सबसे प्यारा अमल कुरबानी के अलावा कोई चीज नहीं है, कुरबानी की तारीफ ये है कि मखसूस जानवर को मखसूस दिन में अल्लाह के कुरब हासिल करने के लिए किया जाता है। उन्होंने बताया कि कुरबानी में एक तरफ देखा जाए तो इसमें भाईचारगी का और गरीबों का खास ख्याल रखा गया है, जो हमारा इस्लाम ये बताता है कि जब तुम कुरबानी करो तो तुम गोश्त को तीन हिस्सा करो एक अपने लिए और एक अपने रिश्तेदारों के लिए और एक हिस्सा फकीरों के लिए। कुबार्नी का मतलब सिर्फ अपने धन दौलत को ही कुर्बान करना नहीं है बल्कि अपने अंदर छुपे हर बुराइयों को कुर्बान करना, आज जो इंसान अपने अंदर अपने भाई रिश्तेदार, अपने पड़ोसियों से गिला शिकवा रखते हैं सभी प्रकार के दुर्भावनाओं को कुर्बान करना चाहिए। जिसमें मुख्य रूप से मदरसा अहले सुन्नत आलिया मुरादिया के गुलाम हैदर रिजवी, हाफिज अल्लाउद्दीन, जामा मस्जिद के इमाम मौलान महबूब, हाफिज शोएब अख्तर, पंचायत के उप मुखिया फिरोज निजामी, समाजसेवी अब्दुल अंसारी, हाजी जहूर अंसारी, हाफिज मेहबूब आलम, सदर अस्मिद मियां, सेक्रेटरी अनवर अन्सारी, शौकत अली, अख्तर अंसारी, मेराज अहमद, अफजल अंसारी, शिक्षक मुस्ताक अंसारी, शोएब अख्तर, मो अजहर उद्दीन के साथ बरही के स्थानीय पुलिस प्रसासन भी उपस्थित रहे और एक दूसरे को बधाई एवं मुबारकबाद दिया।

# हाइवा की चपेट में आने से एक की मौत, सड़क जाम

## पतरातू सीओ की पहल पर 12 घंटे बाद आवागमन हुआ चालू

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के रिवर साइड भुरकुंडा पीओ ऑफिस के निकट तेज रफ्तार हाइवा ने बुधवार की रात्रि करीब सात बजे एक व्यक्ति को चपेट में ले लिया। जिससे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान रीवर साइड के भवानी कल्ब निवासी नागेश्वर ठाकुर के रूप में हुई। बताया जाता है कि वे वैंकटेश स्पंज एंड आयरन फैक्ट्री में काम करते थे।

बुधवार की शाम वह काम के बाद फैक्ट्री से घर साइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान सौंदा-सयाल मोड़ मार्ग पर पीओ ऑफिस से कुछ मीटर के फासले पर एक अज्ञात हाइवा ने उन्हें चपेट में ले लिया और भाग निकला। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जिसपर पुलिस ने पंचनामा कर शव को कब्जे में ले लिया। इधर, घटना से आक्रोशित लोगों ने रात लगभग नौ बजे से भुरकुंडा-गिद्दी मार्ग पर वाहनों का आवगमन ठप करा दिया। इस दौरान कई वाहनों को रोक दिया गया। काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही। वहीं जाम की सूचना पर गुरुवार की सुबह पतरातू अंचलाधिकारी शिवशंकर पांडेय रीवर साईड पहुंचे और स्थानीय लोगों से बातचीत की। मुआवजे और स्पीड ब्रेकर के आश्वासन के बाद लगभग 12 घंटे बाद जाम हटा लिया गया। वहीं पतरातू अंचलाधिकारी शिवशंकर पांडेय ने बताया कि सरकारी प्रावधान के तहत हिट एंड रन के मामले में दो लाख और अंत्येष्टि के लिए 20 हजार की राशि उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही मृतक की पत्नी को विधवा पेंशन के लिए स्वीकृति दी जा रही। जल्द ही यह सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि हाइवा के तेज परिचालन को लेकर लोग सड़क पर एक-दो जगह स्पीड ब्रेकर की मांग कर रहे हैं। जिसे लेकर सीसीएल बरका-सयाल के जीएम से बात की जाएगी। यहां बताना लाजमी होगा कि आए दिन तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में आने से लोगों की जान जा रही है। हाईवा की रफ्तार पर लगाम नहीं लगाया गया तो दिन प्रतिदिन दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ेगा। सीसीएल प्रबंधन और पुलिस प्रशासन को भी इस दिशा में ठोस कदम उठानी होगी।

### भुरकुंडा में शांतिपूर्वक मनाया गया बकरीद

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को शांतिपूर्ण माहौल में बकरीद पर्व मनाया गया। पर्व को ले मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मस्जिदों व विभिन्न ईदगाहों में अकीदत के साथ ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की। साथी ही क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली, अमन-चैन की अल्लाह ताला से दुआएं मांगी। पर्व को ले बकरे की कुबार्नी दी गई। साथ ही लोगो ने एक-दूसरे के गले मिलकर बकरीद पर्व की मुबारकबाद दी। इस दौरान मुस्लिम धमार्लंबियों ने एक-दूसरे के घर जाकर एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया। साथ ही क्षेत्रवासियों को बकरीद पर्व की बधाई दी गई। बकरीद पर्व को लेकर भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी राजदीप कुमार व बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला दलबल के साथ विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह से मुस्तैद दिखें। वहीं क्षेत्र में अमन-चैन का माहौल भी दिखा।

### रजरप्पा मंदिर में हुई आषाढ़ी पूजा



**रजरप्पा।** सिद्धपीठ रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर में गुरुवार को भक्तिभाव के साथ आषाढ़ी पूजा की गई। इस दौरान दोपहर 12:00 बजे माता का विशेष श्रृंगार हुआ। मौके पर मां भगवती को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाकर आशीर्वाद मांगी गई। पूजा अर्चना के दौरान पारंपरिक ढोल नगाड़े व झांझ की मधुर ध्वनि मंदिर प्रक्षेत्र में गूंजती रही। आषाढ़ी पूजा पूरे पारंपरिक ढंग व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। दिन के 12 बजे मंदिर के पुजारी पारंपरिक बाजे के साथ मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना शुरू की। सबसे पहले गंगाजल और दूध के अलावे कई प्रकार के द्रव्यों से माता का विशेष स्नान कराया गया। इसके बाद गुलाब, कमल समेत दो दर्जन फूलों से माता का श्रृंगार किया गया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया, जहां सैकड़ों भक्तों ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया।

### भक्तों के लिए आस्था का केंद्र है शिव मंदिर : भूषण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** युवा जनता दल युनाईटेड के रामगढ जिलाध्यक्ष भुषण उरांव ने बुधवार को ग्रामीणो के सहयोग से गेगदा शिव मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। मौके भुषण उरांव ने बताया कि गेगदा शिव मंदिर दिन प्रतिदिन काफी जर्जर होते जा रहा था। बरसात के दिनो में शिव मंदिर मे पुजा अर्चना के लिये आने वाले श्रद्धालु महिला पुरूषो को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा था।

उन्होंने कहा कि यह शिव मंदिर भक्तों के लिए अटूट आस्था का केंद्र है, जिसे देखते हुए मंदिर का जीणोर्धार जरूरी था। मौके पर सीताराम महतो, सुभाष उरांव, रामेश्वर गोप, भीम यादव, उमेश महतो, अनिता देवी, मनी पांडेय, अशोक यादव, राहुल यादव, डोमन यादव, सुकर कुजूर, जटलु उरांव, अनिता देवी, जलेश्वर महतो, बासदेव उरांव, तेतर उरांव, सुशांत उरांव, गांगी देवी, संजय यादव, सुनिता देवी, अनामिका देवी सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया।

# नशे की गिरफ्त में युवा, बेच रहे खून

खबर मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले की युवा पीढ़ी इन दिनों ब्राउन शुगर की गिरफ्त में हैं। ब्राउन शुगर के आदी हो चुके युवा नशा करने के लिए अपने जिस्म के खून तक का सौदा कर लेते हैं। अपने शरीर का खून बेचकर, उस पैसे से ब्राउन शुगर का नशा करते हैं। खून के सौदागर ऐसे युवाओं की तलाश करते रहते हैं, जिन्हें ब्राउन शुगर पीने की लत है। लेकिन उनके पास पैसे नहीं हैं। खून के इस खेल में कोई-न-कोई मास्टरमाइंड भी होगा। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में खुले नर्सिंग होम और ब्लड बैंकों में खून का धंधा बढ़ता जा रहा है। खून बेचकर नशे के लिए रूपए जुटाने के इस खेल में सबसे अधिक फायदा नर्सिंग पेशे से जुड़े लोग उठाते हैं। सूत्रों की मानें तो एक यूनिट खून की कीमत 1500 रूपए तक वसूली जाती है। वहीं जरूरतमंदों से इसके बदले लगभग तीन हजार रूपए तक की वसूली होती है। ऐसे भी हजारीबाग में सैकड़ों गैर-पंजीकृत नर्सिंग होम संचालित हैं। इन नर्सिंग होमों में जब कोई खून की जरूरत वाला मरीज पहुंचता है तो खून की व्यवस्था नर्सिंग होम के संचालक करने का दावा करते हैं। एक बार सौदा तय हो गया तो वह नर्सिंग होम में आने-जाने वाले नशेड़ियों को बुलाकर एक यूनिट खून लेते हैं और फिर उसी खून की बिक्री मरीज के नाम पर कर देते हैं। कभी ऐसे मामलों की जांच भी नहीं होती है। मटवारी, पेलावल, कुम्हारटोली आदि क्षेत्रों के कई युवा ब्राउन शुगर के आदी बताए जाते हैं। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के टेक्निशियन से पूछे जाने पर कहा कि यहां पैसे देकर खून नहीं लिया जाता है। स्वेच्छा से लोग खून दान देते हैं ।

# जैक व सीबीएसई के मैट्रिक- इंटर में उत्तीर्ण छात्र सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता




**बरही।** झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के बैनर तले बरही अनुमंडल प्रजापति संघ के द्वारा जैक एवं सीबीएसई बोर्ड के मैट्रिक एवं इंटर में उत्तीर्ण छात्र छात्राओ के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह की अध्यक्षता बरही प्रखंड प्रजापति संघ के अध्यक्ष कमल शंकर पंडित व संचालन चौपारण प्रखंड अध्यक्ष रामअवतार प्रजापति ने किया। इस प्रतिभा सम्मान समारोह में बरही प्रखंड से मैट्रिक में 15 एवं इंटर के 15 छात्र छात्राएं एवं चौपारण से मैट्रिक के 30 तथा इंटर के 10 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। जिसमें सभी छात्र छात्राओं को समाज के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। मैट्रिक में अनुमंडल टापर चौपारण प्रखंड के आयुष कुमार, द्वितीय टापर बरही प्रखंड से पंकज पंडित, अनुमंडल स्तर पर साइंस में प्रथम टॉपर गोरियाकरमा के पंकज कुमार प्रजापति तथा द्वितीय पिंटु प्रजापति, कामर्स में अनुमंडल टापर चौपारण प्रखंड से आयुष प्रभात, द्वितीय उज्जवल कुमार, आट्र्स में अनुमंडल टापर चौपारण प्रखंड के नया सिंघरावा की करीना कुमारी, द्वितीय श्वेता कुमारी को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतिभा सम्मान समारोह में बरही एवं चौपारण प्रखंड से बच्चों के कई अभिभावक शामिल हुए।

## एक नजर में

### एनटीपीसी ने उपायुक्त को दिया चेक



**हजारीबाग।** एनटीपीसी पंकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने ओपन एयर एम्फीथिएटर के सौंदर्यीकरण के लिए पहली किस्त में 12.22 लाख रुपए का चेक उपायुक्त को सौंपा। एनटीपीसी ने अपनी नैगमिक सामाजिक दायित्व के तहत यह चैक जिला प्रशासन को सौंपा है। एनटीपीसी ने इन्हीं जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ओपन एयर एम्पीथिएटर के पुनर्विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए 24.44 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है जिसका पहला किस्त आज उपायुक्त नैंसी सहाय को परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा, प्रशांत सिंह डीजीएम, भूमि अधिग्रहण एवं एस. के सेनापति डीजीएम, सीएसआर & आरएनआर ने सौंपा।

### नर्सो से मरीजों के परिजन परेशान

हजारीबाग। शहर के शेख भिखारी हॉस्पिटल न्यू बिल्डिंग तीसरे तल्ले में इलाज को लेकर नर्सों के द्वारा जल्दबाजी के चक्कर में मरीजों के जिंदगी के साथ हो रहा है खिलवाड़। बुधवार करीब 8:00 बजे के आसपास एक मरीज का इलाज के क्रम में नर्स के द्वारा जल्दबाजी की जा रही थी। वहीं परिजनों ने जल्दबाजी को लेकर रुकने को कहा तो नर्स मरीज के परिजनों पर आग बबूला हो बैठी और कहा कि हम सबको और भी काम रहता है आप लोगों के चक्कर में हम सबों का काम रुका हुआ रहता है। अब ड्यूटी भी ऑफ हो रहा है। मरीज के परिजनों ने बताया की कुछ नर्स शाम की ड्यूटी के वक्त गायब रहती है । सलाइन चढ़ाने को लेकर परिजन 8:30 बजे के आसपास नर्सों को आधा घंटा तक खोजते रहे नर्स नहीं मिली। जबकि पहले शिफ्ट में ड्यूटी करने वाली नर्स बिना सेकंड शिफ्ट में आई नसों का इंतजार किए हुए निकल जाती हैं। जिसके कारण मरीजों को काफी परेशानी होती है ।

### देसी कट्टा के साथ एक गिरफ्तार, भेजा जेल

**बड़कागांव।** थाना क्षेत्र के ग्राम हरली से मध्य रात्रि में पुलिस को गुप्त सूचना मिला की एक व्यक्ति हथियार निकाल कर लहरा रहा है एवं आस पास के लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई हेतु सशस बल के साथ संध्या गश्ती दल ग्राम हरली पहुँचा एंव रात्रि 10.30 बजे ग्राम हरली के महावीर मंदीर के पास देखा कि एक व्यक्ति पुलिस पार्टी को देख कर भागने लगा। जिसे पुलिस दल के द्वारा पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्ति से पूछे जाने पर उन्होंने अपना नाम पवन कुमार पिता बालेश्वर महतो ग्राम हरली, थाना - बड़कागाँव जिला-हजारीबाग बताया तथा उनकी तलाशी लेने पर पवन कुमार के पास से एक देशी कट्टा बरामद हुआ। जिसे विधिवत जप्ती सूची तैयार कर जब्त किया।

### मुखिया ने पावर टिलर का किया उद्घाटन



**बरही।** धनवार पंचायत के लठिया गांव में खेती-बाड़ी से जुड़े पावर टिलर कृषि यंत्र का मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने संबोधित करते हुए बताया कि वर्तमान परिवेश में खेती को आधुनिक तरीके से किया जाय तो बेहतर लाभ की संभावना होती है।जिसमे तकनीकी क्षेत्र के अलावे आधुनिक विधि एवं आधुनिक यंत्रों की सहायता सेकम समय मे अधिक खेती किया जा सकता है।बताया कि आधुनिक समय में बैलों से खेती करने का चलन लगभग खत्म हो गया है।बाजार में किसानों को कई नये तरह के कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जाते हैं।कृषि यंत्रों की मदद से जहां किसान कम समय में अधिक काम कर सकते हैं। वहीं इनके उपयोग से आमदनी में भी वृद्धि होती है। आज किसान ट्रैक्टर से खेत की जुताई करता है, जिससे उनकी लागत बढ़ रही है, लेकिन फिर भी कई किसानों की आय दोगुनी नहीं कर पा रहे हैं। इसको ध्यान में रखते हुए लघु और सीमांत किसानों के लिए पावर टिलर को कृषि यंत्र में शामिल किया गया है। यह ट्रैक्टर की तुलना में काफी हल्का और चैन रहित होता है इसको चलाना भी बहुत आसान है, पावर टिलर को कई कंपनियां मिलकर तैयार करती है। किसान संजय यादव ने इस कृषि यंत्र को 42000 रुपए में खेती बाड़ी दुकान रामगढ़ से क्रय किया है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विकास यादव, वरिष्ठ समाजसेवी विनोद प्रसाद, गाजो यादव, ब्रह्मदेव यादव, प्रकाश साव, राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजन, नंदलाल प्रसाद, उमेश यादव, संजय यादव, प्रवीण यादव, जगदीश प्रसाद, नरेश प्रसाद, प्रकाश यादव, मंटु कुमार, अशोक राणा, सहदेव यादव, जीतेन्द्र यादव, अशोक यादव, पवन कुमार, रितेश यादव, सतीश यादव, बिनोद राणा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### दारू में अदा की गई ईद उल अजहा की नमाज

**दारू।** प्रखंड क्षेत्र में ईद उल अजहा की नमाज विभन्न मस्जिदों और ईदगाहों में शांतिपूर्वक अदा की गई। प्रखंड क्षेत्र के जबरा, भटविघा, पिपचो, हरली, कवालु, गोपलो, मेद्कुरी, कबलासी और पुनाई आदि जगहों पर नमाज अदा की गई। नमाज के बाद मुस्लिम धर्मावलम्बियों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दी। इसके बाद सभी ने अपने घरों में जाकर बकरे की कुरबानी दी। बकरीद त्यौहार को लेकर पुलिस प्रशाशन भी काफी मुस्तैद दिखी और जगह जगह लोगों से मिलकर खबर लेते रहे और पुलिस इन क्षेत्रो में लगातार गस्त करती रही। दारू थाना प्रभारी अमित कुमार और अंचलाधिकारी नीतू कुमारी ने प्रखंड वासियों को बकरीद की बधाई देते हुए त्यौहार को शांति व सौहार्द पूर्वक मनाने का आग्रह किया।

### विष्णुगढ़ में हर्षोल्लास के साथ मना बकरीद

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखंड मे बकरीद हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण तरीके से मना प्रखंड के नवादा, इस्लामपुर , बरायं, गैड़ा आदि पंचायतों में गुरुवार को बकरीद का नवाज अदा की गई। इस्लाम धर्मावलियों ने अमन चैन की दुआ मांगी। नवादा ईदगाह में नवादा के अलावे चरनखिया, बकसपुरा, गांधी नगर बनासो,पगार कुसुंभा, एवं कोनार डैम से आए नमाजियों ने एक साथ सभी लोगों ने नमाज अदा की। एक दूसरे के गले मिले वो मुबारकबाद दिया मिले। जिसमें इमामत अल्हाज हाफिजो कारी इलियास अहमद ने की और इनके पीछे सभी लोगों ने नमाज अदा की। मौके पर विशेष रूप से नवादा सदर मोहम्मद खलील अंसारी, सेक्रेटरी अब्दुल , निजाम अंसारी, एमआईएम जिला अध्यक्ष महमूद आलम, फखरुद्दीन अंसारी, इबरार प्रखंड प्रमुख जय बुन निशा, बेलाल अंसारी अंसारी,हफीज अंसारी,दिलेर आजाद सहित हजारों की संख्या में लोगो ने नमाज अदा किया।

-------

## स्पीड न्यूज

### मलेरिया से रक्षा को लेकर प्रशिक्षण



**सेन्हा-लोहरदगा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वेक्टर जनित रोग से संबंधित मलेरिया से बचाव और जांच का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। लोहरदगा जिला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में जिला स्वास्थ्य समिति के निर्देश पर वेक्टर जनित रोग से संबंधित मलेरिया की रोकथाम बचाव और जांच से संबंधित प्रशिक्षक गंदूर उरांव व बिराज तिर्की ने प्रखंड क्षेत्र के सहियाओं को जून माह पर मलेरिया बीमारी के विषय पर चर्चा करते हुए प्रशिक्षण दिया। मौके पर सुनीता टोप्पो, प्रमिला खेस, जयमनी भगत, प्रियंका शुक्ला, सीमा उरांव, गीता देवी, आरती उरांव, प्रीति कुजूर, ललिता खेस, बिमला उरांव, शांति देवी, नीलम माधुरी उपस्थित थे।

### चैनपुर : अदा की गयी बकरीद की नमाज

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में अकीदत के साथ बकरीद की नमाज अदा की गयी और क्षेत्र में अमन चैन की दुआ मांगी गयी। मुख्यालय के राजा मस्जिद सहित बरवेनगर, जमगाई की मस्जिदों में सुबह साढ़े सात बजे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कुर्बानी का पर्व बकरीद की नमाज अदा कर एक दूसरे से गले मिलकर पर्व की बधाई दी। मौके पर हाफिज रफिक साहब, जहरूदीन अंसारी साजिद खान, जावेद खान, आसिफ खान, नशरूद्दीन खान, आबिद खान सहित काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद थे।

### खराब हाईमास्ट लाइट दुरूस्त करायें

**गुमला।** वार्ड 21 की निवर्तमान पार्षद शैल मिश्रा ने नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार को ज्ञापन सौंप वार्ड के डीएसपी रोड, पालकोट रोड़ पेट्रोल पंप के समीप तथा सरनाटोली सहित शहरी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों के खराब हाईमास्ट लाईट को दुरुस्त कराने की मांग की है। उन्होंने लोकहित में सभी खराब पडे हाईमास्ट लाईट को शीघ्र ठीक कराने की जरूरत बतायी।

### सड़क और नाली निर्माण को प्राथमिकता दें नगर प्रशासक : रमेश

**गुमला।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने नगर परिषद के प्रशासक से सड़कों व नालियों के निर्माण को प्राथमिकता देने की मांग की है। कहा कि बरसात आते ही शहर की पोल खुल गयी है। झोला रैली व बुक बैंक जैसे प्रयोग निश्चित सराहनीय हैं। लेकिन विकास का पैमाना शहर की सड़कों व नालियों की स्थिति से भी नापा जाता है। अभी नप के पास पर्याप्त फंड है। ऐसे में उसका सदुपयोग कर महत्वपूर्ण नालियों व सड़कों के निर्माण में रूचि दिखाते हुए उसे पूरा करायें। ताकि जनता को इसका लाभ मिल सके।

### सुमति उरांव छात्रावास की छत से टपक रहा पानी, शौचालय का भी है अभाव



**गुमला।** सुमति उरांव बालिका छात्रावास की छात्राओं ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंप छात्रावास की समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान की मांग की है। छात्राओं ने ज्ञापन में कहा है कि छात्रावास की छत से जगह-जगह पानी टपकता है। जिससे रहने में उन्हें भारी परेशानी हो रही है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से छात्रावास की चहारदीवारी में तार की घेराबंदी की भी मांग की। वहीं छात्राओं ने छात्रावास में लाइट और छात्रावास का मुख्य गेट की भी मरम्मत के साथ शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराने को कहा है।

### भाजपा के लिए देशहित सर्वोपरि : रैना



**गुमला।** 30 मई से 30 जून तक चलने वाले महा जनसंपर्क अभियान के अंतिम चरण में जम्मू कश्मीर के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह रैना, झारखंड के प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, राज्यसभा सांसद समीर उरांव का आगमन हुआ। जहां भाजपा पदाधिकारियों व महिला कार्यकर्ताओं ने बुके देकर श्री रैना का स्वागत किया। परिसदन में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए नरेंद्र सिंह रैना ने कहा भाजपा के लिए देश हित सर्वोपरि है जबकि अन्य पार्टियों के लिए परिवारवाद ऊपर है। जिनपर कई भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं और कई जमानत पर हैं। मौके पर भगवान दास जिला मुख्यालय में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अमृत मेटे, कारगिल शहीद के परिजन मिला उरांव, पत्रकार बलदेव शर्मा, पुराने जनसंघी उज्जवल सिन्हा, नंदलाल विश्वकर्मा, मुनी ओझा, पूर्व चेयरमैन देव सागर सिंह, किशोर मिश्रा, बसन्ती देवी के घर जाकर उन्हें सम्मानित कर भाजपा के लिए नैतिक समर्थन की अपील की।

### पीसीसी पथ कीचड़मय, ग्रामीण परेशान



**सेन्हा-लोहरदगा।** तालाब जीर्णोद्धार के दौरान संवेदक की लापरवाही के कारण कोयनार टोली पीसीसी पथ कीचड़ में तब्दील हो गया। जिससे ग्रामीणों को समस्या का करना पड़ रहा है। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के कोयनार टोली पथ के किनारे लाखों की लागत से तालाब जीर्णोद्धार का कार्य भूमि सरंक्षण विभाग के सौजन्य से संवेदक ने कराया था। परंतु पीसीसी पथ के दोनों तरफ तालाब से निकाली गयी मिट्टी को रखने से पीसीसी पथ कीचड़ में तब्दील हो गयी जिससे ग्रामीणों को आने जाने में काफी समस्या हो रही है।

### गांव-गांव में सुन रही लोगों की समस्याएं



**सेन्हा-लोहरदगा।** भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री के नेतृत्व में प्रधानमंत्री का कार्यकाल की उपलब्धि को गिनाते हुए सम्मान समारोह कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के सहयोग से गांव और पंचायत का भ्रमण कर ग्रामीणों के बीच चलाया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत में भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री अजातशत्रु ने पंचायत स्तरीय कार्यकर्ताओं के सहयोग से महा जनसंपर्क व जगरूकता कार्यक्रम चलाया। विदित हो कि भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर देश के विभिन्न राज्य जिला व प्रखंड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत अलौदी पंचायत के हेसवे सहित अन्य गांवों में अभियान को तेज करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से सीधा संपर्क कर ग्रामीण क्षेत्र की समस्या से रु ब रु हो केंद्र सरकार के 9 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनायी।

# डीसी विजया जाधव ने लोगों को किया अलर्ट, बरसात में बिजली के तार, पोल व ट्रांसफार्मर से रहें दूर

**तार पर पेड़ या पोल गिरे तो तत्काल विद्युत अभिंयता को सूचना दें**

**वज्रपात से खुद को बचायें, सुरक्षित स्थानों**

खबर मन्त्र ब्यूरो



डीसी विजया जाधव।

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम की उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव द्वारा बरसात के मौसम को देखते हुए जिलेवासियों से बिजली के कारण जानमाल का नुकसान नहीं हो इसके लिए अपील जारी की गई है। उन्होने कहा कि बरसात के दिनों में तेज हवा के कारण किसी खेत में पोल गिरे हों या पेड़ की टहनी बिजली के तार पर गिरे तो तत्काल पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत जमशेदपुर, मानगो, घाटशिला विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को सूचना दें। बारिश के दौरान बिजली लाइन, ट्रांसफॉर्मर व पोल आदि से दूर रहें। उक्त के संपर्क में आने से करंट इंसान के शरीर में प्रवाहित हो सकता है, क्योंकि बारिश में अर्थिंग मिलता है। बिजली लाइन या ट्रांसफॉर्मर से छेड़छाड़ नहीं करें। विद्युत लाइन के नीचे न बैठें, न खड़े रहें। कहीं पर भी चिंगारी उठ रही हो तो तुरंत संबंधित अभियंता या विद्युत उपकेन्द्र पर सूचना दें।

**कार्यपालक अभियंता के फोन नंबर**

- >> कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, जमशेदपुर-9431135915
- >> कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, मानगो-9431135905
- >> कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, घाटशिला-9431135917

## वज्रपात से बचाव के लिए क्या उपाय करें

**जब आप घर के भीतर हों**

1. बिजली से संचालित उपकरणों से दूर रहें, तार वाले टेलीफोन का उपयोग न करें।
2. ऐसी वस्तुएं जो बिजली के सुचालक हैं, उनसे दूर रहे, धातु से बने पाइप, नल, फव्वारा, वॉशबेसिन आदि से दूर रहें।
3. कपड़े सुखाने के लिए तार का प्रयोग न कर जूट या सुत की रस्सी का प्रयोग करें।

**जब आप खेल, खलिहान में काम कर रहे हैं**

1. गीले खेतों में हल चलाते, रोपनी या अन्य कार्य कर रहे किसान तथा मजदूर या तालाब में कोई कार्य कर रहे व्यक्ति तुरंत सूखे या सुरक्षित स्थान पर जायें।
2. धातु से बने कृषि यंत्र या डंडा से अपने आप को दूर कर लें।

**जब आप जंगल में हों**

1. छोटे या घने पेड़ों की शरण में चले जायें।

**जब आप घर के बाहर हों**

1. ऊंचे वृक्ष बिजली को आकर्षित करते हैं, कृप्या उनके नीचे न खड़े रहें। समूह में न रहें बल्कि अलग-अलग हो जायें।
2. किसी पक्के मकान में आश्रय लेना बेहतर है। सफर के दौरान अपने वाहन में ही बने रहें। खुली छत वाले वाहन की सवारी न करें।
3. बाहर रहने पर धातु से बनी वस्तुओं का उपयोग न करें। बाईक, बिजली या टेलीफोन का खंभा, तार की बाड़, मशीन आदि से दूर रहें।
4. तालाब और जलाशयों से दूर रहें। यदि आप पानी के भीतर हैं अथवा किसी नाव में हैं तो तुरंत बाहर आ जाएं।

**अगर किसी सुरक्षित स्थान पर शरण ले पाने में असमर्थ हों**

1. जहां हैं वहीं रहें हो सके तो पैरों के नीचे सूखी चीजें जैसे लकड़ी, प्लास्टिक, बोरा या सूखे पत्ते रख लें।
2. जमीन पर बिल्कुल नहीं लेटें।
3. दोनों पैरों को आपस में सटा लें एवं दोनों हाथों को घुटनों पर रखकर अपने सिर को जमीन की तरफ यथोसंभव झुका लें तथा सिर को जमीन से न छूने दें।

अवैध संबंध के शक में पति ने पत्नी को चापड़ से मार मौत के घाट उतारा

# आरोपी को चैनपुर पुलिस ने किया बस स्टैंड से गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**हत्या के बाद बस बैठ कर भागने की फिराक में हत्या का आरोपी**

गुरुवार अहले सुबह बस बैठ कर भागने के फिराक में वह चैनपुर बस स्टैंड पहुंचा। जहां से पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया तथा उसके निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चापड़ को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया है। इधर आरोपी पति अमित टोप्पो ने बताया कि मेरी पत्नी का अवैध संबंध का शक मुझे काफी दिनों से था। जिसके कारण वह मेरे साथ नहीं रहती थी। हमारे तीन बच्चे हैं दो बच्चे अपनी मां के साथ हो एक बच्चा मेरे साथ रहता था। रात्रि में दोनों के बीच काफी कहासुनी हुई। जिसके बाद मैं गुस्से में आकर घटना को अंजाम दे दिया। घटना के संबंध में सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने बताया कि कि पुलिस को फोन के माध्यम से सूचना मिली थी कि बाजार टांड़ निवासी अमित टोप्पो ने अपनी पत्नी मंजुला टोप्पो उर्फ मंजुला सिंह की धारदार हथियार से गर्दन पर वार कर हत्या कर दी है। जिसके आधार पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अमित टोप्पो पिता एमानुएल टोप्पो को चैनपुर बस स्टैंड के समीप भागने के क्रम में उसे गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त मीट काटने वाले चापड़ को भी जब्त कर लिया है।

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के बाजार टाड़ के समीप अवैध संबंध के शक में पति ने अपनी पत्नी की मुर्गा काटने वाले चापड़ से गला काटकर हत्या कर दी। आरोपी पति घटना को अंजाम देकर चैनपुर से फरार होने के लिए चैनपुर बस स्टैंड पहुंचा था। जिसकी गुप्त सूचना पुलिस को मिली और पुलिस ने चैनपुर बस स्टैंड से उसे गिरफ्तार कर लिया।

घटना के बताया जा रहा है कि पति-पत्नी का अक्सर विवाद होता रहा था। जिसके कारण पत्नी काफी समय से अपने मायके रामपुर गांव में रहती थी। वहीं बुधवार को दोनों की मुलाकात चैनपुर ब्लॉक मोड़ में हुई। जिसके बाद पति अमित टोप्पो ने अपनी पत्नी मंजुला टोप्पो (मंजुला सिंह) को समझा-बुझाकर जबरन अपने साथ अपने घर ले आया। लाने के क्रम में ही होटल में नाश्ता करने के दौरान दोनों में कहासुनी शुरू हो गयी। जिसके बाद रात्रि लगभग 9:30 बजे अमित अपने गुस्से पर काबू नहीं पा सका और घर में रखे मुर्गा काटने वाले चापड़ से अपनी पत्नी मंजुला की गला काटकर निर्मम हत्या कर दी। जिसके बाद वहां से फरार हो गया।

लोहरदगा की बेटियों ने थाइलैंड में दिखाया अपना दम

# राष्ट्रीय टीम के लिए कराटे में 4 स्वर्ण व तीन रजत पदक झटके

खबर मन्त्र संवाददाता







**लोहरदगा।** थाइलैंड में अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में लोहरदगा के बेटियों ने शानदार प्रदर्शन कर इतिहास रच दिया है। लोहरदगा जिले के आवासीय विद्यालय की बच्चियों ने लोहरदगा, झारखंड समेत पूरे देश का मान बढ़ाया है। लोहरदगा जिला में कस्तूरबा गांधी आवासीय और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की बच्चियों ने थाइलैंड भारत की ओर से खेलते हुए 04 स्वर्ण पदक और तीन रजत पदक झटके हैं। जिला कराटे संघ लोहरदगा के अध्यक्ष सेंसई व कोच अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में लोहरदगा जिला की बच्चियों ने लोहरदगा जिला की अन्य बच्चियों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है। विगत 20 मई से 22 मई तक देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता लोहरदगा जिले की 7 बालिका खिलाड़ियों का चयन 25 जून से 28 जून 2023 तक ओकेकेएफ थाइलैंड में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए हुआ था। इनमें कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कुडू के 3 छात्राएं कुमकुम कुमारी, अनामिका उरांव, रोशनी उरांव, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय कैरो की छात्राएं जूही कुमारी, सुनेहा कुमारी, अंजली तिर्की और प्रोजेक्ट गर्ल्स उवि कुडू की मरियम प्रवीण शामिल है।

# मौसीबाड़ी से बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ लौटे भगवान जगन्नाथ

- जगह-जगह पर हुआ घूरती रथ मेले का आयोजन
- रथ खींचने उमड़ी लोगों की भीड़, सुबह से ही मौसी बाड़ी में पूजा अर्चना के लिए पहुंचने लगे थे भक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



मौसी बाड़ी में भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र की पूजा करते श्रद्धालु।

**गुमला।** मौसी बाड़ा से गुरुवार को भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलराम रथ में सवार होकर मंदिर परिसर लौटे। रथ में भक्ति भाव से पूजा अर्चना कर तीनों प्रतिमाओं को रखा गया और रथ खींचकर भक्तों द्वारा मौसी बाड़ी से भगवान की प्रतिमा को मंदिर परिसर तक लाया गया। गुरूवार को गुमला के करौंदी व नागफेनी में घूरती रथ यात्रा मेला का आयोजन किया गया। अहले सुबह से ही लोग मौसी बाड़ी पहुंचकर भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना की और अपनी मनोकामना पूर्ति का वरदान मांगा। मौसी बाड़ी स्थित मंदिर परिसर में पूजा अर्चना के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी थी। लोगों ने नारियल, अक्षत, फल, इलाईची दाना व फल प्रसाद के रूप में भगवान जगन्नाथ को अर्पित किया। शाम को लगभग चार बजे भक्ति भाव से रथ खींचा गया। लोग उत्सुकता व आस्था के साथ रथ को खींचने में अपना सहयोग प्रदान किया। घूरती रथ मेले को लेकर नवविवाहित जोड़े भी भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलराम के दर्शन करने पहुंचे थे। रथ मेला में दूर-दूर से लोग पूजा अर्चना करने पहुंचे थे। वहीं गुमला जिला के बसिया, कामडारा, पालकोट, जारी, डुमरी, चैनपुर, रायडीह, विशुनपुर, घाघरा, सिसई व भरनो में भी घूरती रथ मेला का आयोजन किया गया। इन स्थानों से भी मौसी बाड़ी से भगवान जगनाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र को रथ में बैठाकर मंदिर परिसर लाया गया।

### जारी में धूमधाम के साथ मनायी गयी बकरीद



**जारी।** प्रखंड में बकरीद का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बकरीद के पर्व को लेकर गुरुवार को मस्जिद में नमाज अदा की गई और क्षेत्र में अमन चैन की दुआ मांगी गयी। वहीं एक दूसरे से गले मिलकर लोगों ने पर्व की बधाई दी। सभी लोग एक दूसरे के घर में सिरनी खाने के लिए गये। प्रखंड के गोविंदपुर, कमलपुर, तिगरा, जरडा, परसा सिकरी आदि स्थानों पर पर्व को लेकर लोगों ने उत्साह दिखाया और गोविंदपुर के कई गांवों में इमाम अहमद रजा ईद की नमाज अदा करायी और आपसी प्रेम से रहने की लोगों से अपील की। वहीं पर्व को देखते हुए थाना प्रभारी मनीष कुमार दल-बल के साथ सुरक्षा में तैनात दिखे। मौके सदर जैरूउल अंसारी, सचिव जाकिर खान, मैनु खान अबरार खान, मसूद कुरैशी, बिलाल अंसारी, फरीद अंसारी, गब्बर खान उपस्थित थे।

### कैरो में ईद उल अजहा का पर्व शांतिपूर्ण संपन्न

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न गांव नरौली, हनहट, सढ़ाबे, गितिलगढ़, चाल्हो, गजनी, नागजुवा के मस्जिदों में गुरुवार को ईद उल अजहा की नमाज अदा किया गया। बारिश होने से मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अपने क्षेत्र के मस्जिदों में नमाज पढ़ी। कैरो मस्जिद में बकरीद की नमाज मौलाना नुरूल हसन ने अदा करायी। उन्होंने कहा अल्लाह के बताये रास्तों पर चलकर ही कामयाबी हासिल की जा सकती है। बकरीद आपसी प्रेम को बढ़ावा देता है। कैरो सहित अन्य स्थानों में बकरीद व घूरती रथयात्रा को ले सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। मौके पर इंस्पेक्टर मंटू कुमार, थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव, बीडीओ पवन कुमार महतो, सीओ कमलेश उरांव, एसआई ऋषिकांत भी थे।

## गुमला : फर्जी लाइसेंस की 6 बंदूकें और 32 गोली बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

- पांच जगहों पर गुमला पुलिस ने की कार्रवाई



**गुमला।** गुमला पुलिस ने फर्जी लाइसेंस के तहत बैंक, एटीएम व कैशवैन में कार्यरत कर्मियों से छह बंदूक व 32 पीस गोली बरामद किया है। जिसमें दो नाली बंदूक एक पीस, व एक नाली बंदूक पांच पीस है। इस संबंध में थाना प्रभारी मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उपरोक्त सभी हथियार अवैध है। चूंकि उनका लाइसेंस फर्जी है। छह बंदूक को विभिन्न क्षेत्रों से बरामद किया गया है। जिसमें घाघरा, चांडिल, कोडरमा, लोहरदगा व गुमला है। पुलिस अभी जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। बताया कि सभी लोग बैंक, एटीएम व कैशवैन में डयूटी करते थे। उन्हें भी मालूम नहीं था कि उनका लाइसेंस फर्जी है। वे अपनी स्वेच्छा से हमें अपना लाइसेंस व हथियार सौंप रहे हैं।

### जामुन पेड़ से गिरकर घायल बच्चे की मौत

**गुमला।** थाना क्षेत्र के डेबीडीह निवासी जतरू उरांव का पुत्र सूरज (9) जामुन के पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से बुधवार को घायल हो गया था। जिसका इलाज के क्रम में गुमला सदर अस्पताल में गुरुवार को मौत हो गयी। पेड़ से गिरने पर सूरज के दाहिने हाथ की हड्डी व बायें पैर की जांघ की हड्डी टूट गयी थी और सिर में गंभीर चोट लगी है। जिसे परिजन सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराये। जहां चिकित्सकों की देखरेख में घायल बच्चे का इलाज जारी है। इसी क्रम में उसकी मौत हो गयी। परिजन ने बताया कि सूरज स्कूल से आकर खाना खाया और बाहर निकल गया।

## नशे की गिरफ्त में युवा, बेच रहे हैं अपना खून

खबर मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले की युवा पीढ़ी इन दिनों ब्राउन शुगर की गिरफ्त में हैं। ब्राउन शुगर के आदी हो चुके युवा नशा करने के लिए अपने जिस्म के खून तक का सौदा कर लेते हैं। अपने शरीर का खून बेचकर, उस पैसे से ब्राउन शुगर का नशा करते हैं। खून के सौदागर ऐसे युवाओं की तलाश करते रहते हैं, जिन्हें ब्राउन शुगर पीने की लत है। लेकिन उनके पास पैसे नहीं हैं। खून के इस खेल में कोई-न-कोई मास्टरमाइंड भी होगा। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में खुले नर्सिंग होम और ब्लड बैंकों में खून का धंधा बढ़ता जा रहा है। खून बेचकर नशे के लिए रूपए जुटाने के इस खेल में सबसे अधिक फायदा नर्सिंग पेशे से जुड़े लोग उठाते हैं। सूत्रों की मानें तो एक यूनिट खून की कीमत 1500 रूपए तक वसूली जाती है। वहीं जरूरतमंदों से इसके बदले लगभग तीन हजार रूपए तक की वसूली होती है। ऐसे भी हजारीबाग में सैकड़ों गैर-पंजीकृत नर्सिंग होम संचालित हैं। कभी ऐसे मामलों की जांच भी नहीं होती है।

### महादेवटोली केंद्र की सेविका बनी फुलेश्वरी



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड के बदला पंचायत के महादेव टोली आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका चयन को लेकर पंचायत भवन में सीओ सह प्रभारी सीडीपीओ विजय कुमार की अध्यक्षता में चयन प्रक्रिया हुई। इस दौरान 10 उम्मीदवार ने नामांकन किया। अधिकारियों ने सभी की योग्यता प्रमाण पत्र जांची। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग झारखंड सरकार के संकल्प पत्र के आधार पर फुलेश्वरी कुमारी का महादेवटोली आंगनबाड़ी केंद्र का सेविका पद के लिए चयन किया गया। मौके पर चयन समिति अध्यक्ष सीओ सह प्रभारी सीडीपीओ विजय कुमार, प्रमुख फूलझरी देवी, मुखिया सुजीता उरांव, महिला पर्यवेक्षिका अंगनी बेक, एएनएम उर्मिला कुमारी सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

ईद उल अजहा का त्योहार गुमला में धूमधाम के साथ संपन्न

# मस्जिदों में नमाज अदा कर देश में अमन-चैन की मांगी गयी दुआ

- नमाज के बाद एक दूसरे को गले लगाकर दी पर्व की बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता



बकरीद की नमाज अदा करने के बाद उत्साहित बच्चे।

**गुमला।** अल्लाह की राह में कुर्बानी पेश करने वाला त्योहार यानी ईद उल अजहा जिले में शांति सौहार्द और आपसे भाई चारे के साथ मनाय गया। बकरीद की मुख्य नमाज थाना रोड स्थित जामा मस्जिद में पढ़ी गई। बारिश होने के कारण ईदगाह में नमाज नहीं हुई। जामा मस्जिद में नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम धर्मावलंबियों ने एक दूसरे को गले लगाकर पर्व की बधाई दी। इस त्यौहार में मुस्लिम धर्म धर्मावलंबियों ने जानवरों की कुर्बानी अल्लाह की राह में पेश की। जामा मस्जिद के इमाम मौलाना इमाम रब्बानी ने कहा कि खुदा को राजी करने के लिए कई तरह की इबादत और तस्बीह हैं। लेकिन इन सब में कुर्बानी को अल्लाह खासतौर से पसंद करता है।

- उन्होंने बकरीद में अदा की जाने वाली विशेष नमाज के बारे में कहा कि यह विशेष नमाज साल में केवल दो मौकों पर पढ़ी जाती है। पहले ईद और दूसरी बार बकरीद पर। इसे अदा करने के बाद लोग अल्लाह की राह में कुर्बानी पेश करते हैं। शहर के कुल 10 मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज पढ़ी गयी। जिसमें मस्जिद फैजाने रजा में कारी अशरफ रजा, मस्जिद होदा में कारी आफताब, मसजिद रजाए मुस्तफा में मौलाना अहमद अली मिस्बाही ने नमाज पढ़ायी। वहीं मोती मस्जिद में हाफिज जाहिद रिजवी, कादरिया मस्जिद में मुफ्ती कासिद रजा, राजाए हबीब में मौलाना तनवीर उल हसन, मस्जिद गौसूल वरा में हफीज सद्दाम थे।

# स्पेशल मध्यस्थता ड्राइव को ले पीएलवी ने बनायी रणनीति

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में मौजूद पीएलवी।

**खास बातें :** उन्होंने बताया कि झालसा रांची के निर्देश पर 1 जुलाई से 30 सितंबर 2023 तक तीन माह का 'स्पेशल मेडियेशन ड्राइव' चलाया जाना है। इसके अंतर्गत सड़क दुर्घटना के बाद मुआवजे, कुटुंब न्यायालय में लंबित भरण पोषण, चेक बाउंसिंग, सुलहनीय अपराधिक मामले, खनिज संपदा, घरेलू हिंसा, 498 अ के मामले, बिजली संबंधित मामले, माप-तौल अधिनियम से संबंधित केस, वन अधिनियम से संबंधित मामले एवं अन्य वाद शामिल हैं जिन्हें मध्यस्थता से पक्षकारों को प्रेरित कर निष्पादित कराना है। जिसे लेकर लोगों को जागरूक कर कोर्ट द्वारा जारी नोटिस को पक्षकारों तक पहुंचाना है। डालसा सचिव ने शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत भादवि में सुलहनीय वाद की अवधारणा, खनिज संपदा अधिनियम, चेक की विधिक महत्व व चेक बाउंसिंग के मामले, प्राथमिकी के प्रकार, मजिस्ट्रेट कोर्ट में परिवाद संस्थित किये जाने के तरीके भी बताये।

**लोहरदगा।** झालसा रांची एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल के निर्देश पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने जिले में प्रतिनियुक्त सभी पीएलवी के साथ मासिक समीक्षा बैठक की। जिसमें जून में किये गये कार्यों की समीक्षा की गयी। साथ ही जुलाई में झालसा के निर्धारित कार्यक्रमों को सुचारू रूप से करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में डालसा सचिव ने कहा कि निर्धारित सभी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करना है। उन्होंने झालसा द्वारा निर्धारित कार्यक्रम मन का मिलन पखवाड़ा के सफल आयोजन पर सभी पीएलवी को बधाई दी।

स्पीड न्यूज

### विवेकानंद स्कूल में करियर काउंसलिंग

**चिरकुंडा।** स्वामी विवेकानंद स्कूल कापासारा चिरकुंडा परिसर में गुरूवार को कैरियर काउंसलिंग का एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावक गण उपस्थित थे। इस अवसर पर कोलकाता के केंद्रीय विद्यालय फोर्ट विलियम्स के शिक्षक सविता व्रत मंडल बच्चों एवं अभिभावकों के बीच कक्षा दसवीं और कक्षा बारहवीं के बाद अपने कैरियर को लेकर अनेक पक्ष को प्रस्तुत किए एवं उन्होंने बताया कि हर वर्ग के बच्चों के लिए विभिन्न क्षेत्र में कामयाब होने का प्रशस्त मार्ग है। जरूरी नहीं है की बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर,चार्टर्ड अकाउंटेंट या आईएएस अफसर बने । इसके अलावा भी बहुत सारी संभावनाएं हैं जिस पर बच्चों को अपने योग्यता अनुसार अग्रसर होने की आवश्यकता है। उनके बातों से बच्चे एवं अभिभावक गण बहुत प्रभावित हुए एवं बच्चों ने भी इस सत्र के बाद उनको और स्कूल के प्राचार्य संजीव साव एवं निदेशक विवेक सिंह को बहुत धन्यवाद दिया।मौके पर स्कूल के शिक्षक अभय शर्मा,शुभाशीष कर,विभास महतो,अनु चौरसिया, विमल शर्मा आदि थे।

### शोकाकुल परिजनों से मिले गिरिडीह के पूर्व सांसद

**बेरमो।** डुमरी विधानसभा के दहियारी, नावाडीह निवासी सीणआरण्पीएफण के जवान शामिम अख्तर के निधन के उपरांत अत्यंत दुखद खबर पाकर गिरीडीह के 16वीं लोकसभा सांसद रवींद्र कुमार पांडेय उनके आवास पर पहुँच कर उनके पिता एवं परिवार वालो से मुलाकात किया और गहरी शोक संवेदना व्यक्त किये एवं कहाँ की ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। परिवार वालो को दु:ख की घड़ी में सहन शक्ति दे। इस दौरान 16वीं लोकसभा सांसद श्री पांडेय के साथ भाजपा नेता दशरथ महतोए पूर्व मुखिया रणविजय सिंहए फुसरो मंडल के सोशल मीडिया प्रभारी शंकर सिन्हा उपस्थित थे।

### सेल का प्रबंध प्रशिक्षुओं का सेंट्रल इंडक्शन कार्यक्रम

**बोकारो।** बीएसएल के एचआरडी सेंटर में सेल के विभिन्न संयंत्रों के लिए नवनियुक्त प्रबंध प्रशिक्षु 2023 बैच के कुल 68 प्रशिक्षुओं के लिए आयोजित सेंट्रल इंडक्शन कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए सेल अध्यक्ष अमरेन्दु प्रकाश व आन लाइन जुड़े भिलाई प्लांट के डीआई अनिर्बान दासगुप्ताए निदेशक वाणिज्य वीएस चक्रवर्तीए राउरकेला प्लांट व अतिरिक्त प्रभार बोकारो संयंत्र के डीआई अतनु भौमिकए निदेशक प्रभारी बर्नपुर व दुर्गापुर संयंत्र बीपी सिंहए निदेशक ;वित्तद्ध एके तुल्सियानीए सीवीओ सेल विनीत पांडेए निदेशक ;कार्मिकद्ध केके सिंह ने नवनियुक्त प्रबंध प्रशिक्षुओ का स्वागत कियाए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### घरेलू विवाद में इंटर की छात्रा ने खाया जहर इलाज के दौरान मौत



सतगावां (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत खुट्टा निवासी 16 वर्षीय किशोरी की जहर खाने के बाद सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं मृतका की पहचान अंजली कुमारी पिता दशरथ मिस्त्री के रूप में हुई है जो इंटर की छात्रा थी। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम घरेलू विवाद में किशोरी ने गुस्से में आकर जहर खा ली, जिसके बाद तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिए सतगावां स्वास्थ्य केंद्र लगये जहां बेहतर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान किशोरी की मौत हो गयी। इसकी सूचना पाकर कोडरमा पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

# पुटकी में जूता दुकानदार की चाकू मार कर हत्या

## अपराधियों को दबोचने के लिए छापामारी तेज

खबर मन्त्र संवाददाता

**पुटकी।** पुटकी थाना क्षेत्र स्थित पुटकी कोलियरी गेट के एनएच 32 धनबाद बोकारो मुख्य मार्ग पर गुरुवार के तड़के सुबह एक जूता दुकान संचाल की अज्ञात बदमाशों द्वारा चाकू मारकर हत्या कर फरार हो गए।वही पुटकी पेट्रोलिग पार्टी ने उसे उठाकर धनबाद एनएमसीएच ईलाज के लिये भेजा जहा डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान पुटकी बाजार निवासी संतोष शर्मा उम्र लगभग 35 वर्ष पिता नागेश्वर शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस मृतक के घर वालों को सूचना दिया।वही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।घटना की सूचना पर धनबाद डीएसपी अरविंद कुमार विन्हा घटना स्थल पर पहुंचे।ओर पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।वही इस घटना के विरोध मे पुटकी बाजार बंद रहा। बताया जाता है कि मृतक शव गुरुवार की सुबह पुटकी कोलियरी गेट के समीप पड़ा मिला। मृतक का नाम संतोष शर्मा (35) बताया जा रहा है। वही पुलिस ने जगह जगह लगी सीसीटीवी फुटेज खगांल रही है।

### शांत स्वभाव का था दुकानदार



मृतक के चचेरे बड़े भाई पुटकी चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष हीरालाल शर्मा ने बताया कि उनका भाई मृतक संतोष शर्मा महुदा के लाल बंगला के समीप एक जूता का दुकान चलाता था। उनके भाई के अनुसार मृतक काफी शांत स्वभाव के व्यक्ति थे। उनकी माने तो यह हत्या यहां नशा कर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वालों के द्वारा की गई है।मृतक के परिजन शादी समारोह में गये है।मृतक शादी सुदा है पत्नी एवं दो लड़की छोटी है।वही पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव को परिजनों को सौप कर कई चिन्हित लोगो को पकड़ कर पूछताछ कर रही है।वही थाना प्रभारी रास विहारी लाल ने बताया की जल्द ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# प्रेमिका संग मिल प्रेमी ने लिख दी अपने ही अपहरण की झूठी पटकथा

## पुलिस ने खोले राज हजारीबाग से हुआ गिरफ्तार, गया जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** सूबे के चतरा जिले में सनकी प्रेमी द्वारा अपने ही अपहरण की झूठी साजिश रचने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। मामला पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के नोनगांव का है। जहां प्रेमी बादल कुमार साव ने पहले गांव की ही एक नाबालिग युवती को अपने प्रेम जाल में फंसाया और बाद में उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ लेकर रफूचक्कर हो गया। मामले का खुलासा तब हुआ जब युवती के गायब होने के बाद उसके परिजनों ने अपहरण की शंका व्यक्त करते हुए पत्थलगड़ा थाना में आरोपी युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए इंसाफ की गुहार लगाई। हालांकि आरोपी के पिता के द्वारा भी अपने पुत्र के अपहरण की झूठी शिकायत थाना में दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद मामले की जांच करते हुए पुलिस ने पूरे साजिश से पर्दा हटाया। सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के नोनगांव की एक नाबालिक लड़की के अपहरण की लिखित सूचना विगत 15 जून को प्राप्त हुई थी। युवती के परिजनों के शिकायत के आधार पर प्राथमिक अभियुक्त बादल कुमार साव के विरुद्ध थाना में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज करते हुए सिमरिया एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर मामले की जांच शुरू की गई। इस टीम में पत्थलगड़ा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह, एसआई अंकित कुमार झा व आईआरबी के जवानों को शामिल किया गया था। टीम ने प्रोफेशनल तरीके से मामले की जांच करते हुए जब लड़के के घर वालों से पूछताछ शुरू की तो उसके परिजनों ने आरोपों को निराधार बताते हुए आरोपी बादल के भी अपहरण व गायब होने की बात बताई। एसडीपीओ ने बताया कि इतना ही नहीं आरोपी के पिता के द्वारा अपने बेटे को बचाने के नियत से लगातार पत्थलगड़ा थाना के अलावे वरीय अधिकारियों को पुत्र के अपहरण की झूठी सूचना देकर शिकायत दर्ज कराने का प्रयास भी किया जा रहा था। सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान ही जांच टीम को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी युवक बादल कुमार साव हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में रह रहा है। जिसके बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में जांच टीम को आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर विष्णुगढ़ भेजा गया। जहां विष्णुगढ़ थाना पुलिस के सहयोग से आरोपी बादल कुमार को पुलिस ने धर दबोचा। साथ ही मौके से ही अपहृत नाबालिग युवती को भी टीम ने सकुशल बरामद कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी बादल कुमार साव ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि उसका अपहरण नहीं हुआ था बल्कि उसने नाबालिग प्रेमिका के साथ मिलकर अपने ही अपहरण की झूठी कहानी रची थी।

# भोजपुरी फिल्म 'दोस्ती और प्यार' आज होगी रिलीज

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** गोल्डन सनराइज प्रोडक्शन के बैनर तले बनी हुई भोजपुरी फिल्म दोस्ती और प्यार आज एक साथ धनबाद के दो मल्टीप्लेक्स पीवीआर आईनॉक्स प्रभातम मॉल एवं पीवीआर आईनॉक्स बिग बाजार में रिलीज होने जा रही है इसके निमार्ता रणविजय सिंह है।इस फिल्म धनबाद में भोजपुरी के बहुचर्चित कलाकारों के साथ साथ धनबाद के प्रतिभाशाली कलाकारो को अभिनय का जौहर दिखाने का मौका देकर बनाई गई है।जिसके मुख्य कलाकार गायक व अभिनेता राजू सिंह अनुरागी ,मोंटी बाबा,तन्नू श्री ,आननद मोहन,आयेज खान ,रंजीत सिंह, रागनी सिंह, इस्तेयाक एहमद, संजय मिश्रा, मनोज राउत,काका जी, बबलू ,प्रीतम अधिकारी, पूजा अधिकारी, सुप्रिया, मेघा, पायल, ईशा, अमर ,शमीम खान, अमरजीत गोरोवर, पंकज सांवरिया, मंजीत सिंह, इमरान, याशिका, अंजली ,चंदू ठाकुर है। फिल्म में नायक की भूमिका निभा रहे राजू सिंह अनुरागी ने बताया कि ये फिल्म पूरे तरीके से पारिवारिक है सभी धनबाद वासियों से आग्रह है कि इस फिल्म को देखकर धनबाद के कलाकारों का हौसला अफजाई करें। फिल्म शुक्रवार 30 जून को पीवीआर आईनॉक्स प्रभातम मॉल में संध्या 4.25 फिल्म रिलीज होगी तथा सुबह 12.30 अपराह्न में पीवीआर आईनॉक्स बिग बाजार में रिलीज होगी जिसे देखने हजारों लोग पहुंचेंगे।

# सड़क निर्माण का मिला अनापत्ति पत्र

## विधायक की पहल पर रास्ता हुआ साफ

खबर मन्त्र संवाददाता



**निचितपुर।** ईस्ट बसुरिया के मल्लाह बस्ती चौक के पास जर्जर सड़क मरम्मती की मांग स्थानीय लोगों द्वारा कई बार किया गया। स्थानीय लोगों में रंजीत प्रसाद, संजय निषाद,गोपी निषाद के नेतृत्व में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो से जर्जर सड़क को बनाने की मांग रखी थी। मथुरा प्रसाद महतो के पहल पर बीसीसीएल प्रबंधक से बात की गई। जिसके बाद बाघमारा अंचल कार्यालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र को लेकर मथुरा प्रसाद महतो ने पहल की। जिसके बाद अंचल अधिकारी कमल किशोर सिंह ने बीसीसीएल प्रबंधक को अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया है। अब मल्लाह बस्ती चौक के पास सड़क निर्माण का कार्य होने की उम्मीद बढ़ गई है। जिससे स्थानीय लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय समाजसेवी रंजीत प्रसाद ने कहा कि टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के पहल पर सड़क निर्माण को लेकर अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किया है। जिसके बाद सड़क निर्माण की उम्मीद बढ़ गई है। मौके पर कैलाश मल्लाह, मुकेश निषाद, राजेंद्र निषाद, दुखन मल्लाह,पंकज सिंह राम बल्लभ सिंह मौजूद थे।

### दुर्घटना की बनी रहती थी आशंका

रंगुनी पंचायत के मल्लह चौकी में जर्जर सड़क के कारण हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। छोटे वाहन चालको को भारी समस्या होती थी।हल्की बारिश में भी गढेनुमा सड़क कीचड़ से पट जाता है। जिससे लोगों को फजीहत झेलनी पड़ती थी। अंचल कार्यालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद उम्मीद जगी है कि जल्द ही मल्लाह बस्ती चौक में सड़क निर्माण कार्य चालू हो जाएगी।

एक नजर में

### उत्कृष्ट प्रदर्शन : मैट्रिक-इंटर के विद्यार्थी सम्मानित

**बोकारो/कसमार।** कसमार स्थित प्लस टू स्कूल के जैक परीक्षा 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने मैट्रिक में प्रथमए द्वितीय व तृतीय स्थान लाने वाले क्रमश: गोपाल कुमार महतोए रूबीन कुमार हांसदा एवं ज्ञानरंजन कुमार को प्रखंड प्रमुख नियोती कुमारीए जिप सदस्य अमरदीप महाराज व मुखिया गीता देवी द्वारा तथा इंटरमीडिएट साइंस में प्रथमए द्वितीय व तृतीय स्थान लाने वाले क्रमश: मो फि रदौस आलमए तुफान मुखर्जीए सचिन कुमार महतो व इंटर आर्ट्स टॉपर में प्रथम तमन्ना प्रवीणए द्वितीय नीतू कुमारी एवं तृतीय शोभा कुमारी को मुख्य अतिथि व स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख नियोती कुमारीए जिप सदस्य अमरदीप महाराजए मुखिया गीता देवीए पंसस वर्षा देवी ने बेहतर संसाधन व पठन.पाठन पर जोर दिया। मौके पर अभिभावक समेत प्रभारी प्राचार्य फारूक अंसारीए डॉ रणजीत कुमार झाए राम बाबू शुक्लए डॉ अवनीश कुण झाए महाकान्त झाए अशोक रजवारए धनंजय कुमारए करमचंद महतोए सुभय चक्रवतीए परमेश्वर बेसराए अजय दुबेए रितेश महथाए जितेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

### डीपीएस बोकारो के प्राचार्य ग्लोबल प्रिंसिपल अवार्ड से सम्मानित



**बोकारो।** ग्लोबल एजुकेशन समिट एंड अवार्ड्स समारोह में एकेएस एजुकेशन अवार्ड के तत्वावधान में दुबई में आयोजित कार्यक्रम में डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार को 26 देशों के अन्य पुरस्कार विजेताओं और प्रतिनिधियों के बीच ग्लोबल प्रिंसिपल अवार्ड से सम्मानित किया गया।उक्त सम्मान समारोह में दुबई में क्रोएशिया गणराज्य के महावाणिज्य दूतावास के महावाणिज्यदूत जैस्मीन डेल्विक सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अबू धाबी में हंगरी के दूतावास के मिशन के उप प्रमुख लास्जलो मार्टन और दुबई में अजरबैजान गणराज्य के जनरल वाणिज्य दूतावास के उप.परिषद खानलार पशाजदे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। ग्लोबल प्रिंसिपल अवार्ड मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉ गंगवार ने कहा कि यह सम्मान समर्पित संकाय सदस्यों के समर्थनए छात्रों के अथक जुनून और विद्यार्थियों के माता.पिता के सकारात्मक सहयोग का परिणाम है।

### भागवत कथा में श्री कृष्ण का जन्म उत्सव

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा-पंचेत रोड के तीन नं चढ़ाई स्थित श्रीश्री राम भरोसा धाम सार्वजिक मंदिर के स्थापना की प्रथम वर्षगांठ पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में गुरूवार को भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव को मनाया गया। इस अवसर पर वृन्दावन से आए कथावाचक माधव महाराज ने कहा- - की पांच कर्मेंद्रियां पांच ज्ञानेंद्रियां और एक मन इन सभी को प्रभु में लगाए रखना ही एकादशी है,व्रत करने का विचार दृढ़ होगा तो भगवान शक्ति देंगे। एकादशी करने का संकल्प करोगे तो प्रभु सहायता करेंगें। एकादशी व्रत सभी व्रतों में श्रेष्ठ है एकादशी के दिन घर में अन्न पकाना तो क्या,उसका दर्शन तक नहीं करना चाहिए । इस दिन अन्न में सभी पापों का वास होता है ये पाप अन्न खाने वाले के सिर पर जा पहुंचते हैं।एकादशी के दिन पान सुपारी भी नहीं खानी चाहिए।

# केंद्रीय मंत्री ने योजनाओं का किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** नगर पंचायत कोडरमा में गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित कर नवनिर्मित दुकान शेड की चाबी वितरित की गई, वहीं कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया गया। कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि जो दुकानदार फुटपाथ पर अस्थायी रूप से दुकानें लगाते थे उनको स्थायी दुकान शेड दी जा रही है ताकि वे बेखौफ और स्वतंत्र रूप से अपनी आजीविका को आगे बढ़ा सकें। इससे गरीब परिवार को आर्थिक मजबूती मिलेगी। वहीं विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा में टाऊन हल की मांग बहुत दिनो से हो रही थी जिसे अब पूरा किया जा रहा है।

वहीं जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि जिस तरह कोडरमा में मार्केट कॉम्प्लेक्स बनाया गया है, उसी तर्ज पर तिलैया में भी मार्केट कम्प्लेक्स बने। वहीं उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि विकास के लिए सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाना उनकी प्राथमिकता है लेकिन इस बात का ख्याल रखा जाता है कि किसी गरीब को बेघर करके उनका रोजगार न छीना जाय। मौके पर ही अरविंद कुमार, मोहम्मद तनवीर अख्तर, अब्दुल रज्जाक, राजेश कुमार और दुष्यंत कुमार को आबंटित दुकानों की चाबी सौंपी गई। इस दौरान उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेहराडीह में चबूतरा सह प्रार्थना मंच का निर्माण, प्रखंड कोडरमा अंतर्गत आईटीआई लोकाई में विविध मरम्मती कार्य और डीप बोरिंग का कार्य आदि का शिलान्यास किया गया।

# बेरमो : तालाब की मर गयीं मछलियां, किसान परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो से एक चौकाने वाला मामला सामने आया हैए जहां ड़ेगनी तालाब में बीते रात अचानक से मछलियां मृत पाई गईण मामला बोकारो जिला अंतर्गत गोमिया प्रखंड क्षेत्र के होसिर का हैण इस बात का पता तब चला जब उस तालाब में मत्स्य पालन करने वाले किसान सुबह तालाब में मछलियों को दाना डालने पहुंचेण तालाब पहुंचने पर किसान ने देखा कि तालाब में पाली गई लगभग सभी मछलियां मरी हुई हैण तब उन्होंने तालाब के चारो ओर घूमकर मुआयना किया तो देखा कि सभी किनारों पर मछलियां मृत अवस्था में पानी पर छपली हुई थीण यह देखकर उनका बुरा हाल हो गयाण

जानिए क्या कहते हैं किसान .

इस संबंध में मत्स्य पालन करने वाले किसान गोपाल केवट ने बताया कि वे एक दिन पहले ही तालाब पर लगभग चालीस किलो मछली बीज का संचयन किया थाण इसके अलावा पूर्व में तालाब पर लगभग एक क्विंटल फिंगरलिंक मछली अंगुलिकाओं का संचयन किया गया थाण उन्होंने बताया कि इधर उधर से कर्ज लेकर दो सौ रुपये प्रति किलो की दर से मछली बीज की खरीदगी की गई थी, लेकिन अब इस नुकसान की भरपाई कैसे करेंगे। इसी तालाब से किसान परिवार की जीविका चलाते थे। अब आगे क्या करेंगेएइसकी चिंता उन्हें खाये जा रही है।

# श्रीनाथ विश्वविद्यालय को मिली एआइसीटीइ से मान्यता

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** आदित्यपुर, स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय जमशेदपुर को इसके एमबीए, एमसीए, बी.टेक और इंजीनियरिंग कार्यक्रमों में डिप्लोमा को 'अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद' द्वारा अनुमोदन प्राप्त हुआ। एआईसीटीई भारत में तकनीकी शिक्षा के विनियमन और उचित रखरखाव के लिए जिम्मेदार वैधानिक निकाय है। इसकी मंजूरी विश्वविद्यालय के उच्च-गुणवत्ता मानकों और पाठ्यक्रम के पालन का प्रतीक है जो एआईसीटीई द्वारा निर्धारित आवश्यकताओं को पूरा करती है। श्रीनाथ विवि द्वारा प्रस्तावित एमबीए प्रोग्राम छात्रों को गतिशील व्यावसायिक दुनिया में नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए आवश्यक प्रबंधकीय कौशल और ज्ञान से लैस करने के लिए तैयार किया गया है। अपने व्यापक पाठ्यक्रम और उद्योग-उन्मुख दृष्टिकोण के माध्यम से, कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रो को संगठनात्मक सफलता प्राप्त करने के लिए विकसित करना है। एमसीए कार्यक्रम कंप्यूटर अनुप्रयोगों में विशेषज्ञता विकसित करने, आईटी उद्योग की चुनौतियों से निपटने के लिए छात्रों को तैयार करने पर केंद्रित है। एक पाठ्यक्रम के साथ यह व्यावहारिक प्रयोग और नवाचार पर जोर देता है । यह कार्यक्रम स्नातकों को सॉफ्टवेयर विकास, डेटाबेस प्रबंधन और सिस्टम विश्लेषण जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करता है। श्रीनाथ विवि का बी.टेक कार्यक्रम कंप्यूटर विज्ञान, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और सिविल सहित विभिन्न इंजीनियरिंग विषयों में विशेषज्ञता प्रदान करता है। कार्यक्रम सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ जोड़ता है, जिससे छात्रों को तकनीकी प्रगति में योगदान देने और वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने तथा कुशल इंजीनियर बनने में सक्षम बनाया जाता है। एआईसीटीई की मंजूरी उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने और यह सुनिश्चित करने के लिए श्रीनाथ विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है कि उसके कार्यक्रम उद्योग की उभरती जरूरतों के अनुरूप हैं। इस मान्यता के साथ, छात्र अब श्रीनाथ विश्वविद्यालय के एमबीए, एमसीए, बी.टेक और डिप्लोमा कार्यक्रमों से उद्योग की प्रासंगिकता और कैरियर की संभावनाओं के बारे में आश्वस्त हो सकते हैं। श्रीनाथ विवि के कुलाधिपति सुखदेव महतो ने कहा, हमें अपने एमबीए, एमसीए, बी.टेक और इंजीनियरिंग कार्यक्रमों में डिप्लोमा के लिए एआईसीटीई की मंजूरी मिलने पर खुशी है।

# स्व प्रभुनाथ सिंह ने व्यवसायियों के हित में उठाये थे कदम : दिनेश



### श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** समाजसेवी सह सिंदरी चेम्बर ऑफ कामर्स के प्रथम अध्यक्ष स्व प्रभुनाथ सिंह की 7 वीं पुण्यतिथि पर उनके पुत्र पूर्व पार्षद दिनेश सिंह और कामेश्वर सिंह सहित कई लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। गुरुवार को नगर निगम के वार्ड नं 55 के पूर्व पार्षद कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। मौके पर पूर्व पार्षद सह वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह ने कहा कि अपने पिता के पदचिन्हों पर चलकर गरीबों की सेवा करता रहूँगा। वरिष्ठ मासस नेता सुरेश प्रसाद ने कहा कि स्व प्रभुनाथ सिंह जी जीवन पर्यन्त समाज के प्रति समर्पित थे। समाज के किसी भी व्यक्ति के दुखी होने पर कष्ट निवारण के लिए प्रयासरत हो जाते थे। उनके दोनों पुत्र दिनेश सिंह और कामेश्वर सिंह समाजिक सद्भाव बनाए हुए है। अन्य वक्ताओं ने कहा कि स्व प्रभुनाथ सिंह के द्वारा किए गए कार्य आज भी सिंदरीवासी भूल नहीं पाए हैं।

### कार्यक्रम में थे शामिल

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में दिनेश सिंह, कामेश्वर सिंह, रणधीर सिंह, रासबिहारी सिंह, विदेशी सिंह, अधिवक्ता दिनेश सिंह, ब्रजेश सिंह, संजय सिंह, प्रकाश बाउरी, राकेश तिवारी, कौशल सिंह, मासस नेता सुरेश प्रसाद, कामख्या सिंह, सुभाष सिंह, गामा सिंह, अरुण सिंह, अजय सिंह, टुनटुन सिंह, संजय तिवारी, बी एन पाण्डेय, ललन गुप्ता, उपेंद्र सिंह, विरेन्द्र सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बाल विवाह रोकने के लिए शपथ ग्रहण समारोह

## कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन का जागरूकता कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन व सहयोगिनी बोकारो द्वारा बाल विवाह रोकने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कसमार प्रखंड प्रमुख नियोति कुमारी दे ने कहा कि बाल विवाह अभी भी समाज के लिए अभिशाप बना हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज के समय में भी लड़के और लड़की की शादी बहुत ही कम उम्र में हो रही हैए जिससे उनकी जिंदगी बद से बदतर हो जाती है। ऐसे में अब स्कूली स्तर पर इसके रोकथाम के लिए बच्चे और बच्चियों को जागरूक करके ही इस अभिशाप और कुरीति को खत्म किया जा सकता है। बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ ग्रहण करते हुए जान प्रतिनिधियों ने बच्चों को नाबालिग अवस्था में शादी नहीं करने की बात कही। जिप सदस्य अमरदीप महाराज ने कहा कि आज भी समाज में बाल विवाह किया जा रहा है जो एक कानूनी अपराध है। कार्यक्रम में मुखिया गीता देवीए पंसस वर्षा देवीए प्राचार्य फारुख अंसारीए अवनीश कुमार झाए महाकांत कुमारए अंबुज कुमार महतो मौजूद थे।

## 30 जून 1855 को संथालों ने ब्रितानी हुकूमत को हिला दिया था

# हूल: अंग्रेजों के खिलाफ पहली बिगुल



- अंग्रेजो ने दस हजार रुपये का ईनाम रखा था सिद्धू कान्हू पर
- सूदखोरों और अंग्रेजों के भूमि कानून से नाराज आदिवासियों की हूल भारत की पहली जनक्रांति
- 30 जून 1955 को भोगनाडीह में विशाल जनजुटान से डरे अंग्रेंज



**वंदना टेटे**

देश का पहला स्वतंत्रता संग्राम होने के बावजूद संताल हूल पर इतिहास और साहित्य में नहीं के बराबर लिखा गया है।

1855 में अंग्रेजी शासकों, जमींदारों, महाजनों और दलालों के विरूद्ध हुआ संताल युद्ध ड्डारतीय आजादी का पहला संगठित युद्ध था। इतिहासकार आदिवासी युद्धों को 'विद्रोह' कह कर इसकी व्यापकता को संकुचित करते हैं। वहीं गैरआदिवासियों जैसे कुंअर सिंह, लक्ष्मीबाई आदि को स्वतंत्राता संग्राम का नायक स्थापित करते हैं जो वास्तव में राजा-रानी थे और जहां पीड़ित जनता उनके नेतृत्व और आह्वान पर लड़ाई में ड्डाग लेती है। लेकिन आदिवासी युद्धों में इसके विपरीत पूरी जनता सामूहिक कंससनेस से ब्रिटिश सरकार के खिलाफ युद्ध का फैसला करती है। गांव-गांव और पंचायत स्तर पर जनता खुद ही संगठित होती है और पूरा इलाका एक साथ युद्ध में उतरता है। संताल हूल में सिदो-कान्हू को 'नायक' और 'नेता' आदिवासी जनता ने नहीं बनाया बल्कि उन लोगों ने बनाया जो बाहर से आए। वे इतिहासकार थे, रिसर्चर थे या फिर साहित्य से जुड़े हुए लोग। सच्चाई यही है कि पारंपरिक आदिवासी स्वशासन व्यवस्था के अनुसार सिदो-कान्हू ने अगुआई की। नायक बनाने के चक्कर में न सिर्फ संताल हूल में शामिल अन्य अगुआ लोगों की उपेक्षा हुई बल्कि महिलाओं की ड्डागीदारी को भी समुचित स्थान नहीं मिल सका। चांद-भैरव और फूलो-झानो के बारे में हमलोग इसीलिए नहीं जान पाते हैं क्योंकि सिदो-कान्हू के नायकत्व में इन्हें भूला दिया गया। संताल हूल सोच-समझकर लिया गया सामूहिक निर्णय था। यह निर्णय 30 जून 1855 को भोगनाडीह, बरहेट में आयोजित विशाल जन-जुटान में लिया गया। इस जन-जुटान में संताल परगना और जंगल तराई इलाके के आदिवासियों ने हजारों की संख्या में भाग लिया था और इसमें सदान मूलवासी जनता की भी भरपूर भागीदारी थी। जबकि 1857 में शुरू हुआ विद्रोह मंगल पांडेय नामक सिपाही के धार्मिक सोच की वजह से शुरु हुआ था। संताल हूल और सिपाही विद्रोह की शुरुआत के कारण बिल्कुल अलग थे। संताल हूल जहां ब्रिटिश शासकों और जमींदार-महाजनों के खिलाफ युद्ध का सीधा फैसला था तो सिपाही विद्रोह व्यक्तिगत रूप से धार्मिक कारण के चलते अनायास शुरु हुआ था। जो आगे चलकर एक बड़े विद्रोह के रूप में परिणत हुआ और इसमें शामिल होने वाले या नेतृत्वकर्ता अधिकांश राजा-सामंत थे जो ब्रिटिश शासन के हस्तक्षेप को अपने राज-काज में स्वीकार नहीं करना चाहते थे। परंतु संताल हूल किसी व्यक्तिगत निजी कारण से नहीं वरन सामूहिक स्तर पर युद्ध करने का फैसला था। लेकिन आदिवासियों को असभ्य, जंगली और बर्बर मानने की नस्ली दृष्टि के कारण 1855 में हुए संताल हूल को इतिहास और साहित्य में भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम नहीं स्वीकार किया गया। यह सम्मान दो साल बाद निजी कारण से शुरू हुए सिपाही विद्रोह को दिया गया।

संगठित संथाल हूल कितना प्रभावी था इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि तोप और बंदूकों के बावजूद अनेक बार उन्हें पीछे हटना पड़ा था। दो सौ साल के ब्रिटिश शासनकाल में यह पहला ऐसा व्यापक जनयुद्ध था जिसे दबाने के लिए सरकार को मार्शल लॉ लगाना पड़ा। यह जनयुद्ध रुक-रुक कर कई चरणों में 1956 तक चला और इस दौरान हजारों आदिवासी लड़ाके शहीद हुए जिनमें महिलाएं भी शामिल थी। 1830-32 के महान कोल व्रिदोह के करीब 20 साल बाद हुआ संताल हूल ब्रिटिश सत्ता के खिलाफ हुआ दूसरा सबसे बड़ा जनयुद्ध था। इसके पूर्व देश के किसी हिस्से में ऐसे जनयुद्ध का विवरण नहीं मिलता। तथाकथित तौर पर भारत का प्रथम राष्ट्रीय संग्राम कहा जाने वाला 1857 का सिपाही विद्रोह हो या पचास के दशक तक चला आजादी का संघर्ष, इन सबकी नींव में संताल हूल जैसे आदिवासी युद्ध थे। संताल हूल ने अपने सरेंडर विहीन युद्ध से पूरी दुनिया का ध्यान खींचा था। लंदन के अंग्रेजी अखबारों में संताल हूल पर लंबी-लंबी रपटें छपी थीं और युद्ध की तस्वीरें चित्राकार से बनवाकर छापी गई थीं। इससे कार्ल मार्क्स जैसे राजनीतिक दार्शनिकों को आदिवासियों के इस अदम्य संघर्ष की जानकारी हुई। कार्ल मार्क्स ने अपनी विश्वप्रसिद्ध रचना 'नोटस ऑफ इंडियन हिस्ट्री' में जून 1855 में हुए इस आदिवासी जनयुद्ध संताल हूल को जनक्रांति कहा है। हमारे देश के इतिहासकारों ने कड्डाी ड्डाी आदिवासी इतिहास पर कलम नहीं चलाई। आदिवासी लोग बहुत बाद में पढ़े-लिखे। इसलिए संताल हूल जैसे आदिवासी जनयुद्ध अड्डाी ड्डाी इतिहास के अंधेरे में हैं। आदिवासी लोकगीतों, लोककथाओं और वाचिक परंपरा के अन्य विधाओं में बहुत सारी ऐतिहासिक सामग्री संजोयी हुई है। ब्रिटिश दस्तावेजों और जिला गजेटियरों में भी बहुत से तथ्य हैं। जिनकी चर्चा जानबूझकर इतिहासकार नहीं करते। आदिवासी लेखकों, बुद्धिजीवियों और समाज-राष्ट्र में समानता की चाह रखने वाले लोतांत्रिक शक्तियों को श्रमपूर्वक खोज-अध्ययन करते हुए आदिवासी जनयुद्धों के इतिहास के सभी आयामों को उजागर करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

**(लेखिका सामाजिक कार्यकत्ता और लेखन से जुड़ी हैं)**

# युवाओं के प्रेरणा सिद्धो कान्हू

## संथाल हूल के जननायक से सीख लें झारखंडी युवक-युवतियां



**डॉ हरि उरांव,**

झारखंड में आज आदिवासी नेतृत्व पर सवाल उठाये जाते हैं लेकिन इतिहास के पन्नों को पलटें तो आदिवासी नेतृत्व में कहीं भी कमजोरी नहीं दिखायी देती है। वीर तिलका मांझी, सिदो-कान्हू, चांद, भैरव, वीर बुद्धु भगत, तेलंगा खड़िया, बिरसा मुंडा, नीलांबर पीतांबर, जतरा टाना भगत सहित कई ऐसे व्यक्तित्व हुए जिन्होंने अपनी नेतृत्व क्षमता का लोहा मनवाया है। ऐसे में यह कहना कि आदिवासियों में नेतृत्व क्षमता की कमी है यह हजम नहीं होता है। बस इसे देखने का नजरिया होना चाहिए। संताल हूल के जननायक सिदो-कान्हू से झारखंड के युवाओं को प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी अंग्रेजों से लोहा लिया और वीर गति को प्राप्त किया। आज के आदिवासी नेताओं, विधायकों, मंत्रियों के ऐसे वीरों की जीवन से सीख लेनी चाहिए। आज आदिवासियों नेतृत्व पर इसलिए सवाल उठाये जाते हैं क्योंकि आज उनके अंदर विजन नहीं है। वे व्यक्तिवादी हो गये हैं। पैसा,नाम और पहचान चाहते हैं, निःस्वार्थ सेवा की भावना नहीं है। सिर्फ अपना एक्सपोजर चाहते हैं। सामज की चिंता नहीं करते हैं, जबकि सिदो-कान्हू जैसे अन्य वीरों ने समाज के लिए संघर्ष किया। अपने को बलिदान कर दिया। पहले के आदिवासी अगुवों में इतनी बेइमानी नहीं थी। जनता उनपर विश्वास करती थी, लेकिन आज उलटा हो रहा है। मुद्दों पर भी जनता एकजुट नहीं हो रही है। क्योंकि आज के आदिवासी नेता विश्वास को तोड़ चुके हैं। जनता उनपर विश्वास ही नहीं करती है।



इसलिए जनता का विश्वास जीतना होगा। आज शहीद सिदो-कान्हू, वीर बुद्धु भगत, बिरसा मुंडा, तिलका मांझी की तरह समाज के लिए समर्पित होना होगा। झारखंड को सही नेतृत्व देना होगा। आज देश, राज्य के नेता बस अपनी सुरक्षा और लाभ के लिए राजनीति कर रहे हैं। समाज और देश की भलाई नहीं सोचते।

ऐसे परिस्थिति में इन शहीदों की जीवन ही हमें समाज के लिए सोचने ओर काम करने के लिए प्रेरित करता है। आज मंथन और चिंतन के बाद भी झारखंड विकास के रास्ते नहीं चल रहा है। आज विजनपूर्ण नेतृत्व की जरूरत है। इसी से झारखंड का भला होगा। तमाम तामझाम के बावजूद विजन वाला नेतृत्व झारखंड को नहीं मिल पाया है।

# हूल ज्ञापन नहीं जीने का अधिकार पत्र है!



**अश्विनी पंकज**

*पत्नी, बच्चे, घर-द्वार के लिए भाई*
*बछड़े, बकरों के लिए भाई*
*हूल हम जरूर करेंगे*
*पहले जैसी आजादी के लिए भाई*
*पहले जैसी मुक्ति के लिए भाई*
*हूल हम जरूर करेंगे*

**हूल,** उलगुलान, धूमकाल और सन 47 के बाद किये गये संवैधानिक वायदों की अनदेखी बढ़ती जा रही है। इसलिए हूल दिवस के इस अवसर पर इतिहास और वर्तमान को याद करना जरूरी होगा, जिससे हम 1855 से जारी जनयुद्ध के कारणों को सामाजिक न्याय के परिप्रेक्ष्य में देख सकें। इसके आलोक में अपनी समझदारी विकसित कर सकें कि कोई भी समाज-राष्ट्र आखिर अपने ही देशज-आदिवासी समुदायों के, वह भी कसाई और बकरी की तरह है। ऐसे में आदिवासी जनता क्या करे? हम जानते हैं कि तमाम संवैाानिक प्रावाानों, कानूनों, सराकरी नीतियों-कार्यक्रमों, घोषणाओं और आश्वासनों के बावजूद देश के आदिवासी इलाके हूल की तरह ही त्रास्त हैं और प्रतिरोध में लगातार उबल रहे हैं।

1855 में हुए देश के इस प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में सिर्फ संताल ही नहीं शामिल थे। उस इलाके सारे समुदाय, जो सूदखोरी, महाजनी, जमींदारी जुल्म, पुलिसिया अन्याय और औपनिवेशिक लूट से पीड़ित थे, हूल में शामिल थे। संतालों की आबादी चूंकि राजमहल के इलाके में सबसे ज्यादा थी और उन्होंने ही इस जनयुद्ध का नेतृत्व किया था, इसलिए इसे संताल हूल कहा जाता है। लेकिन यह वास्तव में संतालों के नेतृत्व में हुआ देश का पहला जनयुद्ध था। इसीलिए हूल के तुरंत बाद 15 अगस्त 1855 को अंगरेजी सरकार ने यह घोषणा करते हुए उस इलाके में 14 हजार सैनिकों को तैनात किया था

'जान पड़ता है, संताल आदिवासियों ने सरकार के



संवैाानिक प्रावाानों के बावजूद, क्यों जीने के आाकार से वंचित करते हुए उन्हें अलगाव में डाल रहा है, उन्हें जनयुद्ध की ओर धकेल रहा है।

भारत के आदिवासी जनों के साथ भेदभाव इतिहास लेखन के साथ ही शुरू हो जाता है। जब हम सभी पाठ्य पुस्तकों, इतिहास की किताबों में सिर्फ और सिर्फ यही पढ़ते हैं कि भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 के सिपाही विद्रोह से शुरू होता है। झारखंड, पश्चिम बंगाल और बिहार की सीमा पर राजमहल के जंगलों में जबकि 1880 में तिलका मांझी उर्फ जबरा पहाड़िया का जनयुद्ध हो चुका था। इसके करीब 70 साल बाद 1855 में हुआ हूल आंदोलन तो एक व्यापक, संगठित और रणनीतिक रूप से सुनियोजित युद्ध था, जिसके विस्तार और प्रभाव को अंग्रेज अधिकारियों से लेकर तत्कालीन लेखकों ने समान रूप से स्वीकार है।

इस दृष्टि से 1935 में लिखित आर कार्सटेयर्स लिखित 'हाड़मा विलेज' महत्वपूर्ण ऐतिहासिक दस्तावेज है, जिसमें हूल का आंखों देखा विवरण दर्ज है। कार्सटेयर्स 1855 से 1859 तक संताल परगना में डिप्टी कमिश्नर रहा था। 'हाड़मा विलेज' का संताली अनुवाद आरआरके रापाज किस्कू ने 1946 में 'हाड़मावाक् आतो' का रोमन लिपि में प्रकाशित किया था। हिंदी अनुवाद 2012 में शिशिर टुडू ने किया। जो 'ऐसे हुआ हूल' के नाम से प्रकाशित हुआ है।

यह दस्तावेज हूल के जिन कारणों पर विस्तार से प्रकाश डालता है, उससे अलग आज की परिस्थिति बिल्कुल नहीं है। बल्कि पहले से ज्यादा बदतर हुई है। पहले तो कम से कम एक बड़ा विभाजन यही था कि शासक बाहरी अर्थात विदेशी थे। लेकिन 47 के बाद शासक देशी हुए और कहा गया कि देश आजाद हो गया, सभी नागरिक अब स्वतंत्र हैं। झूठी स्वतंत्रता और भ्रष्ट लोकतंत्र के कारण विरोध करना, असहमति जताना, अन्याय-अत्याचार की खिलाफत करना और आत्मरक्षार्थ हथियार उठाना देशद्रोह मान लिया जाता है। शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के साथ शासक वर्ग का रवैया विरुद्ध विद्रोह किया, लूट-पाट की, लोगों के प्राण लिये और सरकारी फौजों का सामना किया, फिर भी उनमें से अधिकांश अपना मूर्खता को महसूस करते हुए क्षमा चाहते हैं, पहले की तरह मिलजुलकर रहना चाहते हैं। इसलिए सरकार की ओर से यह घोषणा की जाती है कि चूंकि सरकार अपनी प्रजा की भलाई चाहती है, अतः संताल लोग पथभ्रष्ट हो चुकने के बाद भी हाकिमों, अधिकारियों के पास दस दिनों के अंदर आत्मसमर्पण कर दें, तो जांच के बाद नेताओं को छोड़कर अन्य लोगों को क्षमा प्रदान कर दिया जाएगा। और अगर इस घोषणा के बाद भी कोई सरकार के विरुद्ध खड़ा होगा, तो उसे अविलंब सजा दी जाएगी।'

लेकिन योद्धाओं ने समर्पण नहीं किया। महाजनी-सामंती और अंगरेजी राज के खिलाफ नारा और बुलंद हुआ - **'जुमीदार, महाजन, पुलिस राजदेन आमला को गुजुकमाड़' अर्थात 'जमींदार, महाजन, पुलिस और सरकारी अमलों का नाश हो।' 'बिर-बुरु ओकेया-ओकेया'** (जल, जंगल, जमीन हमारा है हमारा है)। **आज भी देश के आदिवासी क्षेत्रों में यही नारा है। कोई नया नारा नहीं है।**

जब नारा नया नहीं है, तो जाहिर है परिस्थितियां वही हैं। सवाल, मुद्दे और मांगें भी वही हैं। हद तो तब हो जाती है, जब देश का संवैधानिक प्रमुख, जिस पर आदिवासी इलाकों के लिए संविधान में किये गये विशेष प्रावाान पांचवीं अनुसूची की रक्षा का दायित्व है,वह भारी जन विरोध के बावजूद कॉरपोरेट का साथ देता है। आदिवासियों को उनसे से मिलने नहीं दिया जाता। समूचे क्षेत्र में अघोषित कर्फ्यू लगा दिया जाता है। सरकार और समाज को हूल की असहमतियों पर विचार करना ही होगा। हूल मांग का कोई ज्ञापन नहीं है। यह ऐतिहासिक अस्वीकार है लूट, दमन और आज के विंवसकारी विकास मॉडल का। यह दावा है प्रकृति जनों का प्रकृति और पूरी समष्टि के लिए। प्रकृति, जानवर, वनस्पतियां, ग्रह, नक्षत्र और इंसान सभी के हित सुरक्षित रहें इसकी कामना है हूल।

# हूल के जनक: गरभू मांझी



**जेरोम जेराल्ड कुजूर**

1857 के सिपाही विद्रोह को भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की पहली लड़ाई कहा जाता है, लेकिन झारखंड के इतिहास में इसके पूर्व ही यहां के शूरवीरों ने अंग्रेजी सम्राज्य के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। अमर शहीद तिलका मांझी का आंदोलन 1772 के आसपास हुआ था। जिन्हें अंग्रेजों ने फांसी दी। 1832 में कोल विद्रोह हुआ जिसमें पूरे आदिवासी शामिल हुए थे। 1855 का संताल हूल सिद्धो-कान्हो के नेतृत्व में लड़ी गयी। इस संताल हूल के एक नायक थे गरभू मांझी। गरभू मांझी न होते तो शायद संताल हूल न होता।



गरभू मांझी का जन्म बरहेट क्षेत्र के आमगाछी गांव में हुआ था। उस समय संथालपरगना में अंग्रेज महाजनी प्रथा चला रहे थे। उनके गांव में महाजनी के लिए कुबिरा गांव के दो भाई किनाराम और बेचाराम भगत आया करते थे। वे दोनों लोगों का तीन चार मुर्गा और ज्यादा पैसा वसूल ले जाते थे। पैसा नहीं देने पर गाय-बैल, भेड़-बकरी भी जबरन उठा ले जाते थे। यह सब देखकर गरभू मांझी को रहा नहीं जाता था। चूंकि मांझी था इसलिए गांव की जिम्मेवारी उसी पर थी। ग्रामीणों की पीड़ा देखकर वह महाजनों के खिलाफ आवाज उठाया। गरभू मांझी की शक्ति देखकर महाजन किनाराम और बेचाराम भगत व्याकुल हो उठे। उसे दबाने के लिए दोनों महाजनों ने बरहेट थाना में महेश लाल दरोगा के समक्ष गरभू मांझी के खिलाफ झूठा केस दायर कर दिया। इस पर दरोगा ने आमगाछी गांव आकर गरभू मांझी को गिरफ्तार कर लिया।

यह खबर संतालपरगना में आग की तरह फैल गयी। उस समय का जेल भागलपुर में था, इसलिए गरभू मांझी को बरहेट से भागलपुर जेल ले जाना था। इसकी सूचना पडेरकोला श्यामपरगना लिप्तीपाड़ा के विजय मांझी एवं भोगनाडीह के संताल भाइयों सिदो-कान्हो तक भी पहुंच गयी।

अतः गरभू मांझी को छुड़ाने के लिए सिदो-कान्हो ने हजारों संतालियों को जमा करके बरहेट थाना का घेराव किया। बरहेट थाना में सिदो ने गरभू मांझी की हथकड़ी खोल दी। हथकड़ी खुलते ही गरभू मांझी ने संताल भाई से तलवार छीनकर दारोगा महेशलाल की कान काट दी। और सभी संतालों ने एक साथ चिल्लाया हूल-हूल, फिर उन्होंने ने बरहेट थाना जला दिया गया।

यहीं से संताल हूल की शुरुआत हुई। यह घटना 1855 की है। अगर गरभू मांझी नहीं होते तो सिद्धो-कान्हो और उनके भाई तथा अन्य संताली यह आंदोलन नहीं करते। लेकिन जिस प्रकार अन्य मामलों और आंदोलनों की इतिहास में उपेक्षा की गयी है उसी प्रकार इस आंदोलन के कई महत्वपूर्ण पात्र अनजान है और उनके बारे में कोई नहीं जानता है। झारखंड की धरती रत्नगर्भा होने के साथ वीर भी पैदा करती रही है। संताल हूल गरभू मांझी के कारण ही प्रारंभ हुआ लेकिन आज वे इतिहास के पन्नों से गायब हैं।

**प्रो कोरेनेलियुस मिंज, गोस्नर कॉलेज रांची पृष्ट सज्जा एवं सामग्री संकलन में सहयोग**

# धवन की टीम इंडिया में वापसी, एशियन गेम्स 2023 में बन सकते हैं कप्तान



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चीन के हांगझू में 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होने वाले एशियन गेम्स 2023 के लिए बीसीसीआइ पुरुष और महिला क्रिकेट टीमें भेजने की तैयारी में है। रिपोर्टों के अनुसान पुरुष टीम की कप्तानी शिखर धवन करेंगे। यह मैच तब होंगे जब क्रिकेट विश्व कप शुरू हो जाएगा। ऐसे में धवन को बैकअप खिलाड़ियों की कप्तानी करने का मौका मिलेगा। वहीं, महिला टीम के लिए हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में टीम तैयार है। 37 साल के शिखर धवन पिछले साल से ही भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं। धवन का बल्ला एक सीरीज में चल नहीं पाया था। लेकिन उनका अनुभव और खास तौर पर आईपीएल में प्रदर्शन देखने के बाद बीसीसीआई चयन समिति ने एक बार फिर से उनपर विश्वास दिखाया है। धवन ने पहली बार 2021 में टीम इंडिया की कप्तानी की थी। पिछले साल वेस्टइंडीज में एकदिवसीय सीरीज के दौरान भी उन्होंने टीम का नेतृत्व किया था और इस सीरीज में टीम इंडिया की जीत हुई थी। उम्मीद है कि धवन के साथ रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, यशस्वी जयसवाल और जितेश शर्मा जैसे भारतीय खिलाड़ी जो अपनी पहचान बनाना चाहते हैं, को एशियन गेम्स के लिए टीम में शामिल किया जा सकता है। अगर टीम इंडिया एशियन गेम्स में हिस्सा लेगी तो इसका गोल्ड मैडल जीतने का पूरा चांस बन सकता है।

## रिटायर्ड खिलाड़ियों की हिस्सेदारी की समीक्षा करेगा बीसीसीआइ





**नयी दिल्ली।** बीसीसीआइ सात जुलाई को होने वाली अपनी शीर्ष परिषद की बैठक में विदेशी टी20 लीग में रिटायर्ड खिलाड़ियों की हिस्सेदारी की मौजूदा नीति की समीक्षा करेगा। बीसीसीआइ अपनी लंबे समय से चली आ रही नीति के अनुसार खुद से पंजीकृत खिलाड़ियों को तभी विदेशी टी20 लीग में हिस्सा लेने की अनुमति देता है जब वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले लेते हैं जिसमें इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) भी शामिल है। अंबाती रायुडू ने पिछले महीने चेन्नई सुपरकिंग्स की खिताबी जीत में भूमिका निभाने के बाद आइपीएल से संन्यास ले लिया था। अब वह जुलाई में अमेरिका में होने वाली शुरूआती मेजर लीग क्रिकेट में टेक्सास सुपरकिंग्स में खेलते हुए नजर आयेंगे। बीसीसीआइ अपने सक्रिय खिलाड़ियों को टी20 लीग में हिस्सा लेने से बचाना चाहता है और ताजा घटनाक्रम को देखते हुए वह अपने रिटायर्ड खिलाड़ियों की भागीदारी पर एक अनुच्छेद ला सकता है। घरेलू क्रिकेट का स्तर और ज्यादा कमजोर नहीं हो, यह सुनिश्चित करने के लिए वह ऐसा कर सकता है क्योंकि टी20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट के फैलने से काफी खिलाड़ी जल्दी संन्यास ले सकते हैं। बैठक के एजेंडे के अनुसार विदेशों में रिटायर्ड खिलाड़ियों की भागीदारी को लेकर चर्चा की जायेगी।

## हेड-स्मिथ चमके ऑस्ट्रेलिया के पांच विकेट पर 339 रन

**लंदन।** ट्रेविस हेड (77) और स्टीवन स्मिथ (85 नाबाद) के बीच चौथे विकेट के लिये 118 रनों की महत्वपूर्ण भागीदारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांच विकेट पर 339 रन बना कर मजबूत शुरूआत की। ऐतिहासिक लार्डस के मैदान पर इंग्लैंड ने टास जीत कर आस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी करने के लिये आमंत्रित किया। डेविड वार्नर (66) और उस्मान ख्वाजा (17) ने पारी की शुरूआत की। इस बीच वर्षा ने भी मैच में व्यवधान डाला। जोस टोंग ने ख्वाजा को क्लीन बोल्ड कर इंग्लैंड को पहला झटका दिया जब टीम का स्कोर 73 रन था जबकि चार ओवर बाद ही वार्नर भी जोस की गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गये। हालांकि बाद में क्रीज पर आये मार्नस लाबुशेन(47) ने स्मिथ के साथ पहली शतकीय साझीदारी निभायी मगर वे अर्धशतक से महज तीन रन दूर रह कर ओली राबिंसन की गेद पर विकेट के पीछे लपके गये। पारी के 75वें ओवर में जो रूट ने खतरनाक साबित हो रहे ट्रेविस हेड को स्टांप कराया। रूट की ललचाती हुयी गेंद को क्रीज के बाहर आकर मारने के प्रयास में हेड चूके और विकेटकीपर ब्रेस्टो ने उनकी गिल्लियां बिखेर दी। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर कैमरून ग्रीन (0) रूट का दूसरा शिकार बने।

## दलीप ट्राफी : मध्य क्षेत्र ने मजबूत की पकड़

**अलूर।** आवेश खान (34 रन पर तीन विकेट),सौरभ कुमार (46 रन पर तीन विकेट) और शिवम मावी (24 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी की बदौलत मध्य क्षेत्र ने दलीप ट्राफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दूसरे दिन गुरुवार को पूर्व क्षेत्र की पहली पारी को मात्र 122 रन पर ढेर करने के बाद दूसरी पारी में बगैर कोई विकेट खोये 64 रन बना कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। मध्य क्षेत्र ने पहली पारी में 182 रन बनाये थे। दिन का खेल खत्म होने के समय मध्य क्षेत्र की कुल लीड 122 रन की हो चुकी है। हिमांशु मंत्री 25 रन और विवेक सिंह 34 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुये हैं।

## वेटरन प्रीमियर लीग में धूम मचायेंगे गेल, सहवाग

**नयी दिल्ली।** कुछ साल पहले तक क्रिकेट के मैदान पर गेंदबाजों की बखिया उधेड़ने के लिये मशहूर क्रिस गेल और वीरेंद्र सहवाग जैसे दिग्गज बल्लेबाज देहरादून में 17 नवंबर से खेली जाने वाली पहली इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग की शान बनेंगे। भारतीय वेटरन क्रिकेट बोर्ड और इंडियन पावर क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित इस लीग के पहले संस्करण में छह टीमें हिस्सा लेंगी। प्रत्येक टीम में दो विदेशी खिलाड़ी और कम से कम पांच पूर्व रणजी क्रिकेटर भाग लेंगे।

## स्वीडन फर्नांडिस चेन्नईयिन एफसी के लिये खेलेंगे

**चेन्नइ।** चेन्नईयिन एफसी ने 2023-24 सीजन के लिए क्लब के पहले अनुबंध के रूप में युवा मिडफील्डर स्वीडन फर्नांडीस को अपने साथ जोड़ा है। चेन्नईयिन एफसी का यह अगले सत्र के लिए पहला करार है जो कई वर्षों के लिए किया गया है। 23 साल के फर्नांडिस ने पिछले सत्र में नेरोका एफसी के लिए खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया था।

## सिंधू और राणा के शतकों से उत्तर क्षेत्र ने खड़ा किया रनों का पहाड़

**बेंगलुरू।** ध्रुव शोरी (135) के बाद निशांत सिंधू (150) और हर्षित राणा (122 नाबाद) के शतकीय प्रहारों की बदौलत ने उत्तर क्षेत्र ने दलीप ट्राफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दूसरे दिन गुरूवार को पूर्वोत्तर क्षेत्र के खिलाफ अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 540 रन बना कर घोषित कर दी और दिन के खेल के अंतिम सत्र में पूवोत्तर क्षेत्र के तीन विकेट महज 65 रन पर चटका कर मैच पर अपना दवाब बना लिया। चिन्नास्वामी स्टेडियम पर नीलेश लामिचानी 35 रन और लंग्लोन्याम्बा मीतान कीशांगबाम एक रन के निजी स्कोर पर क्रीज पर मौजूद थे। पूर्वोत्तर के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण के सामने उत्तर क्षेत्र के बल्लेबाजों ने आक्रामक खेल का मुजाहिरा किया। शोरी के शतक से मजबूत आधार तैयार करने के बाद उत्तर क्षेत्र के निशांत और हर्षित ने आठवें विकेट के लिये 103 रनो की भागीदारी कर रनो की ऊंची इमारत बनाने के अपने इरादों का इजहार किया। निशांत ने 18 चौके और तीन छक्कों की मैराथन पारी खेली। उनके आउट होने के बाद दूसरे छोर पर खड़े हर्षित ने अपनी बल्लेबाजी को टाप गियर मे डाल दिया और पूवोत्तर के गेंदबाजों की कुटाई करते हुये महज 86 गेंदों में 12 चौके और नौ आसमानी छक्कों की सहायता से 122 रन बना डाले।

## किर्गिस्तान व हंगरी जायेंगे विनेश फोगाट और पुनिया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पहलवान और टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) एथलीट विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों के लिए किर्गिस्तान और हंगरी जायेंगे। खेल मंत्रालय के प्रवक्ता ने गुरूवार को बताया कि दोनों ने युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) की टॉप्स टीम को अपने प्रस्ताव भेजे और उनके अनुरोध के 24 घंटों के भीतर इसे मंजूरी दे दी गई। ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पुनिया 36 दिनों के प्रशिक्षण शिविर के लिए इस्सिक-कुल, किर्गिस्तान जाएंगे, वहीं विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता विनेश फोगाट पहले एक सप्ताह के प्रशिक्षण के लिए बिश्केक, किर्गिस्तान जाएंगी और फिर 18 दिनों के प्रशिक्षण शिविर के लिए टाटा, हंगरी जाएंगी। विनेश के साथ फिजियोथेरेपिस्ट



अश्विनी जीवन पाटिल, स्पैरिंग पार्टनर संगीता फोगाट और कोच सुदेश होंगे, बजरंग के साथ कोच सुजीत मान, फिजियोथेरेपिस्ट अनुज गुप्ता, स्पैरिंग पार्टनर जितेंद्र और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग विशेषज्ञ काजी हसन होंगे। सरकार विनेश, बजरंग के अलावा संगीता फोगाट और जितेंद्र को प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न व्ययों को वहन करेगी। इसके अलावा पहलवानों के साथ आने वाले अन्य सहायक कर्मचारियों का खर्च ओलंपिक गोल्ड क्वेस्ट (ओजीक्यू) द्वारा वहन किया जाएगा। विनेश और बजरंग जुलाई के पहले सप्ताह में रवाना होने वाले हैं।

## हादसे में शिक्षिका की मौत, सड़क जाम

**बेगूसराय।** बेगूसराय में तेज रफ्तार का कहर लगातार जारी है। शुक्रवार को भी एक तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार महिला को कुचल दिया। जिससे इस महिला की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना एसएच-55 के बेगूसराय-रोसड़ा खंड पर खोदावंदपुर थाना क्षेत्र के श्री दुर्गा प्लस टू विद्यालय मेघौल के समीप की है। मृतका की पहचान चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी रणवीर यादव की पत्नी कंचन कुमारी के रूप में किया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतका एलएसडी इंटरनेशनल स्कूल मेघौल की शिक्षिका थी। जो प्रत्येक दिन अपने घर से साइकिल से स्कूल में पढ़ाने के लिए आया करती थी। अन्य दिनों की स्कूल से छुट्टी होने के बाद साइकिल से अपने घर वापस गोपालपुर लौट रही थी।

## बेतिया के एटीएम से उड़ाये 2.74 लाख रुपये

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण जिला के मझौलिया इन दिनों चोरी की सिलसिला थाना क्षेत्र में जोरों पर चल रही है। पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बनी है केवल प्राथमिकी ताकि सिमट जाती है। बेखौफ चोरों ने एक बार फिर चोरी की घटना को अंजाम देकरसनसनी मचा दी है। स्थानीय जानकारों का कहना है कि पुलिस को खुलेआम चुनौती देते हुए बेखौफ चोरों ने बीती रात्रिअहवर शेख पंचायत के पासवान चौक स्थित इंडिकैश एटीएम को गैस कटर से काटकरबॉक्स में रखें 2 लाख 74 हजार रुपये उड़ाकर भाग खड़े हुए। इसकी सूचना मिलते ही घटनास्थल पर दलबल के साथ पहुंचे थाना अध्यक्ष अभय कुमार उन्होंने बताया कि गहन जांच-पड़ताल करते हुए उपस्थित लोगों से आवश्यक पूछताछ किया गया है वही एटीएम के फ्रेंचाइजी आनंद कुमार ने बताया कि घटना लगभग बीती देर रात्रि की है। जहां अज्ञात चोरों द्वारा गैस कटर की सहायता से काट कर वारदात को अंजाम दिया गया है।

## मुंगेर में सड़क दुर्घटना में 15 बाराती घायल

**मुंगेर।** बिहार में मुंगेर जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में 15 बाराती घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बांक गांव निवासी दिनेश यादव की बेटी की शादी तारापुर के उल्टा महादेवा मंदिर में बुधवार की रात संपन्न हुयी थी। शादी समारोह में भाग लेकर बाराती पिकअप वैन से बांक गांव लौट रहे थे। इस दौरान बरियारपुर बाजार में पिकअप वैन की स्कॉर्पियो से टक्कर हो गयी। सूत्रों ने बताया कि इस घटना में 15 बारती घायल हो गये। घायलों में 6 महिलाएं और 9 पुरुष शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज मुंगेर सदर अस्पताल और बरियारपुर स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है।

## सारण में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने गुरूवार को यहां बताया कि बुधवार की देर शाम अज्ञात अनियंत्रित वाहन ने 65 वर्षीय मोपेड सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में घायल शास्त्री टोला गांव निवासी उपेंद्र तिवारी को इलाज के लिये पटना स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उपेन्द्र तिवारी की शुक्रवार को मौत हो गयी।

## बेगूसराय में बस में लगी आग, बाल-बाल बचे यात्री

**बेगूसराय।** राष्ट्रीय उच्च पथ (एनएच)-31 पर बेगूसराय नगर थाना क्षेत्र में कपस्या चौक के समीप शुक्रवार को एक मिनी बस में अचानक आग लग जाने से हड़कंप मच गया। घटना में जान-माल की क्षति नहीं हुई, लेकिन बस पूरी तरह से जल गया है। बताया जा रहा है कि मिनी बस बेगूसराय स्टैंड से यात्री को लेकर जीरोमाइल की ओर जा रही थी। कपस्या चौक के समीप ड्राइवर और खलासी सड़क किनारे बस लगाकर खड़ा था। इसी दौरान इंजन से अचानक धुआं निकलने लगा। जब तक लोग कुछ समझ पाते बस के अगले हिस्से में भीषण आग लग गई।

# अमित शाह के दावे पर भड़के ललन सिंह, कहा- भाजपा बड़का झूठ्ठा पार्टी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** बिहार के लखीसराय में गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक जनसभा में कहा कि 2014 में आपने जिताया, 19 में जिताया अब 2024 में बिहार की सभी लोकसभा सीट भाजपा के झोले में डालिए। वहीं उन्होंने पीएम मोदी के नौ साल उपलब्धियों को गिनाया। इसके बाद जदयू नेता ललन सिंह ने अमित शाह पर पलटवार किया है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह यहां के सांसद हैं।अमित शाह ने यहां मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा था कि मुंगेर में इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापित करने का काम मोदी सरकार ने किया। अमित शाह के दावे को गलत बताते हुए ललन सिंह ने भाजपा को **बड़का झुठ्ठा पार्टी** बताया। उन्होंने चुनौती दी कि साबित



कीजिए कि मुंगेर में इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज खुलवाने में केंद्र सरकार का एक रुपया भी लगा है ! मुंगेर इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज श्री नीतीश कुमार जी की सरकार की योजना का प्रतिफल है और इसमें राज्य सरकार का रुपया लगा है, इसमें केंद्र सरकार का एक रुपया भी नहीं लगा है। नीतीश कुमार सरकार की उपलब्धि भी नरेंद्र मोदी जी के नाम करने का साहस कोई झुठ्ठा व्यक्ति ही कर सकता है। लालू-नीतीश की जोड़ी से पार पाना आसान नहीं

**लालू-नीतीश की जोड़ी से पार पाना आसान नहीं :** बिहार में नरेंद्र मोदी के चेहरे के बावजूद भाजपा जपा के लिए नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव की जोड़ी को चुनौती देना आसान नहीं होगा। क्योंकि लालू और नीतीश जब ड्डी मिलते हैं, बिहार का राजनीतिक और सामाजिक समीकरण बदल जाता है। इसीलिए ड्डाजपा छोटे दलों को अपने साथ जोड़ने में लगी है। फिर ड्डी ड्डाजपा के लिए दोनों का एक साथ मुकाबला आसान नहीं होगा। बिहार में लोकसड्डा चुनाव में नीतीश कुमार का ड्डाजपा के साथ लंबे समय तक साथ रहा। दोनों 2004 और 2009 लोकसड्डा चुनाव में साथ लड़े। बाद में नीतीश ड्डाजपा से अलग हो गये। अब 2024 में नीतीश और लालू की पार्टी लोकसड्डा का एक साथ चुनाव लड़ेगी। ऐसे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लगातार बिहार का दौरा कर रहे हैं। बिहार के लिए उन्होंने विशेष रणनीति ड्डी तैयार की है। गुरुवार को श्री शाह लखीसराय की एक रैली में नीतीश और लालू पर जम कर बरसे। बिहार में लालू और नीतीश एक साथ आने से वोट के समीकरण पर जबरदस्त असर पड़ता रहा है। 2015 में साफ दिखा जब बिहार विधानसड्डा के चुनाव में महागठबंधन को 178 सीट पर प्रचंड जीत मिली थी। लालू नीतीश के एक होने से यादव, मुस्लिम, कुशवाहा, कुर्मी सहित अति पिछड़ा वोट बैंक का बड़ा हिस्सा उनके साथ 2015 में दिखा था।

## शेखपुरा में ठनका गिरने से 2 बच्चों की मौत

**शेखपुरा।** शेखपुरा में शुक्रवार को ठनका गिरने से 2 बच्चों की मौत हो गई है। ताजा घटना शेखोपुर सराय थाना इलाके की है। यहां कबीरपुर गांव में बारिश के दौरान ठनका गिरने से 12 वर्षीय बच्ची विपाशा कुमारी की मौत हो गयी। हादसे में बच्ची की 36 वर्षीय मां दौलती देवी समेत 3 लोग घायल हो गए हैं। इससे पहले चेवाड़ा थाना इलाके के चकंदरा पंचायत के राजोपुर गांव में 8 वर्षीय बालक चंदन कुमार की मौत हुई है। शेखपुरा और नालंदा की सीमा पर स्थित शेखोपुर सराय थाना क्षेत्र के कबीरपुर गांव में बारिश के दौरान अचानक ठनका गिरने से एक 12 वर्षीय बालिका विपाशा कुमारी की मौत हो गयी। बालिका की 36 वर्षीय मां दौलती देवी सहित 3 लोग घायल हो गए।घटना में घायल तीनों लोगों को इलाज हेतु बिहार शरीफ और पावापुरी स्थित अस्पतालों में भर्ती कराया गया। घायलों में मृतका की मां के साथ-साथ गांव के ही जीवक यादव की 28 वर्षीय पत्नी सरिता देवी और रामाश्रय यादव का 12 वर्षीय पुत्र कन्हैया कुमार शामिल है। ग्रामीणों ने बताया कि सभी लोग अपने गांव में मवेशी चराने गए हुए थे। अचानक बिजली की तेज चमक और गड़गड़ाहट के साथ आई बारिश के कारण एक झोंपड़ी में छुप गए। उसी दौरान ठनका गिरने से विपाशा कुमारी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। अन्य झुलसकर घायल हो गये। घटना के बाद गांव में अफरा तफरी मच गई। गांव में मातम पसरा हुआ है। शेखोपुर सराय थानाध्यक्ष सह पुलिस अवर निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली है। घटनास्थल पर टीम को भेजा गया है। चेवाड़ा थाना क्षेत्र के चकंदरा पंचायत राजोपुर गांव में बारिश के दौरान ठनका गिरने से 8 वर्षीय बालक की मौत हो गई। उसके साथ खेल रहे गांव के अन्य तीन बच्चे बेहोश हो गए। मृतक चकंदरा पंचायत के वार्ड-4 के वार्ड सदस्य मनोज बिंद का भतीजा और संजय बिंद का पुत्र चंदन कुमार है।

## नेपाल में प्रवेश करने पर 5000 से ज्यादा राशि रहने पर भरना होगा फॉर्म





**पूर्वी चंपारण।** नेपाल जाने वाले विदेशी नागरिक को अब नेपाल की सीमा में प्रवेश करते समय 5000 रुपया या उससे ज्यादा नकद या बियरर बिल ऑफ एक्सचेंज (चेक) साथ में रहने पर उन्हें इसकी सूचना नेपाल कस्टम को देनी होगी।उक्त आशय की सूचना वीरगंज कस्टम (भंसार) कार्यालय द्वारा सार्वजनिक की गई है, जिसमे कहा गया है कि प्रत्येक विदेशी नागरिक को अब 5000 से ज्यादा राशि रखकर नेपाल में प्रवेश करने के पूर्व अनुसूची 17 के तहत एक घोषणा पत्र भरना अनिवार्य होगा।नेपाली कस्टम का यह आदेश भारतीय मुद्रा समेत सभी विदेशी मुद्रा,डॉलर और यूरो समेत चेक पर लागू किया गया है। इस आशय की पुष्टि करते गुरूवार वीरगंज कस्टम (भंसार) के सूचना अधिकारी रामचंद्र शर्मा ढकाल ने बताया कि इस नियम का अनुपालन जरूरी है। इसके लिए कस्टम पर काउंटर बनाया गया है।जहां फार्म उपलब्ध है,जिसे भर कर इसके साथ ही अपना पहचान स्पष्ट करने वाला परिचय पत्र भी संलग्न करना आवश्यक है। यदि कोई भी इस नियम के तहत विदेशी मुद्रा की घोषणा किए बगैर नेपाल प्रवेश करते अथवा नेपाल से बाहर जाते पकड़ा जायेगा, तो उस पर नेपाली कानून के तहत करवाई की जायेगी।

## पेज 1 का शेष।

### खादगढ़ा बस स्टैंड में...

आग इतनी भीषण थी कि उसकी लपटें दूर तक नजर आ रही थीं। बसों में आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। लेकिन, इसके पीछे किसी साजिश की आशंका जतायी जा रही है। जिन बसों में आग लगीं वह निशांत ट्रेवल्स, मां भवानी ट्रेवल्स, राधेश्याम और एलडी मोटर्स की बसें हैं। स्थानीय लोगों और फायर ब्रिगेड की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जिसमें से छह बस जलकर खाक हो गयी। वहीं तीन बसों को जलने से बचा लिया गया। उसका कुछ हिस्सा ही जल सका। आग इतनी भीषण थी की दूर-दूर तक लपटें दिखाई दे रही थी। पहली घटना दोपहर एक बजे के आसपास की बताई जा रही है। जिसमें पांच बसों में आग लगी थी। आग की लपटें इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते सभीं बसें जलकर खाक हो गयी। इससे पूरे कांटाटोली बस स्टैंड में भगदड़ मच गयी। बसों में आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। स्थानीय लोगों और फायर ब्रिगेड की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इसी दौरान कुछ ही समय के अंतराल पर चार और बसों में आग लग गयी। फिलहाल इस हादसे में जान माल का नुकसान नही हुआ है। दरअसल आग कैसे लगी, ये पता नहीं चल पाया है। सबसे हैरानी की बात तो यह है कि जिन बसों में आग लगी उनमें से कोई भी एसी बस नहीं थी।

### जरा तो शर्म करो...

मोदी जी ने 10 ही दिन में सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर मारा। ये नया भारत है। **चुनावी एजेंडा भी सेट किया :** अमित शाह ने लखीसराय की धरती से लोकसभा चुनाव 2024 के लिए एजेंडा सेट कर दिया। उन्होंने साफ कर दिया कि आने वाले दिनों में भाजपा किस मुद्दे पर चुनावी मैदान में उतरने जा रही है। यह भी स्पष्ट कर दिया कि चुनाव में कौन-कौन नेता उनके निशाने पर रहेंगे। लखीसराय रैली में अमित शाह ने राष्ट्रवाद और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आगे बढ़ने का मैसेज साफ-साफ दिया। इस दौरान उन्होंने नीतीश-लालू के साथ-साथ रहुल गांधी पर भी जोरदार हमला बोला। **कुछ लोग 370 को गोद लिये बैठे थे :** केंद्रीय गृह ने कहा कि पहले जब पाक प्रेरित आतंकवादियों के हमले होते थे तो सोनिया-मनमोहन की सरकार कोई जवाब नहीं देते थे, मौनी बाबा बनकर दिल्ली में बैठ जाते थे लेकिन जब पीएम मोदी के कार्यकाल में पुलवामा और उरी में हमले हुए तो 10 ही दिन में सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान के घर में घुसकर मारा। कांग्रेस, जदयू , राजद, ममता सभी लोग धारा 370 को बच्चे की तरह गोद में खिलाते थे। ये कहते थे कि धारा 370 हटाओगे तो कश्मीर में खून की नदियां बह जायेंगी, राहुल बाबा खून की नदियां तो दूर किसी की कंकड़ चलाने की भी हिम्मत नहीं हुई। अमित शाह ने यह भी कहा कि, ये नौ साल भारत के गौरव के साल रहे हैं। पीएम मोदी जहां भी जाते हैं, चाहे वह अमेरिका हो या इंग्लैंड या फ्रांस या मिस्त्र - आपको 'मोदी, मोदी' के नारे सुनाई देते हैं। हाल ही में अमेरिका गये, किसी राष्ट्राध्यक्ष ने उनसे मिलने का समय मांगा, किसी ने ऑटोग्राफ, तो किसी ने पैर छूकर आशीर्वाद लिया। दुनिया भर में पीएम मोदी के लिए यह सम्मान सिर्फ उनका या भाजपा का नहीं बल्कि करोड़ों भारतीयों का है। **अब आप जवाब दीजिये नीतीश बाबू :** अमित शाह ने लखीसराय रैली में नीतीश कुमार से कई सवाल पूछे और उन्हें हिसाब भी दिया। साथ ही उन्होंने जनता से इस बार भी नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि 2014 में आपने जिताया, 19 में जिताया अब 2024 में बिहार की सभी लोकसभा सीट भाजपा के झोले में डालिये। वहीं उन्होंने ने पीएम मोदी के नौ साल के सवाल पर नीतीश कुमार को भी आड़े हाथो लिया। उन्होंने कहा कि एक पलटू बाबू नीतीश कुमार ने पूछा कि नौ साल में मोदी ने क्या किया है। अरे नीतीश बाबू जरा तो लिहाज करें, याद कीजिए किसकी वजह से मुख्यमंत्री बने हैं। नीतीश बाबू आज मैं पूरा हिसाब देने आया हूं। मोदी जी के 9 साल गरीब कल्याण, भारत गौरव, भारत की सुरक्षा के 9 साल हैं। **20 साल से लॉन्च हो रहे राहुल बाबा :** अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी को 20 साल से लॉन्च करने की कोशिश कर रही है। हालांकि बार-बार वह असफल हो जा रही है। राहुल गांधी पर तंज कसते हुए अमित शाह ने कहा कि उनकी पार्टी बार-बार उन्हें लॉन्च करने की कोशिश कर रही है, लेकिन राहुल बाबा लॉन्च ही नहीं होते। वहीं हमलोग जिस पार्टी से आते हैं, वहां पार्टी नहीं देश की जनता लॉन्च करती है। अमित शाह नेपूछा कि देश को 20 बार फेल होने वाले राहुल बाबा चाहिए या नरेंद्र मोदी। अमित शाह ने मंच से नारा लगवाया कि प्रधानमंत्री कौन बनेगा। अमित शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनेगी।

### शहरी क्षेत्रों में एक...

**2022 में महंगी हुई थी ग्रामीण इलाकों की जमीन :** साल 2022 में ग्रामीण क्षेत्रों की जमीन व मकान की कीमत बढ़ी थी। इस बार शहरी क्षेत्र की जमीन व मकान की कीमत बढ़ेगी। बताया जा रहा है कि जमीन और मकान की कीमत बढ़ने का असर अगस्त महीने के रेवन्यू पर देखने को मिलता है। एक से 10 अगस्त तक राज्य के निबंधन कार्यालयों में सन्नाटे का महौल रहता है। धीरे-धीरे लोग यूज टू होते हैं और फिर दस्तावेजों के निबंधन में तेजी आ जाती है। **30 लाख के फ्लैट पर 21 हजार अधिक लगेगा शुल्क :** फ्लैट की कीमत 10 प्रतिशत बढ़ायी गयी है। अगर किसी फ्लैट की वर्तमान कीमत 30 लाख है। इसमें तीन प्रतिशत रजिस्ट्रेशन शुल्क कुल सात प्रतिशत देय होता था। 21 हजार सरकारी शुल्क लगता था। एक अगस्त से उसी फ्लैट की सरकारी मूल्य 33 लाख हो जायेगी। इसका रजिस्ट्री शुल्क 23,100 रुपये लगेगा। **प्रोपर्टी की रजिस्ट्री के लिए भीड़, सर्वर हो गया फेल :** एक अगस्त से जमीन व मकान की कीमत बढ़ेगी। इसे लेकर लोग एक अगस्त से पहले प्रोपर्टी की रजिस्ट्री कराने को लेकर आपाधापी कर रहे हैं। रजिस्ट्री कार्यालय पहुंच रहे हैं, लेकिन सर्वर फेल रहने के कारण उन्हें बैरंग लौटना पड़ रहा है। पूर्वाह्न 11 से लेकर अपराह्न तीन बजे तक सर्वर डाउन रहता है। अपराह्न तीन बजे के बाद सर्वर चालू होता है, लेकिन गति काफी धीमी रहती है। एक तो मैन पावर की कमी, ऊपर से सर्वर की दिक्कत। इस वजह से डीड राइटर से लेकर क्रेता-विक्रेता दोनों परेशान हैं।

स्पीड न्यूज

## पाक में मदरसा शिक्षक को मौत की सजा

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मदरसा शिक्षक को दो नाबालिग भाइयों के यौन उत्पीड़न और उनकी हत्या करने पर मौत की सजा दी गई है, जबकि उसके साथी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। तनवीर अहमद और उसके साथी नौमान ने लाहौर से लगभग 130 किलोमीटर दूर ओकारा शहर में फरवरी 2021 में छह वर्षीय एक लड़के और उसके 10 वर्षीय भाई का यौन उत्पीड़न किया था। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सैयदा शहजादी नजफ ने मंगलवार को अहमद को उसके द्वारा किए गए अपराधों के लिए मौत की सजा सुनाई, जबकि नौमान को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

## मंत्री टीएस सिंह देव होंगे छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव को राज्य का उप मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय लिया है। कांग्रेस महासचिव-संगठन केसी वेणुगोपाल ने बुधवार देर रात यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने श्री सिंह देव को उप मुख्यमंत्री बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।

## दंपति ने पुलिसकर्मी से की 6.7 लाख की ठगी

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के एक दंपति ने कथित तौर पर खुद को सीमा शुल्क अधिकारी बताकर, कम कीमत पर कार दिलाने के बहाने एक पुलिसकर्मी से 6.7 लाख रुपये की ठगी की। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मुंबई में त्वरित कार्रवाई बल में तैनात पुलिसकर्मी की शिकायत के आधार पर नयानगर पुलिस ने बुधवार को दंपति और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज किया।

## मीणा होंगे तमिलनाडु के नये मुख्य सचिव

**चेन्नई।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी शिवदास मीना को तमिलनाडु का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। वह वी. इराई अंबु की जगह लेंगे। सरकार ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मीना इससे पहले सरकारी निगम प्रशासन और जलापूर्ति विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव थे। वह इराई अंबु की जगह लेंगे। सरकार द्वारा आज जारी आदेश के अनुसार, अंबु 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

## घाटी में हजारों लोगों ने नमाज अदा की

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में गुरुवार को ईद-उल-अजहा का त्योहार मनाया गया और लोग ईद की नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में मस्जिदों में जमा हुए। यहां अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ईद की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई और किसी घटना की कोई सूचना नहीं मिली।

## भूस्खलन से चमोली में बदरीनाथ एनएच बंद

गोपेश्वर ।भारी बारिश के कारण पहाड़ी से अचानक भूस्खलन होने से चमोली जिले के छिनका में ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध हो गया ।सुबह चमोली जिले में कई स्थानों में तेज बारिश हुई जिसके कारण अनेक जगहों पर भूस्खलन हुआ । छिनका में भी पहाड़ी का मलबा सड़क पर आ गया जिससे वाहनों का आवागमन ठप हो गया ।

## आजाद पर हमले में इस्तेमाल वाहन मिला

**सहारनपुर।** भीम आर्मी के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद पर बुधवार शाम देवबंद में हुए जानलेवा हमले में इस्तेमाल की गई कार को पुलिस ने मिरगपुर से बरामद किया है। पुलिस ने कहा कि हमले में आजाद को सहारनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत में सुधार आ रहा है। कार का रजिस्ट्रेशन नंबर एचआर 70 डी 0278 है।

# अब नेपाल में समलैंगिक जोड़े शादी का पंजीकरण करा सकेंगे

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने एक अंतरिम आदेश जारी कर समलैंगिक जोड़ों को अपनी शादी का पंजीकरण कराने की अनुमति दे दी है। इसके बाद नेपाल में समलैंगिक जोड़े अपनी शादी का पंजीकरण करा सकेंगे।सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश तिल प्रसाद श्रेष्ठ की पीठ ने बुधवार को अंतरिम आदेश जारी करने के बाद समलैंगिक जोड़ों के लिए अपनी शादी का पंजीकरण कराने का दरवाजा खोल दिया। नेपाल में तीसरे लिंग और समलैंगिकों के पक्ष में सक्रिय गैर-सरकारी संगठन नील हीरा समाज की अध्यक्ष पिंकी गुरुंग ने सुप्रीम कोर्ट में सरकार के खिलाफ रिट दायर करके समलैंगिक जोड़े की शादी को मान्यता देने की मांग की थी। कोर्ट ने आदेश जारी कर शादी को पंजीकृत करने को कहा, क्योंकि नेपाल के संविधान में लिंग पहचान के साथ नेपाली नागरिकता प्रमाणपत्र प्राप्त करने का प्रावधान है। पूर्व उपप्रधानमंत्री कमल थापा ने समलैंगिक जोड़ों के विवाह को पंजीकृत करने का आदेश जारी करने पर नाराजगी व्यक्त की है।

# द्वितीय विश्व युद्ध के अंतिम जीवित सैनिक सम्मानित

एजेंसी

**लंदन।** द्वितीय विश्व युद्ध के अंतिम जीवित सिख सैनिक राजिंदर सिंह धत्त को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने पॉइंट्स ऑफ लाइट पुरस्कार से सम्मानित किया। भारतीय मूल के 101 वर्षीय राजिंदर सिंह धत्त को ब्रिटिश प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास 10, डाउनिंग स्ट्रीट में आयोजित यूके-इंडिया सप्ताह के दौरान सम्मानित किया गया।

ब्रिटेन में अनडिवाइडेड इंडियन एक्स सर्विसमेन एसोसिएशन के प्रयासों से राजिंदर सिंह धत्त के योगदान को पहचान मिली है। यह एसोसिएशन भारतीय ब्रिटिश पूर्व सैनिकों को एक साथ लाने और उनके कल्याण के लिए काम करती है।

▶▶ भारतीय मूल के धत्त को ब्रिटेन के पीएम ने दिया पॉइंट्स ऑफ लाइट पुरस्कार

राजिंदर सिंह धत्त का जन्म अविभाजित भारत में वर्ष 1921 में हुआ था। धत्त ब्रिटेन की तरफ से द्वितीय विश्व युद्ध में लड़े और बाद में वर्ष 1963 में परिवार समेत ब्रिटेन में बस गए। पॉइंट्स ऑफ लाइट सम्मान से सम्मानित होने पर राजिंदर सिंह धत्त ने कहा कि प्रधानमंत्री के हाथों अवार्ड मिलना सम्मान की बात है। धत्त ने अनडिवाइडेड इंडियन एक्स सर्विसमेन एसोसिएशन को भी धन्यवाद दिया। ह्यपॉइंट्स ऑफ लाइट अवार्ड उन लोगों को दिया जाता है, जो अपने कामों से समाज में बदलाव लाते हैं और जिनकी कहानी दूसरे लोगों को प्रेरित करती है। दस डाउनिंग स्ट्रीट में इन दिनों यूके-इंडिया सप्ताह मनाया जा रहा है। इंडिया ग्लोबल फोरम द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए इसका आयोजन कर रहा है।



# 15 अगस्त तक सभी पंचायतों में शुरू होगा यूपीआइ से पेमेंट

एजेंसी

▶▶ मुख्यमंत्रियों, सांसदों और विधायकों व गणमान्य व्यक्तियों से घोषणा और उद्घाटन करायें : केंद्र

▶▶ 15 जुलाई तक सेवा प्रदाता को चुनना होगा और 30 तक वेंडर के नाम बताने होंगे

**नयी दिल्ली।** देशभर में सभी पंचायतें विकास कार्यों और राजस्व संग्रह के लिए इस स्वतंत्रता दिवस से अनिवार्य रूप से डिजिटल भुगतान सेवा का उपयोग करेंगी और यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) उपयोग करने वाले घोषित कर दिए जाएंगे। पचायती राज मंत्रालय ने एक पत्र जारी कर यह जानकारी दी। मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे पत्र में कहा कि राज्यों को मुख्यमंत्रियों, सांसदों और विधायकों जैसे प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में यूपीआई उपयोग करने वाली पंचायतों की घोषणा और उद्घाटन करना चाहिए। पंचायती राज मंत्रालय के सचिव सुनील कुमार ने बताया कि लगभग 98 प्रतिशत पंचायतें पहले से ही यूपीआई-आधारित भुगतान करना शुरू कर चुकी हैं। कुमार ने कहा कि सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएमएफएस) के माध्यम से लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। अब पंचायतों को भुगतान डिजिटल तरीके से किया जाएगा। चेक और नकदी से भुगतान लगभग बंद हो गया है उन्होंने कहा कि अब यह लगभग हर जगह पहुंच चुका है। हम पहले ही लगभग 98 प्रतिशत पंचायतों को कवर कर चुके हैं।

मंत्रालय के दिशानिर्देशो के अनुसार, पंचायतों को 15 जुलाई तक उपयुक्त सेवा प्रदाता को चुनना होगा और 30 जुलाई तक वेंडर के नाम बताने होंगे।

पंचायतों को एकल वेंडर को चुनने के लिए कहा गया है जो पूरे क्षेत्र को कवर करता है। वास्तविक समय में लेनदेन की निगरानी के लिए एक केंद्रीकृत डैशबोर्ड बनाने की भी सिफारिश की गई है। अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण शिविर जिला एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। पंचायती राज राज्यमंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल ने कहा कि डिजिटल लेनदेन चालू करने से भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अब ज्यादातर पंचायतें डिजिटल लेनदेन कर रही हैं। इससे भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, सिर्फ जनवरी, 2023 में ही 12.98 लाख करोड़ रुपये के 806.3 करोड़ लेन-देन ह्यभीमह्ल के माध्यम से किए गए। इसमें से लगभग 50 प्रतिशत लेन-देन ग्रामीण एवं आसपास के क्षेत्रों में हुए।




### सेवा प्रदाताओं व वेंडर के साथ आज करें बैठक

पंचायतों को भी सेवा प्रदाताओं और वेंडर के साथ 30 जून को बैठक करने के लिए कहा गया है। गूगल पे, फोनपे, पेटीएम, भीम, मोबिक्विक, व्हाट्सएप पे, एमेजन पे और भारत पे जैसे यूपीआई मंचों के अधिकारियों और कर्मचारियों के विवरण वाली सूची मंत्रालय ने साझा की है।

## बलात्कार का आरोप लगाने वाली महिला पर ट्रंप ने किया मुकदमा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन पर बलात्कार का आरोप लगाने वाली स्तंभकार पर जवाबी मुकदमा दायर कर दिया है। ट्रंप ने अपने मुकदमे में दावा किया कि शिकायकर्ता पर उनके पैसे बकाया है वह उन्हें बदनाम करने के लिए उनपर झूठा बलात्कार का आरोप लगाया है। अमेरिका में मैनहटन फैडरल ज्यूरी ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को वर्ष 1996 में स्तंभकार ई. जीन कैरल का यौन उत्पीड़न और उनकी मानहानि करने का दोषी पाया था। अदालत ने ट्रंप पर 50 लाख डॉलर का जुमार्ना लगाया था। हालांकि, अदालत ने कहा था कि कैरल यह साबित करने में विफल रहीं कि ट्रंप ने उनके साथ बलात्कार किया था। कैरल ने आरोप लगाया था कि पूर्व राष्ट्रपति ने मैनहटन के एक डिपार्टमेंटल स्टोर में उनसे दुष्कर्म किया था। ट्रंप का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील अलीना हब्बा और माइकल टी. मदाइओ ने मंगलवार देर रात मुकदमा दाखिल कर कहा कि कैरोल को ट्रंप को दंडात्मक क्षतिपूर्ति का भुगतान करना चाहिए और अपने मानहानिकारक बयानों को वापस लेना चाहिए। गौरतलब है कि ट्रंप ने अलग-अलग महिलाओं द्वारा खुद पर लगाए गए यौन उत्पीड़न और यौन दुर्व्यवहार के आरोपों को लगातार खारिज किया है।

# फ्रांस में पुलिस की गोली से बच्चे की मौत, भड़की हिंसा

### 24 सुरक्षाकर्मी घायल, 150 से अधिक गिरफ्तार



एजेंसी

**पेरिस।** फ्रांस में एक पुलिस कर्मी की गोली से किशोर की मौत के बाद भीषण हिंसा भड़क गयी है। देश भर के अलग-अलग हिस्सों में आगजनी और पथराव हो रहा है। गुस्साए लोग भीड़ की शक्ल में एकत्र होकर पुलिस और सुरक्षाबलों पर हमले कर रहे हैं। कई वाहन फूंके जा चुके हैं। हिंसा में 24 सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं और 150 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। फ्रांस की राजधानी पेरिस के उपनगर नानतेरे में ट्रैफिक नियम तोड़ने पर पुलिसकर्मी ने एक किशोर को गोली मार दी थी, जिससे उसकी मौत हो गई। किशोर को पॉइंट ब्लैंक रेंज से छाती में गोली मारी गई। इस पर पुलिस का कहना था कि किशोर ने पुलिसकर्मियों पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की, जिस पर पुलिस ने गोली चलाई। हालांकि घटना का वीडियो सामने आने के बाद साफ हो गया कि पुलिस झूठ बोल रही है। इससे लोगों का गुस्सा भड़क गया। गुस्साए लोगों ने न सिर्फ पेरिस, बल्कि पूरे फ्रांस में आक्रोश प्रकट करना शुरू कर दिया। जगह-जगह पथराव व आगजनी शुरू कर दी गई। कई वाहनों में आग लगा दी गई। नानतेरे शहर में प्रदर्शनकारियों ने धमाके किये, जिससे जगह-जगह आग लग गई। यह हिंसा देश के अलग-अलग हिस्सों में फैल गई है। बसों में आग लगा दी गई है। फ्रांस के दक्षिणी शहर तोलाउस में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच पथराव हुआ। इस कारम सुरक्षार्मियों पर भी हमले हो रहे हैं और 24 सुरक्षाकर्मी घायल हो चुके हैं। पुलिस ने देश भर में 150 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है।

### राष्ट्रपति ने बताया अस्वीकार्य व अक्षम्य

इस घटनाक्रम के बाद फ्रांस के सुरक्षा बलों के खिलाफ गुस्सा फूट रहा है। पुलिसकर्मी द्वारा किशोर की गोली मारकर हत्या करने की निंदा हो रही है। कई सेलिब्रिटी ने घटना पर दुख जताया है। सरकार ने भी अपने बयान में सुरक्षाबलों की ही आलोचना की है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां ने कहा कि किशोर की हत्या अस्वीकार्य और अक्षम्य है। इस हत्याकांड को किसी भी तरह से न्यायोचित करार नहीं दिया जा सकता।

# प्रधानमंत्री ने सोमवार को बुलायी कैबिनेट की बैठक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन जुलाई को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एक दिन पहले ही प्रधानमंत्री मोदी ने गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा समेत पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ यहां बैठक की थी। जिसके बाद मंत्रिपरिषद में संभावित फेरबदल की अटकलें शुरू हो गईं। तीन जुलाई की बैठक प्रगति मैदान में नवनिर्मित कन्वेंशन सेंटर में होने की संभावना है। इस सेंटर में सितंबर में जी20 शिखर बैठक का आयोजन किया जायेगा। बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक में नड्डा की मौजूदगी से सरकार एवं भाजपा संगठन में बदलाव की अटकलें शुरू हुईं। इसमें पार्टी साल के अंत में होने वाले अहम विधानसभा चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी संगठन में बदलाव की संभावना को लेकर भी कयास लगाये जा रहे हैं।



▶▶ मंत्रिपरिषद और संगठन में फेरबदल की अटकलें

▶▶ इस साल के अंत में राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, तेलंगाना, मिजोरम में होगा चुनाव

पिछले कुछ दिनों में अमित शाह, नड्डा और भाजपा महासचिव (संगठन) बी एल संतोष ने संगठन और राजनीतिक मुद्दों पर कई दौर की चर्चा की है। इस वर्ष के अंत में राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, तेलंगाना, मिजोरम में चुनाव होने हैं। मंत्रिपरिषद की बैठक संसद के मानसून सत्र से कुछ दिनों पहले हो रही है।

## 'मोहब्बत की दुकान' की कोई जरूरत नहीं: राजनाथ

**यमुनानगर (हरियाणा)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नफरत के बाजार संबंधी टिप्पणी के लिए उनकी आलोचना की और कहा कि उनकी तथाकथित मोहब्बत की दुकान की कोई जरूरत नहीं है। केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के मौके पर रक्षा मंत्री ने गौरवशाली भारत रैली को संबोधित करते हुए कहा की प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की प्रतिष्ठा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अनेक योजनाएं जिनकी पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी,उन्हें प्रधानमंत्री ने पेश किया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि लेकिन हमारे कांग्रेस के लोगों के साथ क्या हो रहा है? उनके एक नेता और वे नेताजी-जहां भी वह जाते हैं वह कहते हैं नफरत का बाजार है और वह वहां ह्यमोहब्बत की दुकान खोलने आए हैं। सिंह ने हालांकि गांधी का नाम नहीं लिया लेकिन वह विपक्षी नेता के बयान को लेकर उन पर कटाक्ष कर रहे थे। सिंह ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि क्या हरियाणा में कोई नफरत का बाजार है? उन्होंने यह भी कहा कांग्रेस नेता की मोहब्बत की दुकान के लिए कोई गुंजाइश नहीं है।

# मणिपुर: गोलीबारी में एक की मौत और कई घायल

▶▶ सुरक्षा बलों ने शुरू किया तलाशी अभियान

इंफाल। मणिपुर के कांगपोकपी जिले के हराओथेल गांव में गुरुवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने अचानक अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इस गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कुछ अन्य घायल हो गए, जिससे क्षेत्र में तनाव पैदा हो गया। स्थानीय सेना इकाई ने ट्वीट में कहा है कि अपुष्ट रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि घटना में कुछ लोग हताहत हुए हैं, आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि क्षेत्र से एक शव बरामद किया गया है और कुछ अन्य लोग घायल हुए है। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी कार्रवाई किये जाने के बाद गोलीबारी रुक गई। यह क्षेत्र राजधानी इम्फाल से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित है। सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि हरावथेल गांव में बंदूकधारियों ने गस्ती दल को देखते ही गोलीबारी शुरू कर दी। असम राइफल्स के जवानों ने जवाबी कार्रवाई की और गोलीबारी बंद हो गई। सुरक्षा बलों के एक सूत्र ने बताया कि अभियान जारी है।



### खराब मौसम के चलते इंफाल में रात बिताएंगे राहुल गांधी

मणिपुर में दो दिन के प्रवास पर पहुंचे कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी मोइरांग नहीं, बल्कि इंफाल में रात बिताएंगे। खराब मौसम के चलते कांग्रेस नेतृत्व ने यह फैसला लिया है। राहुल गुरुवार की सुबह इंफाल हवाई अड्डे पर उतरे। एयरपोर्ट से चुराचांदपुर जाने के दौरान उनके काफिले को बिष्णुपुर थाने के सामने भीड़ ने रोक लिया। इसके बाद वह हेलीकॉप्टर से चुराचांदपुर पहुंचे। कड़ी सुरक्षा में उन्होंने शिविरों में हिंसा से विस्थापित शरणार्थियों से बात की।

# कियारा-सिद्धार्थ की फिल्म सत्यप्रेम की कथा रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी और एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म सत्यप्रेम की कथा गुरुवार को रिलीज हो गई है। इसी बीच सिद्धार्थ और कियारा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कियारा सिद्धार्थ का हाथ पकड़कर उन्हें सिनेमा हॉल तक ले जाती नजर आईं। सबके सामने कियारा को सिद्धार्थ का हाथ थामे देख नेटिजन्स उनके प्यार की जमकर तारीफ कर रहे हैं।कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा बॉलीवुड के सबसे स्वीट कपल के तौर पर जाने जाते हैं। दोनों 7 फरवरी, 2023 को शादी के बंधन में बंधे। फिल्म शेरशाह के बाद से ऐसी अफवाहें थीं कि ये दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। शादी के बाद कियारा फिल्म सत्यप्रेम की कथा के जरिए दर्शकों के सामने आई हैं। इस फिल्म में कियारा ने एक्टर कार्तिक आर्यन के साथ स्क्रीन शेयर की है सेलिब्रिटी फोटोग्राफर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। ये वीडियो सत्यप्रेम की कथा की स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान का है। इस स्पेशल स्क्रीनिंग में कियारा आडवाणी अपने पति सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ पहुंचीं। इस दौरान कियारा सिद्धार्थ का हाथ पकड़कर उन्हें सिनेमा हॉल तक ले जाती नजर आईं। सबके सामने कियारा को सिद्धार्थ का हाथ थामे देख नेटिजन्स उनके प्यार की जमकर तारीफ कर रहे हैं। इस वीडियो पर कई लोगों ने कमेंट भी किए हैं। एक यूजर ने कमेंट कर पूछा, खुश खबर कब दोगे? एक अन्य यूजर ने लिखा, ये दोनों बहुत प्यारे लग रहे हैं।



## भोजपुरी फिल्म दुल्हिन नं. 1 की शूटिंग पूरी

भोजपुरी फिल्म दुल्हिन नं. 1 की शूटिंग पूरी हो गई है। इसी बीच फिल्म के सेट के कुछ फोटो वायरल हो गए हैं। इन वायरल फोटो में फिल्म की लीड अभिनेत्री आकांक्षा अवस्थी नजर आ रही हैं। यह इस फिल्म का एक महत्वपूर्ण सीक्वेंस है। फिल्म युवाओं पर बेस्ड है और अब इसके पोस्ट प्रोडक्शन का काम तेजी से चल रहा है। इसके बाद फिल्म का पोस्टर और ट्रेलर जल्द ही जारी किया जाएगा। फिल्म भी इसी साल रिलीज होनी है। इस फिल्म के निर्माता विवेक कुमार और निर्देशक कन्हैया विश्वकर्मा हैं।




